E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 11 | अंक : 203 | गुवाहाटी | रविवार, 23 फरवरी, 2025 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526



**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact
**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

**SITUATION VACANT**

Hiring Civil Engineer, Marketing Executive 10 nos for Guwahati & Hojai District.
Contact : 80112-41415, 99578-96885
assureconsultancy0707@gmail.com

**AC HOMESTAY NEAR GMCH**

Newly open AC Homestay near GMCH suitable for family and long stays is available at **Rs.999.**
**Contact A-Stay 8135000283**

**NAME CHANGE**

I, Bhubani Sonowal, widow of No. 4341559K Hav (Late) Bapu Ram Sonowal a resident of Janata Road Muliabari of Tinsukia Distt have changed my name from BHUBANI SONOWAL to BHABANI SONOWAL vide Affidavit dated 13/11/2024 before Notary, Margherita Sub-Dvn, Govt of Assam.


# चुनाव के लिए तीन प्रकार का सर्वे कराएगी भाजपा : दिलीप सैकिया



**गुवाहाटी ( हिंस )।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में उनकी पार्टी तीन प्रकार का सर्वे कराएगी। इसके तहत वर्तमान विधायकों के परफॉर्मेंस का सर्वे किया जाएगा। वहीं, विधानसभा क्षेत्रों के स्तर पर क्या समस्याएं हैं, इनका सर्वे किया जाएगा। इनके अलावा स्थानीय स्तर पर क्या मुद्दे हैं तथा स्थानीय राजनीतिक स्थिति कैसी है, इसका सर्वे किया जाएगा। दिलीप सैकिया शनिवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय अटल बिहारी वाजपेयी भवन में राष्ट्रीय मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक मार्च को राष्ट्रीय सांगठनिक महासचिव बीएल संतोष की मौजूदगी में होनेवाली कार्यकारिणी की बैठक के बाद प्रदेश भाजपा की नई कमेटी घोषित कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बार की तीन सदस्यीय बूथ कमेटी में पालक कार्यकर्ता शामिल किए जाएंगे। यानी बुथ स्तर के सबसे कद्दावर भाजपा नेता को उस कमेटी में पालक कार्यकर्ता प्रतिनिधि के रूप में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा की पार्टी हर बूथ पर अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रही है, क्योंकि बूथ जीतने से ही चुनाव जीता जा सकता है। एक प्रश्न के उत्तर में भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के लिए माइनॉरिटी शब्द का कोई मतलब नहीं है। भाजपा असम के समग्र विकास की बात सोचती है। राज्य की सभी 126 सीटें पार्टी के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव भी भाजपा एनडीए के बैनर तले लड़ेगी। इस दौरान उन्होंने जनसंघ का 1977 में जनता पार्टी में विलय होने तथा 1980 में भारतीय जनता पार्टी के गठन से लेकर आज तक भाजपा की पूर्वोत्तर के प्रति प्रतिबद्धता की चर्चा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार भाजपा ने असम में विदेशी की समस्या को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया। असम आंदोलन को किस प्रकार भाजपा द्वारा समर्थन दिया गया। केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में 13 दिनों, 13 महीने और साढ़े चार वर्ष के लिए बनी सरकारों के दौरान किस प्रकार केंद्रीय बजट में पूर्वोत्तर के लिए 10 फीसदी आवंटन, डोनर मंत्रालय का गठन, ट्राईबल अफेयर्स डिपार्टमेंट का गठन आदि किया गया। असम समझौता पर किस प्रकार केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार कार्य कर रही है इसकी भी उन्होंने इस दौरान जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सन् 2013-14 में रेलवे का बजट दो हजार करोड़ रुपए हुआ करता था। आज यह बजट10, 646 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। रेल, रोड और साइबर कनेक्टिविटी के क्षेत्र में भाजपा की सरकार ने क्या काम किए हैं, यह सर्वविदित है। आज यह सरकार 45, 000 करोड़ रुपए स्टेट शेयर के रूप में असम को दे रही है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने लुक ईस्ट पॉलिसी को एक्ट ईस्ट में बदला फिर उसे एक्ट फर्स्ट और फिर से उसे एक्ट फास्ट पॉलिसी में बदलकर पूर्वोत्तर के तेज और सतत् विकास का मार्ग प्रशस्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्वोत्तर को अष्टलक्ष्मी का दर्जा देते हुए इसे देश के विकास का इंजन बनाने के लिए हर संभव कार्य करते रहे हैं। इस दौरान उन्होंने बिहू का विश्व रिकॉर्ड बनाने के बाद चाय जनजाति के झूमर नृत्य को विश्व रिकार्ड बनाने की हो रही तैयारियों की जानकारी दी। वहीं, उन्होंने कहा कि एडवांटेज असम 2.0 के तहत अंबानी, अडाणी से लेकर छोटे उद्योगपतियों तक द्वारा- दो लाख करोड़ रुपए असम में निवेश करने की संभावना है। उन्होंने कहा कि 50 देशों के राजदूतों को लेकर कल केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर जोरहाट हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। वहां से राजदूत काजीरंगा में आकर रात्रि विश्राम करेंगे। काजीरंगा में हाथी और जीप सफारी करने के बाद वहां से सभी राजदूत गुवाहाटी आएंगे, जहां झूमर नृत्य का आनंद लेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को यहां पहुंचेंगे। वह यहां लगाए जाने वाले 226 स्टालों का 45 मिनट तक निरीक्षण करेंगे। इस दौरान विभिन्न सेशन आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया के साथ असम सरकार के मंत्री जयंत मल्लबरुवा, पार्टी के मुख्य प्रवक्ता मनोज बरुवा, वरिष्ठ नेता पुलक गोहाईं, मीडिया संयोजक देवान ध्रुव ज्योति मरल आदि भी मौजूद रहे।


**GASTRO DOCTOR**
DR. SANTHOSH ANAND
from **APOLLO HOSPITALS**, Chennai
will be available in **GUWAHATI** on **08-03-2025**
Patients with problems like Laparoscopic Surgery, Liver & Pancreas problems, Piles, Gallbladder stones, Rectum Cancer treatment, Liver Cancer can contact:
Apollo Hospitals Information Centre
Opp. Guwahati Club, Bus Stop, G.N.B. road, GUWAHATI
0361-2661977 , 9435010146 , 9864064157

**APOLLO HOSPITALS CHENNAI**
Apollo HOSPITALS
**NEUROLOGIST**
**DR. SRIKANTH SRINIVASAN** MD, DMMast of Psychiatry (Melbourne)
Will be available only for consultation at **Guwahati**
**ON 2nd March'2025**
Patients suffering from fits, headache, paralysis, Epilepsy, chronic pains, slowness of movements, involuntary movement of body, face, neck , instability, giddiness, sleep disorders, poor memory, tiredness, back & neck pain, loss of consciousness, etc can register their names:
**APOLLO HOSPITALS REGIONAL OFFICE**
Rajgarh Main Road, Opp-By Lane
Ph :8404037649, 03613102669, 0361-3102166


## रंगिया पुलिस का गुप्त अभियान संदिग्ध हेरोइन बरामद



**रंगिया ( विभास )।** रंगिया पुलिस ने आज एक गुप्त सूचना के आधार पर रंगिया के उड़ियाना के 34 वर्षीय मोहम्मद तफिकुल अली के घर और परिसर में छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया। रंगिया थाना प्रभारी नवजीत नाथके नेतृत्व में चलाए गए इस तलाशी अभियान के दौरान आरोपी के घर से संदिग्ध हेरोइन से भरी 34 शीशियां जिनका वजन लगभग 5 ग्राम बरामद हुआ। इसके अलावा इस अभियान मे एक मोबाइल फोन और 18000 रुपए की नकदी जब्त की गई। तस्कर तफिकुल अली को जब्त की गई सामग्री के साथ एनडीपीएस अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू करने के लिए रंगिया थाने लाए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है।

## दो कुख्यात चोर गिरफ्तार 29 मोबाइल फोन बरामद

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पुलिस की विशेष नाइट पेट्रोलिंग टीम ने शनिवार तड़के गश्त के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जो पुलिस को देखते ही भागने की कोशिश कर रहे थे। पीछा करने के बाद पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। गिरफ्तार व्यक्तियों के पास से एक काले रंग के बैग में कई चोरी के मोबाइल फोन और सेंधमारी के औजार बरामद हुए। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि वे पेशेवर चोर हैं और हाल ही में लखटकिया इलाके में एक मोबाइल शॉप में सेंध लगाकर वहां से मोबाइल फोन और अन्य उपकरण चुराए थे। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान रबिन अली (22) तथा जाहिदुल इस्लाम (25 वर्ष) के रूप में हुई है। इस दौरान बरामद सेंधमारी के औजारों में एक पेंचकस, एक जोड़ी कैंची (केशी), एक जियो भारत कीपैड मोबाइल हैंडसेट शामिल हैं। जबकि, चोरी के सामानों में कुल 29 मोबाइल हैंडसेट (जिनमें तीन आईफोन, 24 एंड्रॉइड फोन और दो कीपैड मोबाइल फोन), 15 एयरपॉड्स और एक काले रंग का बैग शामिल हैं। पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है और यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपितों ने और किन स्थानों पर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है।

## राष्ट्र सेविका समिति की अखिल भारतीय बैठक गुवाहाटी में जारी

**गुवाहाटी ( हिंस )।** राष्ट्र सेविका समिति की द्विवार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारणी एवं प्रतिनिधि मंडल की बैठक तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत गुवाहाटी में आज दूसरे दिन आयोजित की गई। बैठक 21 से 23 फरवरी तक तय है। इस बैठक में राष्ट्र सेविका समिति प्रमुख कार्यवाहिका सीता गायत्री ने बताया कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी जन्मोत्सव निमित्त राष्ट्र सेविका समिति ने संपूर्ण भारत वर्ष में 2, 405 स्थानों पर 3, 850 कार्यक्रमों के माध्यम से 4 लाख 74 हजार 801 नागरिकों तक पहुंचकर लोकमाता के कार्यकर्तृत्व का परिचय कराने का प्रयास किया। इन कार्यक्रम में वृक्षारोपण, नदी स्वच्छता, मंदिर स्वच्छता अभियान, रुग्णालय, शाला, वस्तीग्रह से संपर्क और जिला स्तर पर छोटे-बड़े सार्वजनिक कार्यक्रमों का समावेश रहा। इस बैठक का आयोजन आईआईटी गुवाहाटी में किया गया है। इस बैठक में संपूर्ण भारत से अधिकारी प्रतिनिधि उपस्थित हैं। सीता गायत्री ने आगे कहा कि वंदे मातरम् की 150वीं जयंती निमित्त 3620 कार्यक्रम किए गए तथा संत मीराबाई की 550वीं जयंती और गुरु तेगबहादुर की 350वीं पुण्यतिथी निमित्त भी बड़े पैमाने पर जनजागृती के उद्देश से कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। इस बैठक में ग्रीष्मकालीन युवती प्रशिक्षण वर्ग तथा सामाजिक, सांस्कृतिक आदि विषयों के संदर्भ में विचार किया जाएगा तथा समिति कार्यवृद्धी की दृष्टि से योजना बनाए जाएने की भी जानकारी सीता गायत्री ने दी।

## रंगिया के आसू कार्यालय में फिर से चोरी

**रंगिया ( विभास )।** अखिल असम छात्र संघ (आसू) की रंगिया आंचलिक छात्र संघ के कार्यालय में फिर एकबार चोरी होने की खबर सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार चोर प्रात: अंधेरे में कार्यालय कार्यालय की शीत तापमान नियंत्रण मशीन सहित विभिन्न कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए। वहीं इसके बाद संस्था के पदाधिकारियों ने घटना के बारे में पुलिस को अवगत कराया है।

## सात करोड़ से अधिक मूल्य का मादक पदार्थ बरामद, एक गिरफ्तार

**कछार ( हिंस )।** कछार जिलांतर्गत जिरीघाट पुलिस थाना क्षेत्र के हाओकिप पुंजी में पुलिस ने आज भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। कछार पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार आज शाम गुप्त सूचना के आधार पर कछार पुलिस ने जिरीघाट पुलिस थानांतर्गत हाओकिप पुंजी में मादक पदार्थों के अवैध परिवहन के खिलाफ एक विशेष अभियान शुरू किया। ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीम ने एक व्यक्ति चुंगकम लेंथांग (44, तामेंगलोंग, मणिपुर) को गिरफ्तार किया। आरोपित के पास से एक प्लास्टिक की थैली में छिपाए गए 24 हजार संदिग्ध याबा टैबलेट बरामद किए गए। अवैध परिवहन में शामिल व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। सभी औपचारिकताओं के बाद स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में संदिग्ध मादक पदार्थ को जब्त कर लिया गया। काले बाजार में मादक पदार्थ की कीमत लगभग 7.20 करोड़ रुपए आंकी गई है। पुलिस ने इस संबंध में आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## नगरबेड़ा स्थित बालीचर में आपकू की कामरूप जिला समिति की कार्यकारिणी बैठक और भोज समारोह का आयोजन



**नगरबेड़ा ( विभास )।** असम प्रेस संवाददाता संघ (आपकू) की कार्यकारी बैठक और असम के पत्रकारों के एकता मंच, आपकू की कामरूप जिला समिति का भोज समारोह आज जिले के ऐतिहासिक नगरबेरा पहाड़पाड़ा के पास बालीचर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर दोपहर में संगठन की कामरूप जिला समिति के अध्यक्ष हसनुल अहमद की अध्यक्षता में आपकू की केंद्रीय समिति के कार्यकारी अध्यक्ष मौसम ज्योति बैश्य, कामरूप जिला अपकू के सचिव निरेन चंद्र माली की मैजुदगी में बैठक हुई। उन्होंने सरकार से पत्रकारों, विशेष रूप से सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पत्रकारों के विभिन्न मुद्दों का समाधान करने का भी आग्रह किया। सभा में नगरबेरा क्षेत्रीय मौजा विकास समिति के अध्यक्ष श्यामाचरण ठाकुरिया, सेवानिवृत्त शिक्षक आनंद दास, दीपेन मेधी, आलोपति माजरा बाजार प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अब्दुल वहाब, सलाहकार अबुल कलाम आजाद ने आपकू के आमंत्रित अतिथि के रूप में बैठक में भाग लिया और भाषण दिया । बैठक में आलोपतीचर पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी देबाशीष कश्यप, नगरबेरा पुलिस स्टेशन के पुलिस अधिकारी समरजीत दत्ता, प्रोफेसर अटवर रहमान, गोवालपारा जिले के सदस्य अपकू ज्योतिष नाथ, अब्दुर राशिद के साथ बैद्य मेधी, नूर मोहम्मद अली सहित अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर जिले के मिर्जा, बोको, सोनतली, कलातली, नगरबेड़ा, समरिया, बलिझार, तुपामारी आदि विभिन्न स्थानों से जिला अपकू के लगभग 30 सदस्यों के बीच संगठन के पहचान पत्र औपचारिक रूप से वितरित किए गए। बैठक के अंत में, पत्रकारों और आमंत्रित अतिथियों ने भोज में भाग लिया। उल्लेखनीय यह है कि नवोदित गायिका अफसाना यास्मीन ने इस कार्यक्रम संगीतानुष्ठान प्रदर्शन किया।

## राज्यपाल ने थिंक इंडिया नॉर्थ ईस्ट समिट 2025 का उद्घाटन किया



**गुवाहाटी।** असम के राज्यपाल श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने आज आईआईटी गुवाहाटी में *थिंक इंडिया नॉर्थ ईस्ट समिट 2025* का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बोलते हुए श्री आचार्य ने देश के भविष्य को आकार देने में पूर्वोत्तर भारत के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सम्मेलन के आयोजन के लिए थिंक इंडिया को धन्यवाद दिया और पूर्वोत्तर भारत पर इसके निरंतर ध्यान की प्रशंसा की, भारत के विकास में इस क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। देश के अमृत काल में विकास और नवाचार के केंद्र के रूप में इस क्षेत्र के उभरने के लिए पूर्वोत्तर की अनूठी विरासत, जैव विविधता और युवा ऊर्जा को प्रमुख चालकों के रूप में इंगित करते हुए, श्री आचार्य ने क्षेत्र के युवाओं से क्षेत्र के विकास पथ को तेज करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने यह भी उम्मीद जताई कि इस शिखर सम्मेलन में शिक्षा में नवाचार, विकास में स्थिरता और आर्थिक सशक्तिकरण में नई गति पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जो उनके अनुसार पूर्वोत्तर को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाएगा। श्री आचार्य ने आगे कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास, डिजिटल कनेक्टिविटी और आर्थिक समावेशिता के लिए सरकार की प्रतिबद्धता आकांक्षाओं को पूरा करने और क्षेत्र की क्षमता को बढ़ाने के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम कर रही है। उन्होंने पूर्वोत्तर की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत की भी सराहना की, जिसे लचित बोरफुकन, वीर चिलाराय आदि के पराक्रम और वीरता ने पर्याप्त रूप से आकार दिया है। उन्होंने दक्षिण पूर्व एशिया के प्रवेश द्वार के रूप में पूर्वोत्तर भारत के रणनीतिक महत्व को भी स्वीकार किया और कहा कि हालांकि भौगोलिक चुनौतियों ने एक बार शेष भारत के साथ इसके एकीकरण में बाधा डाली थी, लेकिन यह एक जीवंत शैक्षणिक, ऐतिहासिक सांस्कृतिक और व्यापार विरासत के साथ फल-फूल रहा है। *प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, पूर्वोत्तर ने उल्लेखनीय प्रगति देखी है,* श्री आचार्य ने क्षेत्र में बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास में हुए महत्वपूर्ण विकास का हवाला देते हुए कहा। राज्यपाल ने क्षेत्र के युवाओं की क्षमता में अपनी आशा व्यक्त करते हुए अपने भाषण का समापन किया, जो उनके अनुसार अगर बुद्धिमानी से उपयोग किया जाए तो उद्योग 4.0 में प्रगति को गति देने में एक बल-गुणक के रूप में कार्य करेगा। विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्वास्थ्य सेवाओं, टिकाऊ कृषि, जलवायु-लचीली फसल विकास और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में। उन्होंने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि युवाओं की अभिनव गतिविधियां पूर्वोत्तर की पूरी क्षमता को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी और वैश्विक महाशक्ति बनने की दिशा में भारत की यात्रा में योगदान देंगी।

## मारवाड़ी सम्मेलन, नगांव महिला शाखा *का इंट्रोडक्शन टु टिवन हाट* पर कार्यशाला संपन्न




**नगांव ( निसं )।** मारवाड़ी सम्मेलन नगांव महिला शाखा द्वारा गुरुवार को *इंट्रोडक्शन टु टिवन हाट* पर एक कार्यशाला अग्रसेन भवन में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम अध्यक्षा नितु पोद्दार द्वारा कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन के रूप में पश्चिम बंगाल योग विद्या प्राणिक हीलिंग फाउंडेशन कोलकाता से प्रशिक्षित गुवाहाटी के दीपक अग्रवाल को फुलाम गमछा से अभिनंदन किया गया। श्री अग्रवाल ने कहा कि हमारे शरीर में तनाव, नकारात्मक भावनाएं संचित होकर शरीर की ऊर्जा प्रणाली में अवरोध उत्पन्न करती है और अवरोध के लिए ऊर्जा प्रणाली का प्रभाव उचित प्रकार से ना होने के कारण हमारे शरीर में विभिन्न प्रकार के रोग स्थिति पैदा होती है। प्रानिक हीलिंग के अध्ययन से उन्होंने जाना है की इन अवरोधों को तथा रोग की आपसी संबंधों को समझने में सहायता होती है तथा रोगी को ठीक करने में सरल और आसान तरीका प्रदान करती हैं। शाखा सचिव विनिता खाटुवाला भी प्रानिक हीलिंग की प्रशिक्षण ले चुकी हैं। प्रानिक हीलिंग द्वारा उनके काफी मरिज के अनेक जटिल लक्षण जेसे मुत्र बार बार आना, ब्लैडर पीड़ी, जलनशील उदर रोग, सिरदर्द, अनिद्रा, ओर कब्ज शिकायत थी जो की 15 मिनट प्रानिक हीलिंग के उपचार के पश्चात 50 प्रतिशत स्वस्थ अनुभव करने लगे और एक महिने वाद मरिज शतप्रतिशत ठीक हो गए। अध्यक्षा नितु पोद्दार ने कार्यशाला को सफल बनाने के लिए सचिव विनिता खाटुवाला, कोषाध्यक्ष संगिता दसाणी, सदस्य मंजु शर्मा, लीना कनोई, दीपा केजरीवाल, नितु महेश्वरी, तृष्णा अग्रवाल तथा आए हुए सभी महिला एवं पुरुष को धन्यवाद दिया। साथ ही विशेष रूप से मौजूद शाखा के मंडल डीके सहायक मंत्री विकाश अग्रवाल को धन्यवाद दिया। इस आशय की जानकारी जनसंपर्क अधिकारी डिंपल शर्मा ने दी।

## जन कल्याण योजना के तहत एसएसबी ने पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया



**कोकराझाड़ ( विभास )।** छठी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) रानीगुली, कोकराझाड़ के डॉ. ए चाओबा सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में सीमा चौकी सरलापाड़ा के अंतर्गत भारत-भूटान सीमावर्ती कार्यक्षेत्र में जन कल्याण योजना के तहत पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सरलापाड़ा के पुतली बाजार में आयोजित किया गया, जिसमें सीमा चौकी सरलापाड़ा के अंतर्गत आने वाले गांवों के पशुधन को चिकित्सा उपचार एवं दवाइयों वितरण की गई। इस नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविर में कुल 124 मवेशियों की जांच/उपचार तथा दवाईयां वितरण कराई गई। इस कार्यक्रम में सीमावर्ती क्षेत्रों के ग्रामीणों ने सशस्त्र सीमा बल, के द्वारा आयोजित की गई पशु चिकित्सा शिविर के लिए सराहना की।

## सीबीएसई परीक्षा में मदद के नाम पर घोटाला, यूएसटीएम के कुलपति गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** सीबीएसई कक्षा 12वीं की परीक्षा में मदद के नाम पर धन लेने के आरोप में यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी मेघालय (यूएसटीएम) के स्वामी एवं कुलपति महबूबुल हक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उन्हें राजधानी के घोरामारा स्थित उनके आवास से बुधवार की देर रात गिरफ्तार में लिया। महबूबुल हक की संस्था पर आरोप है कि उसने श्रीभूमि जिला केंद्रीय विद्यालय में भौतिकी परीक्षा में बैठने वाले 214 परीक्षार्थियों को पास कराने के लिए धन लेकर सहायता का वादा किया था। जब छात्रों को परीक्षा केंद्र में कोई मदद नहीं मिली, तो वे भड़क गए और हंगामा करने लगे। इसके बाद मामला उजागर हुआ और शिकायत दर्ज की गई। श्रीभूमि थाने की पुलिस ने इस घोटाले की जांच करते हुए महबूबुल हक को गिरफ्तार कर लिया। आज सुबह हक को पुलिस टीम अपनी हिरासत में लेकर श्रीभूमि जिला लेकर रवाना हो गई।

शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित



राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 11 | अंक : 203 | गुवाहाटी | रविवार, 23 फरवरी, 2025 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

भारतीय सेना की टुकड़ी भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास धर्म गार्डियन... पेज 4
एक राष्ट्र - एक नाम : शुरू हुआ राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान पेज 5
बड़बोले निकेल डोनाल्ड ट्रंप-निर्वासन अभियान में बाइडेन से रह गए पीछे पेज 7
अगले चार साल में एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा उत्तर... पेज 8

*सीएम ने कैम्पा और बेवरेजेज बॉटलिंग प्लांट का उद्घाटन किया, कहा-*

# 1,300 युवाओं को मिलेगा रोजगार



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) के नए बॉटलिंग प्लांट के उद्घाटन पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि इससे राज्य के 1,300 युवाओं को रोजगार मिलेगा। गुवाहाटी में रिलायंस के नए कैम्पा और पेय पदार्थ बॉटलिंग प्लांट में उसके लोकप्रिय पेय पदार्थों का उत्पादन किया जाएगा, जिसमें कैम्पा कोला, कैम्पा ऑरेंज, कैम्पा लेमन और पावर अप आदि शामिल हैं। असम के सीएम शर्मा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि आरसीपीएल का संयंत्र राज्य के 1,300 युवाओं को रोजगार प्रदान करेगा। असम के सीएम ने पोस्ट में आगे लिखा कि कैम्पा कोला! यह नाम विशेषकर 80 और 90 के दशक के बच्चों के लिए सुनहरी यादें वापस लाता है। खैर @RIL_Updates इस पेय पदार्थ को वापस बाजार में लेकर आया है और अंदाजा लगाइए क्या हुआ? इसका निर्माण यहीं असम में किया जाएगा। प्लांट का उद्घाटन किया, जिससे असम के 1,300 युवाओं को रोजगार मिलेगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) शाखा ने असम के गुवाहाटी में एक नए बॉटलिंग प्लांट के उद्घाटन के साथ पूर्वोत्तर भारत में कैम्पा के पोर्टफोलियो की उपस्थिति को मजबूत किया है। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को आधिकारिक तौर पर इस सुविधा का उद्घाटन किया, जिसे स्थानीय साझेदार जेरिको के साथ साझेदारी में विकसित किया गया है। उन्होंने क्षेत्र के औद्योगिक और आर्थिक विकास में इसके योगदान पर प्रकाश डाला। 6 लाख वर्ग फीट से ज्यादा जगह में फैला यह प्लांट इस क्षेत्र की सबसे बड़ी पेय पदार्थ निर्माण इकाइयों में से एक है। इसमें कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स (सीएसडी) के -शेष पृष्ठ पांच पर

# मुख्यमंत्री ने यूएसटीएम विवाद के बीच शैक्षणिक धोखाधड़ी को खत्म करने का संकल्प लिया



**गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शैक्षणिक अखंडता बनाए रखने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर ध्यान केंद्रित करते हुए असम के शिक्षा क्षेत्र को धोखाधड़ी से मुक्त करने के लिए निर्णायक कार्रवाई का वादा किया है। हाल की चिंताओं पर विचार करते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने राज्य के शैक्षिक मानकों को कमजोर करने वाली खतरनाक गड़बड़ियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मेडिकल, इंजीनियरिंग और सीबीएसई परीक्षाओं से पहले कुछ छात्रों को रणनीतिक रूप से विशिष्ट परीक्षा केंद्रों पर स्थानांतरित किया जा रहा है, जिससे उन्हें अनुचित लाभ मिल रहा है। शर्मा ने कहा कि परीक्षा स्थलों में यह हेरफेर एक बड़ी धोखाधड़ी है, जो योग्यता-आधारित प्रणाली से समझौता करती है। मुख्यमंत्री ने कार्यरत पेशेवरों द्वारा अपेक्षित शैक्षणिक अवकाश लिए बिना पीएचडी डिग्री प्राप्त करने की प्रवृत्ति पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह हैरान करने वाली बात है कि कैसे कोई व्यक्ति पूर्णकालिक रोजगार के साथ-साथ डॉक्टरेट शोध की कठोर मांगों को पूरा कर सकता है। इस तरह की प्रथाएं अकादमिक शोध के सार को कमजोर करती हैं। मुख्यमंत्री शर्मा ने यह भी दोहराया कि उनका प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि शिक्षा एक व्यावसायिक उद्यम के बजाय एक महान क्षेत्र बनी रहे। उन्होंने कहा कि हम शिक्षा के व्यावसायीकरण को रोकने और हमारे शैक्षणिक संस्थानों की पवित्रता को बनाए रखने के लिए कड़े उपाय लागू करेंगे। इन मुद्दों में यूएसटीएम चांसलर महबूबुल हक की हाल ही में हुई हिरासत भी शामिल है। शुक्रवार रात को असम पुलिस और एसटीएफ द्वारा घोरामारा स्थित उनके घर से हिरासत में लिए जाने के बाद, हक को कथित सीबीएसई परीक्षा में गड़बड़ी की जांच के लिए शनिवार को श्रीभूमि ले जाया गया। श्रीभूमि के एसपी पीपी दास ने चांसलर के खिलाफ लगाए गए आरोपों का खुलासा नहीं किया। जांच जारी रहने के कारण, असम और मेघालय दोनों ही इन गंभीर आरोपों और यूएसटीएम के संचालन के भविष्य के संबंध में आगे की प्रगति की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

# पूर्व आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास बने पीएम के प्रधान सचिव-2



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का *प्रधान सचिव-2* नियुक्त किया गया है। केंद्र सरकार के एक परिपत्र में कहा गया है कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने शक्तिकांत दास, आईएएस (सेवानिवृत्त) को प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव -2 के रूप में उनके पदभार ग्रहण करने की तारीख से नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। इसमें कहा गया है कि उनकी नियुक्ति प्रधानमंत्री के कार्यकाल के साथ सह-समाप्ति या अगले आदेश तक रहेगी। छह साल तक आरबीआई के गवर्नर रहे -शेष पृष्ठ पांच पर

# गुवाहाटी में झूमर नृत्य का भव्य प्रदर्शन कल



**गुवाहाटी (हि.स.)।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को बताया कि आगामी 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गौरवमयी उपस्थिति में गुवाहाटी में सबसे बड़े झूमर नृत्य प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में चाय बागान समुदाय के नौ हजार से अधिक कलाकार भाग लेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम के चाय बागान और आदिवासी समाज का एक अविभाज्य अंग झूमर नामक लोकनृत्य है। 19वीं शताब्दी में चाय बागान उद्योग के उदय के समय, असम को अपना घर बनाने वाले परिश्रमी पुरुषों और महिलाओं ने कठिन श्रम के बाद आनंद और सामूहिक उत्सव के रूप में झूमर नृत्य की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि कभी श्रमिकों के मनोरंजन और कड़ी मेहनत से राहत के एक साधन के रूप में शुरू हुआ झूमर आज चाय बागान समुदाय की पहचान का प्रमुख कला रूप बन चुका है। इस नृत्य में पुरुष और महिलाएं सीतापति, हसुली, झुमका, चंद्रहार, पायरी -शेष पृष्ठ पांच पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*कार्य के मध्य में अति विलंब और आलस्य उचित नहीं है।*
**- आचार्य चाणक्य**

# ईडी ने बीबीसी इंडिया पर लगाया करोड़ों का जुर्माना, तीनों डायरेक्टर भी फंसे



**नई दिल्ली।** विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन मामले में ईडी ने बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया पर 3,44,48,850 रुपए की पेनाल्टी लगाई है। इसके साथ ही उस समय कंपनी के आपरेशंस को देख रहे तीनों निदेशकों पर अलग-अलग 1,14,82,950 रुपए की पेनाल्टी लगाई है। बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया पर डिजिटल मीडिया में 26 प्रतिशत विदेशी निवेश की सीमा का नियम लगाने के बाद भी सौ प्रतिशत विदेशी निवेश जारी रखने का आरोप है। ईडी की ओर से 21 फरवरी को जारी आदेश के अनुसार, बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया पर पेनाल्टी नहीं जमा करने की स्थिति में प्रतिदिन पांच हजार रुपए के जुर्माने का प्रविधान है। यह जुर्माने की राशि 15 अक्तूबर, 2021 से ली जाएगी। दरअसल, डिपार्टमेंट आफ प्रमोशन आफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड ने 18 सितंबर, 2019 को प्रेस नोट जारी कर डिजिटल मीडिया में विदेशी निवेश की सीमा 26 प्रतिशत निर्धारित किए जाने की जानकारी दी थी। इसी प्रेस -शेष पृष्ठ पांच पर

*राज्यपाल ने असम में उच्च शिक्षा 2025 पर आयोजित सम्मेलन में भाग लिया, कहा-*

# उच्च शिक्षा राष्ट्र की बौद्धिक और सामाजिक प्रगति की नींव का काम करती है



**गुवाहाटी।** असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने आज यहां असम प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज में असम में उच्च शिक्षा 2025 पर आयोजित सम्मेलन में भाग लिया, जिसमें शिक्षा मंत्री डॉ. रनोज पेगु भी शामिल हुए। राजभवन द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन में सार्वजनिक और निजी दोनों विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और स्वायत्त कॉलेजों के प्राचार्यों और प्रसिद्ध शिक्षाविदों ने भाग लिया। राज्यपाल आचार्य, जो राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भी हैं, ने राज्य में उच्च शिक्षा के भविष्य पर केंद्रित एक संदेश के साथ सभा को संबोधित किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के विकास की रीढ़ होती है और विशेष रूप से उच्च शिक्षा राष्ट्र की बौद्धिक, वैज्ञानिक और सामाजिक प्रगति की नींव का काम करती है। राज्यपाल आचार्य ने कहा कि समीक्षा बैठकें उपलब्धियों को ट्रैक करने, चुनौतियों का समाधान करने और सुधार लाने वाले सूचित निर्णय लेने का एक अमूल्य अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लगातार होने वाली बैठकें जवाबदेही को बढ़ावा देती हैं, पारदर्शिता -शेष पृष्ठ पांच पर

## न्यूज गैलरी

### मंदिर में भड़की आग, पुजारी की जिंदा जलकर मौत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के रोहिणी क्षेत्र में स्थित एक मंदिर में शनिवार को आग लग गई। इस हादसे में मंदिर के पुजारी झुलस गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पीड़ित की पहचान पंडित बनवारी लाल शर्मा (65) के रूप में हुई है। इसने बताया कि बनवारी लाल शर्मा -शेष पृष्ठ पांच पर

### दक्षिण सूडान में भीषण गर्मी से छात्राएं बेहोश स्कूल किए गए बंद

**सूडान।** दक्षिण सूडान में भीषण गर्मी के कारण छात्रों के बेहोश होने की घटनाओं के बाद सभी स्कूलों को दो सप्ताह के लिए बंद कर दिया गया है। देश को जलवायु परिवर्तन के कारण बरसात के मौसम में बाढ़ तथा अन्य जटिल परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। यह दूसरी बार है जब देश ने फरवरी और मार्च में गर्मी के कारण स्कूल बंद किए हैं। देश के उप शिक्षा मंत्री मार्टिन ताको मोई ने कहा कि जूबा शहर में -शेष पृष्ठ पांच पर

# दिल्ली में अकबर और बाबर रोड का नाम बदलने की मांग



**नई दिल्ली।** शनिवार को दिल्ली के अकबर रोड और बाबर रोड पर कुछ युवकों ने प्रदर्शन किया और साइन बोर्ड पर कालिख पोत दी। इन युवकों ने साइन बोर्ड पर छत्रपति शिवाजी का पोस्टर चिपकाया और लिखा कि *छत्रपति शिवाजी मार्ग*। प्रदर्शन का नेतृत्व दक्ष चौधरी ने किया, जो पहले भी विवादों में रहे हैं। दक्ष और उनके साथियों ने छत्रपति शिवाजी पर बनी फिल्म *छावा* देखने के बाद यह कदम उठाया और विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सिर्फ नाम बदलने की मांग नहीं की, बल्कि साइन बोर्ड पर पेशाब भी किया। इसके बाद उन्होंने उसे साफ किया और उस -शेष पृष्ठ पांच पर

# चैंपियंस ट्रॉफी : लाहौर में ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड मैच में बज गया भारत का राष्ट्रगान



**लाहौर।** मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच हाई-ऑक्टेन मुकाबले से पहले, गलती से ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रगान की जगह भारतीय राष्ट्रगान बजा दिया गया। इस पल ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों और प्रशंसकों को हैरान कर दिया। हालांकि, बाद में आयोजकों को अपनी गलती का एहसास हुआ और उसे ठीक किया गया। आयोजकों की गलती काफी अजीब थी, क्योंकि टीम इंडिया को पूरे टूर्नामेंट के दौरान पाकिस्तान में मैच नहीं खेलना है। यह जानना दिलचस्प है कि भारत ने दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव के कारण पाकिस्तान की यात्रा करने से इनकार कर दिया और चैंपियंस ट्रॉफी के अपने मैच दुबई में खेल रहे हैं। इस गलती की क्लिप तेजी से पूरे सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है, कई प्रशंसकों ने इस पर अपनी राय व्यक्त की है। दिलचस्प बात यह है कि भारतीय राष्ट्रगान को छोटा करने से पहले केवल कुछ सेकंड के लिए बजाया गया और अंततः ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रगान बजाया गया। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेल की बात करें तो यह दोनों पक्षों के लिए टूर्नामेंट का पहला गेम है और ग्रुप बी में दूसरा गेम है। चिर -शेष पृष्ठ पांच पर

*नेताओं के रुख से परेशान थरूर ने राहुल से पूछा सवाल, कहा-*

# पार्टी में मेरी भूमिका क्या है, मैं क्या करूं



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के भीतर संवाद को लेकर पहले भी सवाल खड़ा होता रहा है। इस बार पार्टी के वरिष्ठ नेता व सांसद शशि थरूर ने मोर्चा खोला है। जिन्होंने राहुल गांधी से मिलकर पार्टी के भीतर उन्हें अलग-थलग किए जाने को लेकर न सिर्फ नाखुशी जताई है, बल्कि उनसे पार्टी के भीतर अपनी भूमिका भी पूछा है। शशि थरूर की राहुल गांधी से यह मुलाकात 18 फरवरी को हुई थी। सुबह से चल रही खबरों के बीच भी थरूर ने एक पोस्ट किया जो रोचक है। उसमें उन्होंने कहा है कि जहां अज्ञान -शेष पृष्ठ पांच पर

# पाकिस्तान से लाई गई 400 हिंदू सिखों की अस्थियां गंगा में विसर्जित



**हरिद्वार (हि.स.)।** श्री देवोत्थान सेवा समिति और पुण्यदायी सेवा समिति न्यास के संयुक्त प्रयास से पाकिस्तान से लाई गई 400 हिंदू-सिखों की अस्थियों का कनखल स्थित सतीघाट पर वैदिक विधि और 100 लीटर दूध की धारा के साथ गंगा में विसर्जन किया गया। पाकिस्तान के कराची स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर के महंत रामनाथ महाराज ने इस पुनीत कार्य में अहम भूमिका निभाई। महंत रामनाथ महाराज ने बताया कि पिछले 2011 और 2016 में वो पाकिस्तान से अस्थियां लेकर आए थे। अब एक बार फिर वो पाकिस्तान के कराची स्थित श्मशान घाट से लगभग 400 हिंदू भाइयों की अस्थियों को लेकर हरिद्वार पहुंचे हैं। 400 हिंदुओं की अस्थियां पिछले नौ वर्षों से मोक्ष का इंतजार कर रही थी। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बार प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में भी जाने का मौका मिला है। उन्हें भारत में भाई की तरह प्यार मिला है। बहरहाल उन्होंने दोनों सरकारों से मांग की कि वे भारत में होने वाली चारधाम यात्रा और राममंदिर के दर्शन के लिए भी पाकिस्तानी हिंदुओं को वीजा देने का काम करें। श्री देवोत्थान सेवा समिति के राष्ट्रीय महासचिव और यात्रा संयोजक -शेष पृष्ठ पांच पर

# तेलंगाना में बड़ा हादसा, सुरंग की छत का एक हिस्सा ढहा, छह मजदूर फंसे



**हैदराबाद।** शनिवार को तेलंगाना के नगरकुर्नूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक नहर (एसएलबीसी) के निर्माणाधीन हिस्से में एक छत का एक हिस्सा ढह जाने से छह श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। पुलिस ने बताया कि निर्माण कंपनी की टीम मूल्यांकन के लिए अंदर गई है और सत्यापन कर रही है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि काम में लगी कंपनी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक छह से आठ श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। अधिकारी ने कहा कि यह घटना तब हुई जब कुछ कर्मचारी काम के सिलसिले में अंदर गए थे, तभी सुरंग के 12-13 किलोमीटर अंदर छत गिर गई। हालांकि, मुख्यमंत्री कार्यालय की एक प्रेस विज्ञप्ति में, बिना कोई संख्या बताए, संकेत दिया गया कि कुछ लोगों को चोटें आईं। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों को राहत उपाय करने के लिए दुर्घटनास्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुसार, राज्य के सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी, सिंचाई पर सरकार के सलाहकार आदित्यनाथ दास और अन्य सिंचाई अधिकारी एक विशेष हेलीकॉप्टर में -शेष पृष्ठ पांच पर

# भारतीय सेना की टुकड़ी भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास धर्म गार्डियन के लिए रवाना


**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय सेना की एक टुकड़ी आज भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास धर्म गार्डियन के छठे अभ्यास के लिए रवाना हुई। यह सैन्य अभ्यास 24 फरवरी से 9 मार्च 2025 तक जापान के पूर्वी फूजी युद्धाभ्यास प्रशिक्षण क्षेत्र में होगा। धर्म गार्डियन सैन्य अभ्यास एक वार्षिक सैन्य अभ्यास है, जो भारत और जापान में बारी-बारी से होता है। यह सैन्य अभ्यास पिछली बार फरवरी-मार्च 2024 में राजस्थान में किया गया था। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि 120 कर्मियों वाली भारतीय टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से मद्रास रेजिमेंट की एक बटालियन के सैनिकों के साथ-साथ अन्य सेनाओं की टुकड़ियों और सैन्य सहायता इकाइयों के सैनिक करेंगे। जापान की ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स (जेजीएसडीएफ) का प्रतिनिधित्व 34वीं इन्फेंट्री रेजिमेंट करेंगी। इसमें भी इतने ही सैनिक होंगे। इस सैन्य अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के अधिदेश के तहत संयुक्त शहरी युद्ध और आतंकवाद विरोधी अभियानों को अंजाम देते हुए दोनों सेनाओं के बीच अंतर-संचालन को बढ़ाना है। इस अभ्यास में उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, संयुक्त योजना और संयुक्त सामरिक अभ्यास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसमें सामरिक अभ्यास, संयुक्त



अभ्यास और आपदा प्रतिक्रिया रणनीतियां शामिल होंगी। इनको परिचालन क्षमता बढ़ाने, युद्ध कौशल दक्षता में सुधार करने और प्रभावी संयुक्त संचालन के लिए अंतर-संचालन को मजबूत करने के लिए डिजाइन किया गया है। 14 से 17 अक्टूबर 2024 तक सेना प्रमुख की जापान यात्रा के परिणाम स्वरूप यह सैन्य अभ्यास धर्म गार्डियन भारत और जापान के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करेगा। यह अभ्यास क्षेत्रीय सुरक्षा, शांति और स्थिरता के प्रति भारत और जापान की साझा प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इसके साथ ही यह एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत के उनके साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता है। धर्म गार्डियन सैन्य अभ्यास भारत-जापान संबंधों के क्षेत्रीय सहयोग की आधारशिला को मजबूत करता है। यह परस्पर सैन्य संबंधों को मजबूत करता है और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देता है। भारत और जापान के बीच मैत्री, विश्वास और सांस्कृतिक संबंधों के स्थायी बंधन का प्रमाण यह अभ्यास सार्थक व्यावसायिक जुड़ाव के लिए मंच तैयार करता है तथा व्यापक रक्षा सहयोग के लिए दोनों देशों की अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# जम्मू संभाग के तीन दर्जन स्थानों पर सुरक्षाबलों ने चलाया आतंकवाद विरोधी अभियान

जम्मू, (हि.स.)। सुरक्षाबलों ने शनिवार को जम्मू संभाग में करीब तीन दर्जन जगहों पर आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि कुछ इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों के चलते और अन्य जगहों पर क्षेत्र पर नियंत्रण के लिए अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक आतंकवादियों से सामना नहीं हुआ है। संदिग्ध गतिविधियों की आखिरी रिपोर्ट मिलने तक पुंछ और राजौरी के सीमावर्ती जिलों, उधमपुर-कठुआ बेल्ट के ऊंचे इलाकों, डोडा और किश्तवाड़ के पहाड़ी इलाकों और जम्मू जिले में नियंत्रण रेखा के पास के जंगलों में अभियान चल रहा था। अधिकारियों के मुताबिक शुक्रवार देर रात अंधेरे की आड़ में दो संदिग्ध विदेशी आतंकवादियों के घूमते पाए जाने के बाद पुंछ जिले के



गुरसाई के संगियोटे इलाके के मैदान मोहल्ले में तलाशी अभियान शुरू किया गया।

सुरक्षाबलों ने मंडी के मोहल्ला कस्बा, अल्लापीर और जालियान तथा पुंछ के मनकोट और देरा की गली तथा आसपास के इलाकों के अलावा पास के राजौरी जिले के सुंदरबनी और नौशेरा सेक्टरों के कुछ हिस्सों में घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया। पुंछ-राजौरी में 13 स्थानों और उधमपुर, कठुआ, डोडा, किश्तवाड़ और डोडा जिलों के ऊंचे इलाकों में 18 स्थानों पर तलाशी अभियान चल रहा है जिसमें खदेरन जंगल पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जम्मू जिले के अखनूर सेक्टर में केरी, भट्टल और आसपास के इलाकों में भी तलाशी अभियान चल रहा है।

# लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार-2024 को मंजूरी, 21 अप्रैल को दिए जाएंगे

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्र सरकार ने लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार-2024 की योजना को मंजूरी दे दी है। ये पुरस्कार 21 अप्रैल 2025 को सिविल सेवा दिवस 2025 के अवसर पर नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में प्रधानमंत्री द्वारा दिए जाएंगे। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के अनुसार देशभर में सिविल सेवकों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को अभिस्वीकृत करने, मान्यता देने और पुरस्कृत करने के लिए लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। वर्ष 2024 के लिए लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार की योजना का उद्देश्य तीन श्रेणियों में सिविल सेवकों के योगदान को मान्यता देना है। पहली श्रेणी में 11 प्राथमिकता वाले क्षेत्र कार्यक्रमों के तहत जिलों का समग्र विकास शामिल है। इस श्रेणी के तहत 5 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। दूसरी श्रेणी में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम शामिल है। इस श्रेणी के अंतर्गत 5 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। तीसरी श्रेणी में केंद्रीय मंत्रालयों व विभागों, राज्यों, जिलों के लिए नवाचार शामिल है।




इस श्रेणी के अंतर्गत 6 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रधानमंत्री पुरस्कार पोर्टल 20 जनवरी 2025 को लॉन्च किया गया। पंजीकरण और नामांकन के लिए पोर्टल को 27 जनवरी 2025 से 21 फरवरी 2025 तक चालू किया गया। प्रधानमंत्री पुरस्कार पोर्टल पर कुल 1588 नामांकन प्राप्त हुए। इनमें जिले का समग्र विकास श्रेणी में कुल 437, आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में 426 और नवाचार श्रेणी में कुल 725 नामांकन प्राप्त हुए हैं। इस योजना को प्रतिभागियों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। विशेष रूप से पहली बार भागीदारी करने वाले आकांक्षी ब्लॉकों का उद्देश्य प्रशासनिक सुधारों को और मजबूत बनाना है। पुरस्कारों के लिए आवेदनों के मूल्यांकन में पहले अपर सचिवों की अध्यक्षता वाली छानबीन समिति द्वारा जिलों व संगठनों को लघु सूचीबद्ध करना, उसके बाद सचिव, डीएआरपीजी की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति द्वारा मूल्यांकन और फिर मंत्रिमंडल सचिव की अध्यक्षता वाली अधिकार प्राप्त समिति द्वारा पुरस्कारों के लिए अंतिम सिफारिश शामिल होगी। पुरस्कारों के लिए अधिकार प्राप्त समिति की सिफारिशों पर प्रधानमंत्री की मंजूरी ली जाएगी। प्रधानमंत्री पुरस्कार-2024 में ट्रॉफी, स्क्रॉल और पुरस्कृत जिले व संगठन को 20 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, जिसका उपयोग परियोजना अथवा कार्यक्रम के कार्यान्वयन या लोक कल्याण के किसी भी क्षेत्र में संसाधनों की कमी को पूरा करने के लिए किया जाएगा।

# दिल्ली की सड़कों पर चलकर लोग गर्व महसूस करेंगे : प्रवेश वर्मा

**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश वर्मा ने शनिवार को बारापुला रोड पर पीडब्ल्यूडी परियोजनाओं, मूलचंद अंडरपास पंप के उन्नयन कार्य और भैरो मार्ग से सरायकाले खां रिंग रोड के सुदृढ़ीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हम दिल्ली की सड़कों को ऐसा बनाएंगे कि लोग इस पर चलकर गर्व महसूस करेंगे। प्रवेश वर्मा ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को सड़क सुदृढ़ीकरण के आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सुगम यातायात और बुनियादी सुविधाएं हर नागरिक तक पहुंचेंगी। इन कार्यों को पूरा करना प्राथमिकता है। जनता को जल्द अच्छी सड़क सुविधा प्रदान की



जाएगी। इससे पहले प्रवेश वर्मा ने बारापुला रोड पर पीडब्ल्यूडी परियोजनाओं का निरीक्षण के बाद कहा कि यहां फेज 3 का काम चल रहा है। उन्होंने मूलचंद अंडरपास पंप के उन्नयन कार्य का निरीक्षण करने के बाद कहा कि दिल्ली में कई सड़कों और फ्लाईओवर के नीचे बारिश का पानी भरने की समस्या है। मूलचंद फ्लाईओवर के नीचे हर बार बारिश के मौसम में पानी भरने की शिकायतें मिलती हैं। उन्होंने संबंधी अधिकारियों से अभी से इन स्थानों पर जलभराव की समस्या दूर करने के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए।

# उप राज्यपाल सक्सेना ने डीडीए के पुष्प महोत्सव में हिस्सा लिया

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने आज दिल्ली विकास प्राधिकरण के पुष्प महोत्सव-25 में हिस्सा लिया। महोत्सव में रोमांचक कार्यक्रमों के अलावा प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। महोत्सव का आयोजन वसंत का जश्न मनाने के लिए किया गया है। प्राधिकरण के तत्वावधान में आज से द्वारका सेक्टर-16डी स्थित पार्क में दो दिवसीय फूल उत्सव 'पलाश' शुरू हुआ है। सक्सेना ने कहा कि दिल्ली को 'फूलों के शहर' में तब्दील किया जाना चाहिए। इस दृष्टिकोण के अनुरूप प्राधिकरण ने पिछले दो-तीन वर्ष में कई कार्यक्रम आयोजित किए



हैं। आज का पुष्प महोत्सव इसी पहल का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इस बार प्राधिकरण ने तीन पार्कों में पुष्प महोत्सव का आयोजन किया है। अगली बार इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी। सक्सेना ने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य नागरिकों को हरियाली का महत्व बताना है। कोशिश है कि लोग महानगर की हरियाली की रक्षा करें।

# डी-कंपनी के नाम पर पार्टी नेता को धमकी को लेकर टीएमसी ने बंगाल पुलिस को दिया अल्टीमेटम




**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेताओं ने राज्य पुलिस को अल्टीमेटम दिया है। यह चेतावनी इंग्लिशबाजार नगर पालिका के चेयरमैन और पूर्व मंत्री कृष्णेंदु नारायण चौधरी को डी-कंपनी से जुड़े एक व्यक्ति के नाम पर मिली रंगदारी की धमकी के बाद दी गई है। मालदा जिले में तृणमूल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष और मालतीपुर से विधायक अब्दुल रहीम बॉक्सी ने कहा कि अगर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई नहीं की तो पार्टी कार्यकर्ता जवाब देने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा, "इंग्लिशबाजार नगर पालिका के हमारे पार्षद दुलाल सरकार की पिछले महीने दिनदहाड़े हत्या हो या फिर चौधरी को मिली रंगदारी की धमकी, इन घटनाओं के पीछे गहरी साजिश है। पुलिस जांच कर रही है और मुझे उम्मीद है कि दोषियों को पकड़ा जाएगा लेकिन अगर पुलिस इसमें नाकाम रही तो हमारे कार्यकर्ता खुद इन साजिशकर्ताओं को कुचल देंगे। वे चुप नहीं बैठेंगे।" शुक्रवार को चौधरी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि सुबह उनके मोबाइल पर एक अज्ञात कॉल आई, जिसमें खुद को डी-कंपनी का प्रदीप बताने वाले शख्स ने 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी और 24 घंटे के भीतर रकम नहीं देने पर पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी दी। इससे पहले उनके मोबाइल पर इसी तरह के दो व्हाट्सएप संदेश भी आए थे, जिन्हें उन्होंने मजाक समझकर नजरअंदाज कर दिया था। इस मामले की जांच कर रहे अधिकारियों ने अब तक तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की है, लेकिन पुलिस अभी तक उस शख्स तक नहीं पहुंच पाई जिसने धमकी भरा कॉल किया था। जांच में यह भी संदेह जताया जा रहा है कि यह कॉल किसी नंबर को क्लोन करके या इंटरनेट के जरिए की गई होगी। इस बीच, मालदा जिले के भाजपा नेताओं ने कहा कि पुलिस को यह जांच करनी चाहिए कि धमकी डी-कंपनी से जुड़े किसी व्यक्ति ने दी या यह टीएमसी के ही अंदरूनी लड़ाई का नतीजा है। गौरतलब है कि पिछले महीने टीएमसी के पार्षद दुलाल सरकार उर्फ बब्ला की हत्या दिनदहाड़े सड़क पर गोली मारकर कर दी गई थी। जांच में यह भी सामने आया कि इस हत्या के पीछे तृणमूल कांग्रेस के ही मालदा टाउन अध्यक्ष और पार्टी की हिंदी सेल के जिला प्रमुख नरेंद्र नाथ तिवारी का हाथ था। उन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। बता दें कि डी-कंपनी मुंबई के कुख्यात गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम का संगठित अपराध सिंडिकेट है।

# प्रधानमंत्री मोदी होंगे मॉरीशस के स्वतंत्रता दिवस समारोह के सम्मानित अतिथि

**-मॉरीशस की नेशनल असेंबली में प्रधानमंत्री रामगुलाम ने की घोषणा, सदस्यों ने मेज थपथपाकर जताई खुशी**

**पोर्ट लुइस, (हि.स.)।** मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम ने नेशनल असेंबली में कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनका निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। वो मॉरीशस के 57वें राष्ट्रीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के सम्मानित अतिथि होंगे। यह हमारे दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों का प्रमाण है। रामगुलाम की इस घोषणा पर नेशनल असेंबली के सदस्यों ने मेज थपथपाकर खुशी जताई। रामगुलाम ने शुक्रवार को कहा, "ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व की मेजबानी करना हमारे और देश के लिए वास्तव में गर्व की बात है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने बेहद व्यस्त कार्यक्रम, पेरिस और संयुक्त राज्य अमेरिका की अपनी हालिया यात्राओं के बावजूद हमें यह सम्मान दिया है। वह हमारे विशेष अतिथि के रूप में मॉरीशस आने के लिए सहमत हो गए हैं।" उल्लेखनीय है कि मॉरीशस को 12 मार्च, 1968 को यूनाइटेड किंगडम से स्वतंत्रता मिली थी। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 12 मार्च की यात्रा पर मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. रामगुलाम ने कहा, ऐसे मौके पर प्रतिष्ठित व्यक्तित्व की मेजबानी करना



मॉरीशस के लिए एक सौभाग्य की बात है।

**राष्ट्रपति मुर्मू गई थीं पिछले साल -** पिछले साल मॉरीशस के 56वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुई थीं। राष्ट्रपति मुर्मु का सर शिवसागर रामगुलाम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर तत्कालीन प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनौथ ने गर्मजोशी से स्वागत किया था।

मॉरीशस में रामगुलाम के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 2024 के आम चुनाव में जीत हासिल की। उन्हें सत्ता में वापसी करने में पूरे एक दशक का समय लगा। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें जीत की बधाई देते हुए उनसे बातचीत भी की थी।

**मेरे दोस्त, जीत की बधाई -** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था," जीत के बाद मेरी मेरे दोस्त नवीन रामगुलाम से बात हुई। मैंने उन्हें ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी। मैंने उन्हें भारत आने का निमंत्रण भी दिया। हम अपनी विशेष साझेदारी को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं।"

**भारत और मॉरीशस के संबंध -** भारत और मॉरीशस के बीच इतिहास और संस्कृति आधारित गहरा रिश्ता है। मॉरीशस में बड़ी संख्या में भारतीय रहते हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय की 2024 की रिपोर्ट के मुताबिक, मॉरीशस में 8 लाख 94 हजार 848 भारतीय और भारतीय मूल के लोग रहते हैं। दोनों देशों के बीच लंबे समय से सांस्कृतिक, आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी है। भारत मॉरीशस के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता आया है। भारत और मॉरीशस समुद्री सुरक्षा, आईटी, ऊर्जा और शिक्षा जैसे कई अहम क्षेत्रों में सहयोग कर रहे हैं। हाल के वर्षों में भारत ने मॉरीशस को कई परियोजनाओं में मदद की है।

# शिवराज चौहान ने फ्लाइट की टूटी सीट पर बैठकर की यात्रा, शिकायत पर एयर इंडिया ने खेद जताया

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज चौहान को आज एयर इंडिया की फ्लाइट में टूटी सीट पर बैठकर भोपाल से दिल्ली तक की यात्रा करनी पड़ी। इसे लेकर उन्होंने सोशल मीडिया एक्स के जरिये अपनी शिकायत साझा की, जिस पर एयर इंडिया ने खेद व्यक्त करते हुए ऐसे मामले में सीधा संवाद करने का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री ने एक्स पर लिखा कि आज मुझे भोपाल से दिल्ली आना था, पूसा में किसान मेले का उद्घाटन, कुरुक्षेत्र में प्राकृतिक खेती मिशन की बैठक और चंडीगढ़ में किसान संगठन के प्रतिनिधियों से चर्चा करनी है।

मैंने एयर इंडिया की फ्लाइट क्रमांक एक436 में टिकट करवाया था, मुझे सीट क्रमांक 8सी आवंटित हुई। मैं जाकर सीट पर बैठा, सीट टूटी और अंदर धंसी हुई थी। बैठना तकलीफदायक था। जब मैंने विमान कर्मियों से पूछा कि खराब सीट थी तो आवंटित क्यों की? उन्होंने बताया कि प्रबंधन को पहले सूचित कर दिया था कि ये सीट ठीक नहीं है, इसका टिकट नहीं बेचना चाहिए। ऐसी एक नहीं और भी सीटें हैं। शिवराज ने आगे बताया कि सहयात्रियों ने मुझे बहुत आग्रह किया कि मैं उनसे



सीट बदल कर अच्छी सीट पर बैठ जाऊं लेकिन मैं अपने लिए किसी और मित्र को तकलीफ क्यों दूं। मैंने फैसला किया कि मैं इसी सीट पर बैठकर अपनी यात्रा पूरी करूंगा। मेरी धारणा थी कि टाटा प्रबंधन के हाथ में लेने के बाद एयर इंडिया की सेवा बेहतर हुई होगी लेकिन ये मेरा भ्रम निकला। मुझे बैठने में कष्ट की चिंता नहीं है लेकिन यात्रियों से पूरा पैसा वसूलने के बाद उन्हें खराब और कष्टदायक सीट पर बैठाना अनैतिक है। क्या ये यात्रियों के साथ धोखा नहीं है? क्या आगे किसी यात्री को ऐसा कष्ट न हो, इसके लिए एयर इंडिया प्रबंधन कदम उठाएगा या यात्रियों की जल्दी पहुंचने की मजबूरी का फायदा उठाता रहेगा। एक्स पर साझा की गई इस शिकायत के बाद एयर इंडिया प्रबंधन ने केंद्रीय मंत्री को हुई असुविधा के लिए खेद जताया। एयर इंडिया ने कहा, " आपको हुई इस असुविधा के लिए हमें खेद है। कृपया निश्चिंत रहें, हम इस मामले को ध्यान से देख रहे हैं ताकि भविष्य में ऐसी कोई घटना न हो। हम आपसे बात करने का अवसर पाकर प्रसन्न होंगे, कृपया हमसे संपर्क करने के लिए सुविधाजनक समय पर हमें सीधा मैसेज करें।

# राजस्थान में चुनावी वादों को पूरा करने के लिए उठाए जा रहे ठोस कदम : शेखावत

**जयपुर, (हि.स.)।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह ने कहा कि वर्ष 2023 में राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी ने जो वादे किए थे, उन्हें पूरा करने के लिए सरकार के महज एक साल के कार्यकाल के दौरान कई ठोस कदम उठाए हैं, जिसकी वजह से प्रदेश की जनता को डबल इंजन सरकार को पूरा लाभ मिल रहा है। आने वाले तीन साल और महत्वपूर्ण होंगे। केवल प्रदेश की जनता के लिए नहीं, बल्कि पार्टी कार्यकताओं और देश की जनता के लिए भी यह समय अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। प्रदेश भाजपा कार्यालय में शनिवार को मदन राठौड़ के पुनः प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के अवसर पर आयोजित सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार हर हाल में यह सुनिश्चित करेगी कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं धरातल तक पहुंचें, जिससे प्रदेश की जनता लाभान्वित हो सके।

**भाजपा कार्यकताओं की पार्टी -** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा शुरू से ही कार्यकताओं की ताकत के आधार पर काम करने वाली पार्टी रही है। उन्होंने कहा कि अंगुलियों पर गिने जाने वाले लोगों ने पार्टी का गठन किया था, और अपनी विचारधारा, कार्यकताओं की शक्ति की वजह से तमाम परिस्थितियों और चुनौतियों से निपटते हुए पार्टी केवल देश की ही नहीं, बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने काम के आधार पर जनता का विश्वास जीता है, यही वजह है कि राजस्थान में प्रचंड जीत देने के बाद कई अन्य प्रदेशों में भी जनता ने भाजपा को प्रचंड समर्थन दिया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इतनी लंबी यात्रा के दौरान पार्टी की ऐसी छवि बनी है, जिसने लोकतांत्रिक मूल्यों का अक्षरतः पालन किया है। पार्टी एक सामान्य कार्यकर्ता का उसे उत्तरदायित्वों के प्रति प्रेरित करते हुए उसे अच्छा नेतृत्व देने का काबिल बनाती है। भाजपा की परंपरा उसे एक ऐसी पार्टी बनाती है, जो विश्वकल्याण के लिए काम करती है। पार्टी जिस लक्ष्य को लेकर चल रही थी, उसी दिशा में काम हो रहा है और विश्व के कल्याण के लिए भारत को विकसित राष्ट्र बनाया जाएगा।

# एनएसओ इंडिया ने 'भारत में डेटासेट और रजिस्ट्री का संग्रह, 2024' जारी किया

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने भारत में डेटासेट और रजिस्ट्री का संग्रह, 2024 का नवीनतम संस्करण प्रकाशित किया है। यह डेटा की पहुंच को मजबूत करने के उद्देश्य से एक प्रमुख पहल है। राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणाली के चल रहे आधुनिकीकरण के हिस्से के रूप में यह संग्रह सुनिश्चित करता है कि नीति निमार्ताओं, शोधकताओं, शिक्षाविदों, छात्रों, विश्लेषकों, व्यवसायों और आम जनता के लिए सरकारी डेटा आसानी से सुलभ हो। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अनुसार यह व्यापक संसाधन भारत सरकार के 40 मंत्रालयों और विभागों से प्राप्त लगभग 270 डेटासेट और रजिस्ट्री के मेटाडेटा को समेकित करता है, जिसमें कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, श्रम, ग्रामीण विकास, पर्यटन, सामाजिक न्याय, बैंकिंग और अन्य जैसे क्षेत्र शामिल हैं। वन-स्टॉप संदर्भ के रूप में कार्य करके यह संकलन उपयोगकताओं




को सरकारी डेटासेट की उपलब्धता, दायरे और पहुंच को आसानी से तलाशने में सक्षम बनाता है। इसमें मानकीकृत मेटाडेटा, डेटा संग्रह पद्धतियों, अद्यतनों की आवधिकता और मंत्रालयों में डेटा-साझाकरण नीतियों का विवरण शामिल है। इसके अतिरिक्त यह प्रत्येक डेटासेट के संग्रह और प्रसार को नियंत्रित करने वाले कानूनी और नियामक ढांचे की रूपरेखा तैयार करता है जबकि गहन विश्लेषण और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण का समर्थन करने के लिए विघटन के स्तर पर अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। उपयोगकर्ता संबंधित मंत्रालय या विभाग पोर्टल के लिंक के माध्यम से डेटा स्रोतों तक सीधी पहुंच से भी लाभ उठा सकते हैं, जिससे निर्बाध पहुंच सुनिश्चित होती है। विश्वसनीय और सुव्यवस्थित सरकारी डेटा की बढ़ती आवश्यकता को पहचानते हुए यह पहल राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणाली को आधुनिक बनाने और सुव्यवस्थित करने के लिए सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के व्यापक प्रयासों के साथ संरेखित है। महत्वपूर्ण जानकारी को एक स्थान पर समेकित करके, संकलन डेटा-संचालित शासन को आगे बढ़ाने, अनुसंधान को बढ़ावा देने और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एक गतिशील दस्तावेज के रूप में तैयार किए गए भारत में डेटासेट और रजिस्ट्री के संग्रह को समय-समय पर नए डेटासेट, विकसित पद्धतियों और संशोधित नीतियों को शामिल करने के लिए अद्यतन किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हितधारकों को हमेशा सबसे वर्तमान और प्रासंगिक जानकारी तक पहुंच प्राप्त हो। नीति निमार्ताओं, शोधकताओं, व्यवसायों और नागरिक समाज संगठनों सहित सभी हितधारक इस संग्रह का लाभ उठाकर मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त कर सकते हैं और राष्ट्रीय विकास के लिए सरकारी डेटा के प्रभावी उपयोग में योगदान दे सकते हैं। यह संग्रह मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट- www.mospi.gov.in पर उपलब्ध है।

# एक राष्ट्र – एक नाम : शुरू हुआ राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान

**जयपुर ( हिंस )।** भारत हमारे राष्ट्र का प्राचीन नाम है। ब्रिटिश उपनिवेशवाद के अवशेष इंडिया नाम को त्याग देना चाहिए तथा सरकारी संस्थाओं को भारत नाम का उपयोग करना चाहिए, जो हमारी संस्कृति, जीवन के प्रति दृष्टिकोण और शाश्वत विरासत को दर्शाता है। इस मांग को उठाते हुए दस लाख हस्ताक्षरों के साथ एक याचिका राष्ट्रपति को सौंपी जाएगी। यह निर्णय प्रयागराज महाकुंभ मेले के अवसर पर शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी के नेतृत्व में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, जनता की आवाज फाउंडेशन तथा वैश्विक हिंदी सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में *एक राष्ट्र, एक नाम : भारत* विषय पर आयोजित ज्ञान महाकुंभ में लिया गया था। महाज्ञानकुंभ में ही धार्मिक कार्य, सामाजिक नेतृत्व, नियमज्ञ और प्रमुख शिक्षाविदों द्वारा संयुक्त रूप से इसका आह्वान किया गया था। जयपुर प्रांत संयोजक नितिन कासलीवाल ने बताया कि यह राष्ट्रीय




हस्ताक्षर अभियान 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर पूरे भारत एवं राजस्थान में अधिक से अधिक स्थानों पर प्रमुख व्यक्तियों से हस्ताक्षर एकत्र कर शुरू किया गया। यह यज्ञ 21 फरवरी से 21 मार्च तक देशभर में आयोजित किया जाएगा। इसके तहत छात्रों, शिक्षकों, वकीलों, जन प्रतिनिधियों और अन्य प्रमुख हस्तियों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान सभा ने स्पष्ट रूप से घोषित किया कि यह महान राष्ट्र, जिसे तब सामान्यत: *इंडिया* के नाम से जाना जाता था, वह भारत है। (इंडिया जो भारत है – अनुच्छेद–1) साथ ही, संविधान सभा ने इस विचार को भी खारिज कर दिया है कि इंडिया, भारत का अंग्रेजी समकक्ष है। लेकिन पिछले 75 वर्षों से भारत शब्द का प्रयोग केवल भारतीय भाषाओं में ही होता रहा है। आज भी अंग्रेजी में *इंडिया* शब्द का प्रयोग हमारे विभिन्न पदों, परियोजनाओं और संस्थाओं के लिए किया जाता है। भले ही भारतीय भाषाओं में भारत लिखा जाए, अंग्रेजी में इंडिया लिखना भी अनुचित है। इंडिया शब्द का कोई विशेष अर्थ नहीं है। लेकिन भारत शब्द अपने अर्थ के साथ एक संदेश भी देता है और हमें गर्व का अहसास कराता है। इसलिए, कुंभ मेले से यह घोषणा की जा रही है कि हमारे देश का नाम भारत ही रहना चाहिए, चाहे इसकी भाषा कोई भी हो।

# पंजाब के पास किसी को देने के लिए नहीं अतिरिक्त पानी : भगवंत मान

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पंजाब के पास किसी अन्य राज्य के साथ साझा करने के लिए पानी की एक भी बूंद नहीं है और सतलुज यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर कभी हकीकत में नहीं बदलेगी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार राज्य के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री मान शनिवार को भवानीगढ़ में नव निर्मित एसडीएम कांप्लेक्स को समर्पित करने के मौके पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने यह बात दोहराई कि पंजाब के पास किसी अन्य राज्य के साथ साझा करने के लिए कोई अतिरिक्त पानी नहीं है और किसी के साथ एक भी बूंद पानी साझा करने का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अनुसार राज्य में पानी की उपलब्धता का पुनर्मूल्यांकन करना जरूरी है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि उन्होंने हाल ही में रावी–ब्यास ट्रिब्यूनल, जो कि रावी जल प्रणाली से संबंधित स्थानों पर जाने के लिए राज्य के दौरे पर हैं, को भी अपील की है कि वह नए सिरे से पुनर्मूल्यांकन करके राज्य के लोगों को न्याय दिलाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के अधिकांश ब्लॉकों का पानी का स्तर बहुत नीचे चला गया है और धरती के नीचे के पानी की स्थिति बहुत गंभीर है। उन्होंने कहा कि क्योंकि राज्य के अधिकांश नदियों के स्रोत सूख गए हैं, इसलिए इसे अपनी सिंचाई



जरूरतों को पूरा करने के लिए और पानी की जरूरत है। हालांकि, भगवंत मान ने कहा कि गंभीर स्थिति होने और राज्य में पानी की कमी के बावजूद अन्न उत्पादकों को सिंचाई के लिए पानी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में किसी अन्य राज्य के साथ पानी की एक भी बूंद साझा करने का सवाल ही नहीं उठता। एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू पर चुटकी लेते हुए कहा कि चुनावों में खारिज हुए नेताओं को लोग कभी भी मुंह नहीं लगाएंगे। उन्होंने कहा कि बिट्टू अपने हथकंडों से मुख्यमंत्री के सरकारी निवास पर कब्जा करने के सपने देखता है, पर इससे उसके हाथ कुछ नहीं आएगा, क्योंकि यह सही मायने में आम लोगों का घर है, जो यहां अपनी पसंद के नेताओं को चुनकर भेजते हैं।

## बब्बर खालसा का दावा अमृतसर में बीएसएफ कैंप पर किया ग्रेनेड हमला

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** खालिस्तानी आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल ने पंजाब के अमृतसर स्थित बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) कैंप पर ग्रेनेड हमला करने का दावा किया है। पंजाब में पूर्व समय के दौरान हुई ग्रेनेड हमले की घटनाओं की तरह इस घटना में भी पंजाब पुलिस ने अधिकारिक तौर पर कोई बयान नहीं दिया है, जबकि विपक्षी दल शिरोमणि अकाली दल इसे पंजाब सरकार की बड़ी असफलता करार दिया है। बब्बर खालसा इंटरनेशनल ने पोस्ट सांझा करते हुए लिखा कि शुक्रवार रात डेढ़ बजे बीएसएफ कैंप खासा के गेट नंबर 3 के बाहर ग्रेनेड हमला हुआ है। इसकी जिम्मेदारी मैं हैप्पी पासियां और गोपी नवांशहरिया लेते हैं। यह हमला इसलिए किया गया है क्योंकि भारतीय सरकार ने मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू किया है, जिससे वहां अत्याचार बढ़ गए हैं। पोस्ट में आगे लिखा है कि जिस तरह 1980 के दशक में भारतीय सरकार ने सिखों के खिलाफ जुल्म किए, उसी तरह अब मणिपुर में भी अत्याचार हो रहे हैं। पंजाब में सिखों के गुरुद्वारों को निशाना बनाया गया और उन्हें जलाया गया, उसी तरह अब मणिपुर में कुकी और नागा समुदाय के लोग ईसाइयों के चर्च जला रहे हैं। 2023 से यह नरसंहार जारी है, लेकिन जो भी भारतीय सरकार के खिलाफ बोलता है, उसे मारा जाता है। हमारे मुद्दे खालिस्तान, क्रिश्चियनिटी, जैनी, बौद्ध धर्म और सिखों को न्याय दिलाना है। बीएसएफ ने आधिकारिक बयान सांझा करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर एक फर्जी खबर वायरल हो रही है। जिसे कथित रूप से *बब्बर खालसा इंटरनेशनल* नामक पेज से साझा किया गया है।

# राजस्थान में चुनावी वादों को पूरा करने के लिए उठाए जा रहे ठोस कदम : शेखावत



**जयपुर ( हिंस )।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह ने कहा कि वर्ष 2023 में राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी ने जो वादे किए थे, उन्हें पूरा करने के लिए सरकार के महज एक साल के कार्यकाल के दौरान कई ठोस कदम उठाए हैं, जिसकी वजह से प्रदेश की जनता को डबल इंजन सरकार को पूरा लाभ मिल रहा है। आने वाले तीन साल और महत्वपूर्ण होंगे। केवल प्रदेश की जनता के लिए नहीं, बल्कि पार्टी कार्यकर्ताओं और देश की जनता के लिए भी यह समय अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। प्रदेश भाजपा कार्यालय में शनिवार को मदन राठौड़ के पुन: प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के अवसर पर आयोजित सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार हर हाल में यह सुनिश्चित करेगी कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं धरातल तक पहुंचें, जिससे प्रदेश की जनता लाभान्वित हो सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा शुरू से ही कार्यकर्ताओं की ताकत के आधार पर काम करने वाली पार्टी रही है। उन्होंने कहा कि अंगुलियों पर गिने जाने वाले लोगों ने पार्टी का गठन किया था, और अपनी विचारधारा, कार्यकर्ताओं की शक्ति की वजह से तमाम परिस्थितियों और चुनौतियों से निपटते हुए पार्टी केवल देश की ही नहीं, बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने काम के आधार पर जनता का विश्वास जीता है, यही वजह है कि राजस्थान में प्रचंड जीत देने के बाद कई अन्य प्रदेशों में भी जनता ने भाजपा को प्रचंड समर्थन दिया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इतनी लंबी यात्रा के दौरान पार्टी की ऐसी छवि बनी है, जिसने लोकतांत्रिक मूल्यों का अक्षरत: पालन किया है।

# मदन राठौड़ को सात महीने में दूसरी बार राजस्थान भाजपा की कमान

**जयपुर ( हिंस )।** राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ दोबारा भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष बन गए हैं। सात महीने में दूसरी बार मदन राठौड़ को राजस्थान भाजपा की कमान सौंपी गई है। सीएम भजनलाल शर्मा, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे समेत तमाम नेताओं की मौजूदगी में शनिवार को उनके नाम की घोषणा हुई। इस दौरान पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने एकजुट, नो गुट, एक मुख का नारा दिया। चुनाव प्रभारी गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने राठौड़ के नाम का एलान किया। प्रदेशाध्यक्ष के साथ ही प्रदेश से 25 राष्ट्रीय परिषद सदस्यों का भी निर्वाचन हुआ, जो राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया में शामिल होंगे। इससे पहले शुक्रवार को प्रदेशाध्यक्ष पद के चुनाव के लिए मदन राठौड़ के अलावा किसी भी दूसरे नेता ने फॉर्म नहीं भरा था। उसके बाद से ही उनका फिर से अध्यक्ष बनना तय हो गया था। प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल ने कहा कि तीन लोगों ने राजस्थान में चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की थी। मैंने उन्हें प्रदेश कार्यालय भेजा, लेकिन जब वे यहां आए तो बिना पर्चा भरे ही लौट गए। उन्होंने कहा कि राजस्थान में आपके लिए चुनौती भी है। क्योंकि प्रदेश में बीजेपी की सरकार है। कभी–कभी ऐसा भी होता है, जब मुख्यमंत्री के पैर में पैर डालने से लगता है, सब कुछ काम हो गया, लेकिन ऐसा नहीं होता है। राजस्थान का हर नागरिक जब तक भाजपा का समर्थक और वोटर न बन जाए, तब तब संगठन का काम लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आज भी विपक्ष में कुछ विधायक बचे हुए हैं। 11 कांग्रेसी सांसद हैं, लेकिन हमें राजस्थान में गुजरात जैसी स्थिति पैदा करनी है। 10 में से पांच निगम ही हमारे पास है। 10 नगर परिषद हमारे पास है, 21 नगर परिषद हमारे पास नहीं है। नगर पालिका में 49 हमारे हैं, जबकि 100 कांग्रेस के है। इसी तरह के हालत पंचायतों के भी है। इसमें सुधार करना ही हमारी चुनौती है। नगर निकाय में हमें ऐसे लड़ाई लड़नी है, कि दिल्ली भी कहे राजस्थान में भजनलाल है। ये हमारी लड़ाई है। इतना मजबूत संगठन है। इतनी संख्या में कार्यकर्ता है। काम करने वाला मुख्यमंत्री है। मुख्यमंत्री को सपोर्ट करने वाली वसुंधरा राजे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि आज सर्वसम्मति के साथ मदन राठौड़ को प्रदेशाध्यक्ष चुना गया है, लेकिन इनका राजनीतिक जीवन उतार–चढ़ाव वाला रहा है। हम तब भी आपके साथ थे, आज भी आपके साथ खड़े हैं। जो पार्टी के साथ चलता है, पार्टी उसे जरूर देखती है। इससे पहले जब आपने प्रदेशाध्यक्ष पद को संभाला था, तो मैंने पद, मद और कद पर कहा था। राधा मोहनजी ने सत्ता और संगठन को बराबर रखा है। यही हमारी पार्टी की शक्ति है। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि यह हमारी सरकार है, सबसे अच्छी सरकार है। उन्होंने कॉलेज टाइम की चर्चा करते हुए कहा कि हम खाना खाने एक होटल में जाते थे, वहां लिखा हुआ था अगर आप हमारी सेवाओं से संतुष्ट है, तो दूसरों को कहें और संतुष्ट नहीं है तो हमको कहें। राठौड़ ने विजय रूपाणी की चर्चा करते हुए कहा कि यह जहां से आते हैं, वहां 27 साल से भाजपा ने किसी और को पैर नहीं रखने दिया, राजस्थान में भी हमें वही व्यवस्था पैदा करनी है और इसका विशेष रूप से ध्यान रखने की जिम्मेदारी सभी कार्यकर्ताओं की बनती है, इसलिए याद रखें यह हमारी सरकार है, सबसे अच्छी सरकार है।

# पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने केंद्र व राज्य सरकार पर निशाना साध कहा, पूरे देश में विपक्ष को दबाया जा रहा

**जोधपुर ( हिंस )।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को एयरपोर्ट पर मीडिया से मुखातिब होते हुए केंद्र व राज्य सरकार पर कई तरह से निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र या राज्य हर जगह पर विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है, जबकि विपक्ष जनता की आवाज को सदन में रखते है। राज्य सरकार द्वारा जिन विधायकों का निलंबन किया गया है उसे तत्काल रद्द करें। विपक्ष को साथ लेकर कार्य करें। वे आज जोधपुर प्रवास पहुंचे और कई सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने आए है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मीडिया के सवालों के जवाब पर कहा कि केंद्र हो या राज्य हर जगह विपक्ष की आवाज को दबाने के साथ उन्हें बोलने नहीं दिया जा रहा है। केंद्र व राज्य में विपक्ष के नेताओं को निलंबित किया जा रहा है जोकि देश की लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। विपक्ष जनता की आवाज को सदन में रखता है। उन्होंने बढ़ते अपराध पर कहा कि राज्य में सरकार और पुलिस का इकबाल खत्म हो गया है। जोधपुर में बढ़ती मासूम बच्चियों के सवाल पर कहा कि लोगों में पुलिस का डर खत्म हो गया है, जिससे ऐसी घटनाएं ज्यादा हो रही है। दलितों पर अत्याचार बढ़े है, वरना क्यूं खुद एसपी को बारात में जाकर सुरक्षा व्यवस्था करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि सरकार जो घोषणाएं लेकर आई है उस पर खरी नहीं उतर रही है। बस जहां भी जाती है पिछले सरकार के कामों में गलतियां निकालती है। पिछले एक साल में सरकार पूरी तरह विफल रही है। बजट पर कहा कि पिछली सरकार ने जो योजनाएं शुरू की उसे बंद करने का काम यह सरकार रही है। जोधपुर की भी उपेक्षा इस सरकार ने की है। पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार को चाहिए कि वह विपक्ष को साथ लेकर चलें ताकि प्रदेश का विकास हो सकें। सदन में विपक्ष के छह विधायकों को जो निलंबन किया गया है उसे रद्द किया जाएं और उन्हें साथ लेकर जनता की आवाज को सदन में सुना जाएं। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जोधपुर आगमन पर एयरपोर्ट पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया।

## पृष्ठ तीन का शेष

### 1,300 युवाओं को ...

लिए 10 करोड़ लीटर से ज्यादा और पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के लिए लगभग 18 करोड़ लीटर की शुरुआती उत्पादन क्षमता है, जो बढ़ती उपभोक्ता मांग के लिए पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करती है। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आम लोग कैम्पा के उत्पाद बहुत सस्ती कीमत पर खरीद सकते हैं। कैम्पा कोला का यह एक बड़ा लाभ है। वे सस्ती कीमत पर उत्पाद दे रहे हैं, लेकिन गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं कर रहे हैं, जो अन्य वैश्विक मानकों के बराबर है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि यह ब्रांड दिन–प्रतिदिन मजबूत होता जाएगा और इसे और अधिक विस्तार करने का अवसर मिलेगा। मैं रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड और जेरिको को शुभकामनाएं देता हूं। यह यात्रा बहुत सफल हो और असम के लोगों के लिए रोजगार के बहुत सारे अवसर पैदा हों। और यह यात्रा यह भी दर्शाए कि एक भारतीय ब्रांड एक वैश्विक ब्रांड के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकता है। इस संयंत्र में आरसीपीएल के लोकप्रिय पेय पोर्टफोलियो का निर्माण किया जाएगा, जिसमें कैम्पा कोला, कैम्पा ऑरेंज, कैम्पा लेमन, पावर अप, तथा इंडिपेंडेंस और श्योर वाटर ब्रांडों के तहत पैकेज्ड पेयजल शामिल हैं। मुख्य रूप से असम, पूर्वोत्तर भारत और उत्तरी बंगाल में उपभोक्ता मांग को पूरा करने वाली इस सुविधा में मांग के आधार पर अन्य बाजारों को आपूर्ति करने की भी क्षमता है। अनुकूलित एसकेयू मिश्रण के साथ, संयंत्र विभिन्न उपभोक्ता प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए पेय पदार्थों और पैक आकारों की विविध रेंज सुनिश्चित करता है। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि इस विस्तार के साथ, आरसीपीएल भारतीय उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले पेय पदार्थ उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है, साथ ही पूर्वोत्तर में अपनी पैठ मजबूत करता है। कंपनी ने कहा कि गुवाहाटी संयंत्र विश्व स्तरीय उत्पाद देने के लिए स्वदेशी उत्पादन क्षमताओं का लाभ उठाने के आरसीपीएल के दृष्टिकोण का प्रमाण है।

### पूर्व आरबीआई गवर्नर ...

शक्तिकांत दास ने पिछले साल दिसंबर में पद छोड़ दिया था। संजय मल्होत्रा ने बुधवार को शीर्ष बैंक के 26वें गवर्नर के रूप में कार्यभार संभाला। 67 वर्षीय शक्तिकांत दास एक कैरियर राजनयिक हैं। उर्जित पटेल के अचानक इस्तीफा देने के बाद वह 2018 में आरबीआई गवर्नर बने। 1980 बैच के तमिलनाडु कैडर के आईएएस अधिकारी, दास के पास दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज से इतिहास में मास्टर डिग्री और बर्मिंघम विश्वविद्यालय से सार्वजनिक प्रशासन में स्नातकोत्तर डिग्री है। वह आर्थिक मामलों के सचिव थे जब सरकार ने नवंबर 2016 में अचानक उच्च मूल्य वाले मुद्रा नोटों को बंद कर दिया था। दास ने तब महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जब कई अप्रत्यक्ष करों को एक जीएसटी में विलय कर दिया गया, जो 1 जुलाई, 2017 को लागू हुआ। शक्तिकांत दास ने छह साल तक आरबीआई गवर्नर के रूप में कार्य किया, जिसमें उनके कार्यकाल के दौरान दिया गया तीन साल का विस्तार भी शामिल है। वह 1980–बैच के तमिलनाडु कैडर के पूर्व आईएएस अधिकारी हैं और उन्होंने दिसंबर 2018 में आरबीआई गवर्नर की भूमिका संभाली थी।

### गुवाहाटी में झूमर ...

जैसे पारंपरिक आभूषण धारण कर प्रस्तुति देते हैं। साथ ही, मादल, धुमसा और बांसुरी जैसे वाद्ययंत्रों की मधुर ध्वनियां इसमें चार चांद लगा देती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भव्य आयोजन का उद्देश्य असम के चाय जनजातीय भाई–बहनों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को उचित मान्यता देना है। लंबे समय से इस समुदाय के लोग गरीबी और उपेक्षा के शिकार रहे हैं। पीढ़ी दर पीढ़ी शोषण का सामना करने के बावजूद उनकी संस्कृति को वह सम्मान नहीं मिल पाया, जिसकी वह हकदार थी। उन्होंने कहा कि हम केवल उनकी संस्कृति को भव्य रूप से प्रस्तुत कर उन्हें सम्मान ही नहीं दे रहे, बल्कि चाय बागान क्षेत्रों में नए स्कूल, सड़कें, कॉलेजों की स्थापना और योग्य युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए भी लगातार कार्य कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि आने वाली पीढ़ी डॉक्टर, इंजीनियर और सरकारी अधिकारी बने। मुख्यमंत्री ने जनता से अपील करते हुए कहा कि 24 फरवरी को गुवाहाटी के सरुसजाई में आयोजित झूमर नृत्य प्रदर्शन का आनंद लें और इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनें।

### ईडी ने बीबीसी इंडिया ...

नोट में कंपनियों को नए नियम के मुताबिक विदेशी निवेश को 26 प्रतिशत तक लाने के लिए 15 अक्तूबर, 2021 तक का समय दिया गया था। लेकिन बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया के निदेशकों ने जानबूझकर इस समयसीमा का उल्लंघन किया और 100 प्रतिशत विदेशी निवेश जारी रखा। ईडी के आदेश के अनुसार, अब बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया को 15 अक्तूबर, 2021 के बाद पेनाल्टी की पूरी रकम 3.44 करोड़ रुपए जमा करने के दिन तक प्रतिदिन पांच हजार रुपए के हिसाब से जुर्माना भी देना होगा। बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया के तत्कालीन तीनों निदेशकों गिल्स एंटनी हंट, इंदु शेखर सिन्हा और पाल मिशेल गिबन्स को विदेशी निवेश के नए नियम का जानबूझकर पालन नहीं करने का दोषी पाया गया है।

### उच्च शिक्षा राष्ट्र ...

को प्रोत्साहित करती हैं और सहयोग को बढ़ावा देती हैं जो एक उत्पादक और कुशल शैक्षिक प्रणाली के निर्माण के लिए आवश्यक हैं। राज्यपाल ने एक शैक्षिक केंद्र के रूप में असम की क्षमता को रेखांकित किया, प्राचीन वैदिक शिक्षा से लेकर प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और संस्थानों के घर के रूप में इसके वर्तमान कद तक राज्य के विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने उच्च शिक्षा क्षेत्र में निरंतर नवाचार के महत्व पर विचार किया, समकालीन चुनौतियों से निपटने के लिए आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, डिजिटल प्लेटफॉर्म और शोध–संचालित समाधानों को अपनाने के लिए अकादमिक बिरादरी से आग्रह किया। सम्मेलन के दौरान संबोधित किए गए प्रमुख मुद्दों में से एक अकादमिक पाठ्यक्रम और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच का अंतर था। राज्यपाल आचार्य ने छात्रों को व्यावहारिक कौशल, इंटर्नशिप और व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालयों और उद्योगों के बीच मजबूत साझेदारी का आह्वान किया, जो सभी रोजगार क्षमता बढ़ाने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण हैं। राज्यपाल आचार्य ने समावेशी शिक्षा की आवश्यकता पर भी जोर दिया, इस बात पर जोर दिया कि उच्च शिक्षा सभी छात्रों के लिए सुलभ होनी चाहिए, चाहे उनकी सामाजिक–आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो। उन्होंने शोध और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग पर भी जोर दिया, अत्याधुनिक शोध, अंत:विषय अध्ययन और वैश्विक संस्थानों के साथ साझेदारी पर अधिक ध्यान देने की वकालत की। उन्होंने राज्य के उच्च शिक्षा संस्थानों की निरंतर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए पारदर्शी शासन, नीतिगत सुधारों और एक मजबूत नियामक ढांचे के महत्व पर भी प्रकाश डाला। ड्रॉपआउट दरों के मुद्दे से निपटने में, राज्यपाल आचार्य ने कई रणनीतियों पर प्रकाश डाला, जिसमें मेंटरशिप प्रोग्राम, करियर काउंसलिंग और अपेक्षाकृत उच्च जोखिम वाले छात्रों के लिए लक्षित हस्तक्षेप शामिल हैं। उन्होंने युवा दिमागों को आकार देने में संकाय सदस्यों की भूमिका को भी रेखांकित किया, खाली शिक्षण पदों को तुरंत भरने और भर्ती और प्रशिक्षण प्रक्रियाओं में सुधार करने की योजनाओं पर जोर दिया। इसके अलावा, राज्यपाल ने बताया कि ई–समर्थ प्लेटफॉर्म को अपनाने से संस्थानों में डेटा प्रबंधन में पारदर्शिता काफी बढ़ सकती है। उन्होंने अकादमिक मूल्यांकन में निष्पक्षता और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए एक सामान्य शैक्षणिक कैलेंडर और एक समान ग्रेडिंग प्रणाली के कार्यान्वयन की भी वकालत की। डिजिटल लर्निंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, राज्यपाल आचार्य ने स्वयं प्लेटफॉर्म पर असम की प्रगति की सराहना की, और आगे की भागीदारी को प्रोत्साहित किया और विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में ऑनलाइन पाठ्यक्रमों को शामिल किया। उन्होंने लैंगिक समावेशिता के महत्व को भी पहचाना और विशेष रूप से तकनीकी शिक्षा में अधिक महिला भागीदारी को प्रोत्साहित करने की वकालत की। राज्यपाल आचार्य ने शिकायत निवारण तंत्र के कार्यान्वयन को भी संबोधित किया, यह सुनिश्चित करते हुए कि चिंताएं – चाहे वे शैक्षणिक, प्रशासनिक या व्यक्तिगत हों – निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निपटाई जाएं। आचार्य ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के बारे में भी बात की और एनईपी 2020 द्वारा निर्धारित दूरदर्शी ढांचे के साथ तालमेल बिठाने में असम की प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा कि एनईपी 2020, समग्र, लचीली और बहु–विषयक शिक्षा पर जोर देने के साथ, असम को शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए एक राष्ट्रीय मॉडल बनने की दिशा में मार्गदर्शन करेगी। राज्यपाल ने इस दृष्टि को जीवन में लाने के लिए सामूहिक कार्रवाई का आह्वान करते हुए निष्कर्ष निकाला, इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा प्रगति की कुंजी है और एनईपी 2020 इस लक्ष्य को प्राप्त करने और देश के विकसित भारत में परिवर्तन को गति देने का रोडमैप है। राज्यपाल ने छात्रों में स्वच्छता की आदतें विकसित करने के महत्व पर जोर दिया और शिक्षाविदों से इस प्रयास में अग्रणी भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने छात्रों में जिम्मेदारी और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के लिए शैक्षणिक संस्थानों में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) और स्काउट्स एंड गाइड्स को लागू करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। सम्मेलन में राजभवन सचिवालय के सलाहकार डॉ. हरबंश दीक्षित, असम सरकार के उच्च शिक्षा सलाहकार प्रो. देवव्रत दास, असम के राज्यपाल के आयुक्त एवं सचिव एस.एस. मीनाक्षी सुंदरम, उच्च शिक्षा सचिव नारायण कोंवर सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### दिल्ली में अकबर और ...

पर शिवाजी महाराज की तस्वीर लगाकर दूध से अभिषेक भी किया। प्रदर्शनकारी इन साइन बोर्डों पर कालिख पोतते हुए वीडियो में दिखाई दे रहे हैं, जिनमें दक्ष चौधरी खुद को गोरक्षक बताकर बोर्ड पर पेशाब करते हुए नजर आ रहे हैं। दूसरे वीडियो में वे शिवाजी का पोस्टर चिपकाते हुए दिख रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी की और सरकार को चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इन सड़कों का नाम नहीं बदला गया, तो वे साइन बोर्ड उखाड़कर ले जाएंगे। इस घटना के बाद राजनीतिक और सामाजिक हलकों में विवाद शुरू हो गया है। कुछ लोग इसे राष्ट्रवाद से प्रेरित मान रहे हैं, जबकि कुछ इसे अराजकता का रूप बता रहे हैं।

### चैंपियंस ट्रॉफी : लाहौर ...

प्रतिद्वंद्वियों के बीच मुकाबला लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में हो रहा है, और दोनों टीमें टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत करने की उम्मीद करेंगी। विशेष रूप से, ऑस्ट्रेलिया अपनी टीम को मिली कई पराजयों के बाद प्रतियोगिता में आया है। येलो में पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए मिशेल मार्श, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस की सेवाओं के बिना हैं। स्टैंड–इन कप्तान के रूप में स्टीव स्मिथ और लाइनअप में कई नए नामों के साथ, ऑस्ट्रेलियाई टीम को अगर खिताब हासिल करना है तो उन्हें किसी चमत्कार से कम नहीं करना होगा।

### पार्टी में मेरी भूमिका ...

आनंद है, वहां बुद्धिमानी मूर्खता है। शशि थरूर की यह नाखुशी ऐसे समय सामने आई है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा की सराहना किए जाने के बाद से वह पार्टी के लगातार हाशिए पर है। उनके इस बयान के बाद पार्टी की केरल इकाई ने अपने मुखपत्र में शशि थरूर की पार्टी लाइन से अलग हटकर बोलने को लेकर कड़ी आलोचना की। हालांकि थरूर ने इसके बाद साफ किया था कि उन्होंने जो बयान दिया था वह राष्ट्रहित में दिया था न किसी पार्टी के नेता की हैसियत से। बावजूद इसके पार्टी के भीतर उनके खिलाफ तलवारें खिंची हुई है। ये स्थिति तब है जब वह उसी केरल राज्य से चुनकर आते है, जहां से अबतक राहुल गांधी सांसद थे और अब उसी वायनाड सीट से प्रियंका गांधी चुनकर आई है। सूत्रों के मुताबिक पार्टी के भीतर कोई भी भूमिका न दिए जाने से नाराज थरूर ने राहुल गांधी से मुलाकात में इस मुद्दे को उठाया और पूछा कि वे बताए कि पार्टी में उसकी क्या भूमिका है। मुझे लग रहा है कि पार्टी मुझे और मेरी नेतृत्व क्षमता को दरकिनार कर रही है। इससे मैं काफी असहज हूं। इतना ही नहीं, उन्होंने संसद में उन्हें बोलने का मौका न दिए जाने का भी मुद्दा उठाया। साथ ही कहा कि यदि पार्टी उन्हें राज्य की राजनीति में ले जाना चाहती है, तो वह भी साफ करें। सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी ने उन्हें ठीक तरीके से सुना लेकिन उनके सवालों पर कोई जवाब नहीं दिया।

### पाकिस्तान से लाई ...

विजय शर्मा ने बताया कि कराची स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर के महंत रामनाथ महाराज 2011 और 2016 में हमारी संस्था से जुड़े हैं। इसी बीच रामनाथ महाराज ने कहा कि पाकिस्तान में हिंदू–भाइयों की अस्थियां रखी हुई हैं। वो चाहते हैं कि उनको गंगा के आंचल में मोक्ष मिले। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का मामला होने के कारण हमें बहुत परेशानियां हुई, लेकिन हम कामयाब हुए। यात्रा संयोजक विजय शर्मा ने बताया कि रामनाथ महाराज के सानिध्य में 2011 में 135 लोगों की अस्थियां और 2016 में 160 लोगों की अस्थियां गंगा में विसर्जित की जा चुकी हैं।

### तेलंगाना में बड़ा ...

घटनास्थल के लिए रवाना हुए। सीएम कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने एसएलबीसी सुरंग में दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया। सुरंग में छत गिरने और कई लोगों के घायल होने की सूचना मिलने के बाद, मुख्यमंत्री ने तुरंत अधिकारियों को सतर्क किया। उन्होंने जिला कलेक्टर, एसपी, अग्निशमन विभाग, हाइड्रा और सिंचाई विभाग के अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुंचने और राहत उपाय प्रदान करने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री के आदेश पर, सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी, सिंचाई सलाहकार आदित्यनाथ दास और सिंचाई अधिकारी एक विशेष हेलीकॉप्टर में दुर्घटना स्थल के लिए रवाना हुए।

### मंदिर में भड़की ...

परिसर के अंदर फंसे हुए पाए गए और बाद में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शनिवार को प्रेम नगर पुलिस थाने में सूर्य मंदिर में आग लगने की सूचना मिली थी। इसने बताया कि पुलिस की टीम दमकल विभाग के साथ मौके पर पहुंची और दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया, लेकिन शर्मा अंदर बेहोश मिले। पुलिस ने बताया कि उन्हें तुरंत संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में कमरे के अंदर चालू हीटर के कारण आग लगने की आशंका है। अधिकारियों ने चार गवाहों के बयान दर्ज किए हैं, जिनमें शर्मा के परिवार के दो सदस्य, एक पड़ोसी और आग की सूचना देने वाला व्यक्ति शामिल है। इनमें से किसी ने भी घटना के बारे में कोई संदेह नहीं जताया। इसने बताया कि आग लगने का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस और फोरेंसिक टीमें घटनास्थल की जांच कर रही हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रहे हैं, लेकिन अभी तक किसी बाहरी संलिप्तता का कोई सबूत नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में विस्तृत जांच जारी है।

### दक्षिण सूडान में भीषण ...

रोजाना औसतन 12 छात्र बेहोश हो रहे हैं। दक्षिण सूडान के अधिकतर विद्यालयों में लोहे की चादरों से बने अस्थायी ढांचे हैं और उनमें बिजली की व्यवस्था नहीं है। पर्यावरण मंत्री जोसेफिन नेप्वोन कॉसमॉस ने लोगों से घर के अंदर रहने और पानी पीते रहने का आग्रह किया है, क्योंकि तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की संभावना है। शिक्षाकर्मियों ने सरकार से स्कूल कैलेंडर में संशोधन करने पर विचार करने का आग्रह किया है ताकि स्कूल फरवरी में बंद किए जाएं और अप्रैल में तापमान कम होने पर पुन: खोले जाएं।

संपादकीय

# दिल्ली की नेतृत्व-रेखा

**भाजपा** ने महिला विधायक रेखा गुप्ता को दिल्ली अद्र्धराज्य का मुख्यमंत्री चुना है। दिसंबर, 1998 में मुख्यमंत्री रहीं सुषमा स्वराज के बाद रेखा गुप्ता दिल्ली की दूसरी भाजपाई मुख्यमंत्री हैं। यदि शीला दीक्षित और आतिशी को भी गिनें, तो वह दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री हैं। देश के 13 राज्यों में भाजपा मुख्यमंत्री हैं, लेकिन महिला मुख्यमंत्री कोई नहीं थी। एनडीए सरकारों का नेतृत्व भी पुरुष मुख्यमंत्री कर रहे हैं। अलबत्ता राजस्थान और ओडिशा में भाजपा की उपमुख्यमंत्री जरूर हैं। अब भाजपा की सूची में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता महिला और वैश्य समुदाय का प्रतिनिधित्व करेंगी, लेकिन अब भी भाजपा किसी दलित को मुख्यमंत्री नहीं बना पाई है। आरएसएस प्रमुख भी आज तक किसी दलित को नहीं बनाया गया है। यह संयोग है अथवा परंपरागत प्रयोग है? रेखा गुप्ता 2025 के विधानसभा चुनाव में पहली बार ही विधायक बनी हैं। हालांकि उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के सचिव तथा अध्यक्ष, तीन बार नगर निगम पार्षद, भाजपा में पदाधिकारी और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के तौर पर 30 लंबे सालों का राजनीतिक सफर पार किया है, लेकिन सवाल किया जा रहा है कि रेखा गुप्ता को ही दिल्ली की मुख्यमंत्री का दायित्व क्यों दिया गया? जबकि कई अनुभवी और 5-6 बार के चुने हुए विधायक भी पार्टी में हैं। इसका साफ जवाब है कि महिला और वैश्य समाज को साधने का प्रयास किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी अब महिला सशक्तिकरण की राजनीति पर ज्यादा फोकस करना चाहते हैं। दरअसल वैश्य 'जनसंघ' के दिनों से ही संघवादी राजनीति के कोर समर्थक रहे हैं। भाजपा को भी 1980 के दौर में ब्राह्मणों-बनियों की पार्टी माना जाता था। बाद में पंजाबियों का समर्थन भी मिलने लगा। प्रधानमंत्री मोदी ने आदिवासी, ओबीसी और कुछ हद तक दलितों को भी भाजपा के साथ जोडऩे की सफल राजनीति की है, नतीजतन 20 से अधिक राज्यों में भाजपा-एनडीए की सरकारें हैं। बहरहाल दिल्ली का परिदृश्य कुछ अलग रहा है। दिल्ली में साक्षरता दर 88 फीसदी से अधिक है। प्रति व्यक्ति आय भी औसतन 4 लाख रुपए से ज्यादा है। नागरिक जागरूकता भी काफी है। दिल्ली देश की राजधानी के साथ-साथ 'मिनी भारत' भी है। चूंकि केजरीवाल भी बनिया समाज के हैं, लिहाजा उनके नेतृत्व में जब आम आदमी पार्टी (आप) की राजनीति परवान चढ़ी, तो वैश्य भी उनकी ओर धुरवीकृत हुए, लिहाजा भाजपा ने अपने कोर वोटर को खिसकने का संकट महसूस किया। प्रधानमंत्री मोदी ने 2025 के चुनाव में महिलाओं पर खूब फोकस रखा, नतीजतन पार्टी को 45 फीसदी से अधिक महिला वोट मिले। अब रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बना कर महिला और बनियों के जनाधार को साधने की कोशिश की गई है। दिल्ली में वैश्य आबादी सिर्फ 8 फीसदी है। जाट आबादी भी लगभग इतनी ही है। भाजपा ने नई नेतृत्व-रेखा खींच कर दिल्ली की करीब 1 करोड़ महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिया है। भाजपा भी नए मुख्यमंत्री की व्याख्या इसी तरह कर रही है। अब पूरे देश में ममता बनर्जी और रेखा गुप्ता, दो ही महिला मुख्यमंत्री हैं। बहरहाल केजरीवाल सरकार की मुफ्त योजनाओं को जारी रखना, प्रदूषण कम करने की शुरुआत करना, स्वच्छ पेयजल, सडक़ों का परिसंस्कार और यमुना की सफाई जैसे मसलों पर परीक्षा होगी।

दिसंबर, 1998 में मुख्यमंत्री रहीं सुषमा स्वराज के बाद रेखा गुप्ता दिल्ली की दूसरी भाजपाई मुख्यमंत्री हैं। यदि शीला दीक्षित और आतिशी को भी गिनें, तो वह दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री हैं। देश के 13 राज्यों में भाजपा मुख्यमंत्री हैं, लेकिन महिला मुख्यमंत्री कोई नहीं थी। एनडीए सरकारों का नेतृत्व भी पुरुष मुख्यमंत्री कर रहे हैं। अलबत्ता राजस्थान और ओडिशा में भाजपा की उपमुख्यमंत्री जरूर हैं। अब भाजपा की सूची में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता महिला और वैश्य समुदाय का प्रतिनिधित्व करेंगी, लेकिन अब भी भाजपा किसी दलित को मुख्यमंत्री नहीं बना पाई है। आरएसएस प्रमुख भी आज तक किसी दलित को नहीं बनाया गया है। यह संयोग है अथवा परंपरागत प्रयोग है? रेखा गुप्ता 2025 के विधानसभा चुनाव में पहली बार ही विधायक बनी हैं। हालांकि उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के सचिव तथा अध्यक्ष, तीन बार नगर निगम पार्षद, भाजपा में पदाधिकारी और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के तौर पर 30 लंबे सालों का राजनीतिक सफर पार किया है, लेकिन सवाल किया जा रहा है कि रेखा गुप्ता को ही दिल्ली की मुख्यमंत्री का दायित्व क्यों दिया गया? जबकि कई अनुभवी और 5-6 बार के चुने हुए विधायक भी पार्टी में हैं। इसका साफ जवाब है कि महिला और वैश्य समाज को साधने का प्रयास किया गया है।

### भारत इस सूची मे पड़ौसी देशों की ज्यादा बुरी हालत पर कुछ राहत महसूस कर सकता है

# नेताओं-नौकरशाहों की जिम्मेदारी के बगैर भ्रष्टाचार को मिटाना असंभव

योगेंद्र योगी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार एक दीमक है जिसने देश को खोखला कर दिया है और वह देश को इस बुराई से मुक्त करने के लिए पूरे मनोयोग से काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के इस दृढ़निश्चय के बावजूद भारत में भ्रष्टाचार कैंसर की तरह फैलता जा रहा है। केंद्र की भाजपा सरकार हो या राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें, सभी भ्रष्टाचार के विरुद्ध बड़े दावे-वादे करती रहीं हैं, किन्तु यह समस्या सुरसा के मुंह की तरह विकराल होती जा रही है। करप्शन परसेप्शन इंडेक्स-2024 की भ्रष्टाचार की सूची वाले देशों में भारत 96वें पायदान पर पहुंच गया है। साल 2023 में भारत की रैंक 93 थी।

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने संसद में कहा था कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए एजेंसियों को खुली छूट दे दी है और इसमें सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार एक दीमक है जिसने देश को खोखला कर दिया है और वह देश को इस बुराई से मुक्त करने के लिए पूरे मनोयोग से काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के इस दृढ़निश्चय के बावजूद भारत में भ्रष्टाचार कैंसर की तरह फैलता जा रहा है। केंद्र की भाजपा सरकार हो या राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें, सभी भ्रष्टाचार के विरुद्ध बड़े दावे-वादे करती रहीं हैं, किन्तु यह समस्या सुरसा के मुंह की तरह विकराल होती जा रही है। करप्शन परसेप्शन इंडेक्स-2024 की भ्रष्टाचार की सूची वाले देशों में भारत 96वें पायदान पर पहुंच गया है। साल 2023 में भारत की रैंक 93 थी। भारत इस सूची मे पड़ौसी देशों की ज्यादा बुरी हालत पर कुछ राहत महसूस कर सकता है। भ्रष्टाचार की इस सूची में भारत के पड़ोसी देशों में पाकिस्तान 135 नंबर पर और श्रीलंका 121 पर हैं, जबकि बांग्लादेश की रैंकिंग और भी नीचे 149 पर चली गई है। इस लिस्ट में चीन 76वें स्थान पर है। डेनमार्क सबसे कम भ्रष्ट राष्ट्र होने की सूची में सबसे ऊपर है, उसके बाद फिनलैंड और सिंगापुर हैं। 1995 से 2024 तक भारत में भ्रष्टाचार की औसत दर 78.03 रही, जो 2024 में 96.00 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई और 1995 में 35.00 के रिकॉर्ड निम्नतम स्तर पर पहुंच गई थी। भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक यानी सीपीआई दुनिया में सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली वैश्विक भ्रष्टाचार रैंकिंग है। यह मापता है कि विशेषज्ञों और व्यवसायियों के अनुसार प्रत्येक देश का सार्वजनिक क्षेत्र कितना भ्रष्ट है। प्रत्येक देश का स्कोर 13 विभिन्न भ्रष्टाचार सर्वेक्षणों और आकलनों से प्राप्त कम से कम 3 डेटा स्रोतों लिया जाता है। ये सोर्स विश्व बैंक और विश्व आर्थिक मंच सहित विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा एकत्र किए जाते हैं। सीपीआई की गणना करने की प्रक्रिया की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जारी की जाने वाली सूची यथासंभव मजबूत और सुसंगत है या नहीं। भारत में विदेशी निवेश अपेक्षाकृत नहीं आने का एक प्रमुख कारण भ्रष्टाचार है। भ्रष्टाचार के कारण भारत की



अंतरराष्ट्रीय साख कमजोर है। विदेशी कंपनियां यहां निवेश करने से कतराती हैं। देश के उद्योगपति और लघु व मध्यम व्यवसायी इसकी मार से बच नहीं सके हैं। भारत एक तरफ वैश्विक ताकत बनने की दिशा में अग्रसर है, वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचार की जंजीर इसके बढ़ते कदम को रोक रही है। ऐसा देश का शायद ही कोई चुनाव होगा जिसमें प्रधानमंत्री मोदी भ्रष्टाचार का जिक्र नहीं किया हो। मोदी ने लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव के दौरान भ्रष्टाचार पर प्रहार करने में कसर बाकी नहीं रखी। संसद में दिए गए भाषण में उन्होंने कहा था कि मेरे लिए भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई चुनावी जीत या हार के पैमाने पर नहीं है। मैं चुनाव जीतने या हारने के लिए भ्रष्टाचार से नहीं लड़ रहा हूं। यह मेरा मिशन है, मेरा विश्वास है। मेरा मानना है कि भ्रष्टाचार एक ऐसा दीमक है जिसने देश को खोखला कर दिया है। मैं इस देश को भ्रष्टाचार से मुक्त करने और आम लोगों के मन में भ्रष्टाचार के खिलाफ नफरत पैदा करने के लिए पूरे दिल से काम कर रहा हूं। प्रधानमंत्री के देश से पूरी तरह भ्रष्टाचार के खात्मे के प्रति प्रतिज्ञा लेने के बावजूद यदि यह संक्रामक रोग की तरह बढ़ता ही जा रहा है तो इसके लिए ज्यादातर राजनीतिक दल जिम्मेदार हैं। क्षेत्रीय दलों की हालत यह है कि उनका एकमात्र मकसद किसी भी हालत में सत्ता में बने रहना है। इसके लिए बेशक भ्रष्टाचार से किसी भी हद तक समझौता क्यों न करना पड़े। यही वजह रही है कि इंडिया गठबंधन लगातार चुनावों में शिकस्त खाता रहा है। आश्चर्य यह है कि लोकसभा चुनावों और राज्यों के विधानसभा चुनावों में करारी हार के बावजूद विपक्षी दलों ने भ्रष्टाचार को कभी भी प्रमुख चुनावी मुद्दा नहीं बनाया। भ्रष्टाचार को लेकर हालात ये हैं कि जैसे ही कोई भी विपक्षी दल भ्रष्टाचार का जिक्र करता है, तत्काल सत्तारुढ़ दल न सिर्फ उसके बचाव में उतर आता है बल्कि विपक्षी दल के कारनामे गिनाने लगता है। यही वजह है कि क्षेत्रीय दल अपने राज्यों में मनमानी करने पर आमदा हैं। यदि केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय कोई कार्रवाई करता है तो राज्य के सत्तारुढ़ दल इसे बदले की कार्रवाई करार देने लगते हैं। इसका उदाहरण पश्चिमी बंगाल की ममता बनर्जी सरकार, तमिलनाडु की स्टालिन सरकार और कर्नाटक की सिद्धरमैया की सरकार है। इतना ही नहीं राजनीतिक दलों का भरसक प्रयास होता है कि अदालतों में चल रहे भ्रष्टाचार के मामलों को भी प्रभावित किया जाए। गौरतलब है कि सीनियर वकील हरीश साल्वे सहित देश के 600 से ज्यादा वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर न्यायपालिका पर सवाल उठाने को लेकर चिंता जाहिर की थी। सीजेआई को लिखी चिट्ठी में वकीलों ने कहा था कि ये समूह न्यायिक फैसलों को प्रभावित करने के लिए दबाव की रणनीति अपना रहा है, और ऐसा खासकर सियासी हस्तियों और भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़े मामलों में हो रहा है। चिट्ठी में कहा गया है कि ये समूह ऐसे बयान देते हैं जो सही नहीं होते हैं और ये राजनीतिक लाभ के लिए ऐसा करते हैं। अपनी चिट्ठी में वकीलों ने ऐसे कई तरीकों पर प्रकाश डाला है, जिनमें न्यायपालिका के तथाकथित 'स्वर्ण युग' के बारे में झूठी कहानियों का प्रचार भी शामिल है। न्यायपालिका तक को प्रभावित करने के प्रयासों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत में भ्रष्टाचार किस हद तक व्याप्त है। देश की भ्रष्टाचार में रैंकिग बेशक बढ़ रही हो, इसके बावजूद विगत चुनावों में भाजपा अकेली पार्टी रही, जिसने भ्रष्टाचार के खात्मे की बात कही। अन्य दल तो इस मुद्दे पर चर्चा करने तक से कतराते हैं। विपक्षी दलों ने केंद्र के सत्तारुढ दल को भ्रष्टाचार में लपेटने की कई बार नाकाम कोशिश की है, चाहे वह मुद्दा युद्धक विमान राफेल की खरीद का हो या अडानी गुरप से जुड़ा हुआ हो। विपक्षी दल सुप्रीम कोर्ट तक में भ्रष्टाचार के मामले को ले गए पर इसे साबित नहीं कर पाए। ऐसा भी नहीं है कि भाजपा भ्रष्टाचार को लेकर दूध की धुली है। भाजपा का दामन थामने वाले विपक्षी दलों के नेताओं के ऐसे मामलों को नजरांदाज किया जाता रहा है।

दृष्टि कोण

# अमरीका से निष्कासित हो रहे भारतीय

**अपने** देश को छोडक़र किसी दूसरे देश में जाने के लिए उस देश की सरकार से वीजा लेना पड़ता है। वीजा लेने की यह व्यवस्था बीसवीं शताब्दी में ही शुरू हुई थी। उससे पहले लोग इच्छानुसार एक स्थान से दूसरे स्थान पर आ-जा सकते थे। लेकिन उसके बाद व्यवस्था बदल गई। पर एक दूसरी समस्या आ गई। जरूरी नहीं कि जिस देश में आप जाना चाहते हैं वहां की सरकार आपको वीजा दे ही दे। लेकिन यदि जाना बहुत ही जरूरी हो तो बिना वीजा भी जाने के रास्ते हैं। लेकिन उन रास्तों पर ले जाने के लिए दुनिया भर में गिरोह बने हुए हैं। ये गिरोह अपने आपको एजेंट कहते हैं। बिना वीजा के लोगों को विभिन्न देशों की सरहदें पार करवा देने के काम को पंजाब में डोंकी फ्लाइट कहा जाता है। यदि आप किसी दूसरे देश में वीजा लेकर जाते हैं तो परिवहन की रेगुलर फ्लाइट से जाएंगे। यदि बिना वीजा जाते हैं तो डोंकी फ्लाइट से जाएंगे। रेगुलर फ्लाइट का किराया तो बहुत कम है, लेकिन डोंकी फ्लाइट का किराया पचास लाख से लेकर एक करोड़ तक हो सकता है। अलबत्ता इतना निश्चित है कि यदि डोंकी फ्लाइट से यात्री जाता है तो पकड़े जाने पर देश वापसी रेगुलर फ्लाइट से ही होगी। अब जब ऐसा हो रहा है तो बहुत हो-हल्ला होगा ही। लेकिन असली प्रश्न है कि लोग बिना वीजा लिए अमेरिका-कनाडा जाते क्यों हैं? यह प्रश्न बहुत ही उलझा हुआ है। इसका उत्तर जलेबीनुमा ही हो सकता है। यदि यह मान ही लिया जाए कि अपने मुल्क में नौकरी नहीं मिलती, इसलिए दूसरे देश में नौकरी की तलाश में लोग चले जाते हैं। लेकिन पंजाब और गुजरात से तो उन परिवारों के युवा जा रहे हैं जिनका अच्छा खासा व्यवसाय है। भरी-पूरी खेती है। पंजाब में तो बहुत से आईएएस प्रशासकों ने कनाडा की पीआरशिप ले रखी है। उनके लिए तो बेरोजगारी समस्या नहीं है। बहुत से युवा तो नौकरी छोड़ कर विदेश जाने के लिए 'गधे पर सवार' (डोंकी फ्लाइट) हो रहे हैं। पंजाब में तो अच्छी भली खेती कर रहे युवा खेत बेच कर उत्तरी अमेरिका में मजदूरी तक करने के लिए भाग रहे हैं। इसलिए यह प्रश्न बहुत गुंझलदार है। इसकी तह में जाने की बजाय उस काले धंधे के एजेंटों की दुनिया में झांकने की कोशिश करते हैं जो 'गधा एअरवेज' का संचालन करते हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भी डोंकी फ्लाइट वालों की वतन वापसी को लेकर बहुत चिंतित हैं। लेकिन उनकी चिंता महज इतनी ही है कि डोंकी फ्लाइट से गए यात्रियों को वापस ला रहे जहाज अमृतसर हवाई अड्डा पर न उतरें, बल्कि वे दिल्ली या अहमदाबाद में उतरें। वैसे गधा एअरवेज कैसे आपरेट करती हैं, इसकी थोड़ी बहुत मालूममात भगवंत मान को भी होगी ही क्योंकि बहुत बार कलाकारों के जत्थे भी ऐसे अभियानों में पाए जाते हैं। गधा एअरवेज अरबों की आर्थिक राजनीति है। एक-एक यात्री से लाखों रुपए वसूले जाते हैं। यह गधा एअरवेज बिना सुसंगठित तंत्र के तो चलाई नहीं जा सकती। यह एअरवेज गैर कानूनी है, इसमें तो कोई शक नहीं। फिर भी यदि यह सफलतापूर्वक चल रही है तो इसके अनेक स्टेकहोल्डर होंगे ही। सबसे बड़ा स्टेकहोल्डर तो वे हैं जो उत्तरी अमेरिका के दिवास्वप्न दिखाते हैं। सबसे बड़ा स्वप्न है कि 'कनाडा और अमेरिका में 'शरण' मिलने की संभावना है। हम यह शरण दिलवा सकते हैं, लेकिन इसके लिए इतने लाख रुपया देना होगा।' क्या भगवंत मान यह नहीं जानते कि कनाडा या अमेरिका में शरण दिलवाने की एजेंसी किन लोगों ने खोल रखी है? इस एजेंसी को पकडऩे के लिए पंजाब सरकार ने अभी तक कोई कदम उठाया है? यदि नहीं उठाया तो उसका क्या कारण है? आर्थिक कारण या राजनीतिक कारण? अमेरिका में डोंकी फ्लाइट के माध्यम से जब एक युवक ने अमेरिका में प्रवेश किया और कुछ दिन बाद ही अमेरिकी पुलिस ने उसे पकड़ कर नजरबन्द कर दिया तो उसने सबसे पहले अपने घर फोन करके नजरबन्द होने की ही 'खुशखबरी' दी। जेल में जाना खुशखबरी कैसे हो सकती है? उसने इसका भी खुलासा किया। अब 'वह अमेरिका में शरण के लिए आवेदन न्यायालय में प्रस्तुत करेगा। कोर्ट में लम्बा केस चलेगा। कुछ दिन बाद जमानत पर नजरबन्दी से छूट जाएगा। तब तक तो अमेरिका से कानूनन ही कोई निकाल नहीं पाएगा। आशा है अंततः शरण मिल जाएगी।' क्या पंजाब सरकार का धर्म नहीं है कि वह शरण दिलवाने के लिए झूठे-सच्चे कागज मुहैया करवाने की चल रही फैक्टरी पर शिकंजा कसे। गधा एअरवेज का संचालन करने वाले एजेंटों पर कभी पंजाब सरकार ने कार्रवाई की? यह एअरवेज तो कई दशकों से चल रहा है।

कुछ अलग

# मेरा फोन टेप करो...

**राजनेताओं** के फोन टेप हो रहे हैं और मैं टुकुर-टुकुर देख रहा हूं। मैं सार्वजनिक घोषणा करता हूं कि मेरा फोन भी टेप किया जाए। मैं फोन टेपिंग से डरता नहीं हूं। पता नहीं राजनेता इससे डरते क्यों है? डरने की इसमें बात क्या है, राजनेता का जीवन तो खुली किताब की तरह होता है। उसका जीवन राष्ट्रहित को समर्पित होता है, इसलिए उनके फोन भी राष्ट्रीयता से ही भरे हुए होंगे, इसमें आरोप-प्रत्यारोप की बात ही क्या है! वे डरें तो डरें लेकिन मैं फोन टेपिंग से तनिक भी नहीं घबराता हूं, क्योंकि मेरे फोन में कोई आपत्तिजनक वार्ता सम्मिलित है ही नहीं। सरकार से मैं करबद्ध प्रार्थना करता हूं कि वे मेरा फोन मुझे बता कर टेप कर ले या चुपचाप करा ले, मैं दोनों ही स्थितियों के लिए तैयार हूं। अरे भाई मैं कोई साजिश तो रच नहीं रहा अथवा देशद्रोह जैसा अपराध भी नहीं कर रहा, इसलिए मैं निर्भय हूं। मुझे सांसदों अथवा विधायकों की खरीद-फरोख्त नहीं करनी, किसी की सरकार न बनानी और न गिरानी तो, मैं डरूं क्यों? मैं थोड़ा सा अपने फोनों का विवरण बता दूं कि मेरे फोन मेरे एकदम वैयक्तिक हैं, किसी षड्यंत्र का भाग नहीं है। मित्रों व परिजनों से कुशलक्षेम के फोन, हारी-बीमारी में एक-दूसरे के हाल-चाल जानने के फोन और गांव में माता-पिता कैसे हैं, उनकी कुशलता जानने के अलावा फोनों में रखा क्या है! मेरे एक मित्र हैं, वे पढ़े-लिखे हैं, बुद्धिजीवी हैं, उनके फोन अवश्य देश की चिंता को लेकर आते हैं। उसमें भी यही विश्लेषण होता है कि आखिर देश को और सरकार को अथवा राजनेताओं को हो क्या गया है कि वे इसे रसातल में ले जाने को उतारू हो रहे हैं। अब कोई रिश्वत और कमिशन खाए तो यह तो वार्ता होगी नहीं कि उसने यह अच्छा कार्य किया है। उसकी आलोचना ही होती है और यह अधिकार अभिव्यक्ति के रूप में संविधान ने नागरिक रूप में हमें दिया हुआ है। इस फोन वार्ता में आपत्तिजनक है क्या? देश को सरासर लूटो, गबन-घोटाला करो तो उस आदमी की आलोचना तो आम आदमी भी करेगा ही। इसलिए यदि मेरी इन फोनवार्ताओं के आधार पर मेरा कोई विधिसम्मत मामला भी बनता है तो मैं इसके लिए सहर्ष तैयार हूं। मुझे अपने देश और लोकतंत्र की पैरवी करने का जन्मसिद्ध अधिकार है। एक फोन मुझे नियमित रूप से डॉक्टर से और अपने दवा वाले को करना पड़ता है। भाई यह दवा खत्म हो गई, दे जाना और बिल बनाकर पैसे ले जाना। डॉक्टर से भी रुग्णता के समाचार बताकर दवाओं को समझना पड़ता है। अब यह कोई हवाला का तो लेन-देन है नहीं, जो मैं डरूं! महिलाओं के भी फोन आते हैं। कुछ महिलाएं मुझसे बात करना चाहती हैं तो कुछ मेरी धर्मपत्नी से। लेकिन इन फोनों में भी सीडी बनाने लायक वार्तालाप कुछ नहीं है। साफ-सुथरी वार्ताएं हैं, जो मैं महिलाओं से भी करता हूं। अश्लील वार्तालाप करूं तो सामने वाला सूरत नहीं बदल देगा। मेरा कहने का आशय यह है कि चुपके-चुपके फोन वार्ता करने जैसी कोई बात नहीं है। जरूरतों का मारा आम आदमी हूं, इसलिए एय्याशी की वार्ता का भी सवाल नहीं है। कोई अवैध व्यवसाय करता नहीं हूं जिसमें डरने जैसी कोई बात हो। मेरा मतलब है न तो मैं कोई काम करवाने का पैसा लेता, न किसी की हत्या की सुपारी लेता अथवा तस्करी नहीं करता और न ही कोई दो नंबर का काम करता, तो फिर मुझे फोन टेपिंग से डरने की क्या बात है। आराम से करो मेरा फोन टेप, मुझे खुशी होगी।

देश दुनीया से

# अधिक से अधिक प्ले फील्ड बनाओ

**किसी** भी सभ्यता या देश को इतनी क्षति युद्ध या महामारी से नहीं होती है जितनी तबाही नशे के कारण हो सकती है। आज जब देश के अन्य राज्यों सहित हिमाचल प्रदेश में भी नशा युवा वर्ग पर ही नहीं, किशोरों तक चरस, अफीम, स्मैक, नशीली दवाओं तथा दूरसंचार के माध्यमों के दुरुपयोग से शिकंजा कस रहा है। इसलिए सरकार, स्कूल प्रशासन व अभिभावकों को इस विषय पर सचेत हो जाना चाहिए। यदि विद्यार्थी किशोरावस्था में नशे से बच जाता है तो वह फिर युवावस्था आते-आते समझदार हो गया होता है। इसलिए विद्यालय स्तर पर माध्यमिक से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विभिन्न विधाओं में व्यस्त रखने के साथ-साथ शारीरिक फिटनेस की तरफ मोडऩा बेहद जरूरी हो जाता है। इसलिए शिक्षा संस्थानों, स्थानीय पंचायत तथा गांव व मोहल्ला स्तर पर खुले मैदानों व इंडोर प्ले फील्ड का होना बहुत जरूरी है। मानव का सर्वांगीण विकास शिक्षा के बिना अधूरा है। शिक्षा की परिभाषा में साफ-साफ लिखा है कि यहां शारीरिक व मानसिक दोनों तरह से बराबर विद्यार्थियों का विकास करना है जिससे वह आगे चलकर जीवन को सफलतापूर्वक खुशहाल जी सके। शारीरिक विकास के लिए खेलों के माध्यम से फिटनेस कार्यक्रम बहुत जरूरी हो जाता है। खेल ही वह माध्यम है जिसके द्वारा विद्यार्थी को नशे से दूर रखा जा सकता है। इस विषय पर इस कॉलम के माध्यम से पहले भी अनेकों बार अभिभावकों व विद्यालय प्रशासन को सचेत किया है कि अपने विद्यार्थी बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में अब तो सोच कर कुछ हल निकालो। पड़ोसी राज्य पंजाब एक समय तरक्की में देश का अग्रणी राज्य था। इस सबके पीछे कारण तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरों की दूरगामी सोच थी। खेलों में उत्कृष्टता उस प्रदेश की तरक्की व खुशहाली का भी पैमाना होती है। पंजाब में हजारों प्रशिक्षक विभिन्न खेलों में खेल प्रशिक्षण के लिए नियुक्त होने के साथ-साथ खेल प्रशिक्षण के लिए आधारभूत ढांचा होना वहां के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रमुख कारण रहा था। बाद में जब पंजाब धीरे-धीरे खेलों से दूर हुआ तो पहले वहां आतंकवाद और फिर आजकल पंजाब नशे का अड्डा बना हुआ है। यही कारण है कि हर क्षेत्र में आज हरियाणा पंजाब से काफी आगे निकल गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने एशियाई, राष्ट्रमंडल व ओलंपिक खेलों में पदक विजेता होने पर खिलाडियों को करोड़ों रुपए के नगद ईनाम व सम्मानजनक नौकरी देकर हरियाणा में खेलों के लिए बहुत ही उपयुक्त वातावरण तैयार किया है। उसी का नतीजा है कि आज हरियाणा का हर किशोर व युवा किसी न किसी खेल के मैदान में नजर आता है। नब्बे के दशक चलते ही हिमाचल प्रदेश में खेलों के लिए तत्कालीन खेल मंत्री रामलाल ठाकुर ने शुरुआती दौर में अच्छा कार्य किया था। प्रेम कुमार धूमल ने राज्य में अंतरराष्ट्रीय खेल ढांचा, सरकारी नौकरियों में तीन प्रतिशत आरक्षण तथा प्रशिक्षकों की नियुक्ति करके खेलों को गति दी। जयराम सरकार में पहले गोविंद ठाकुर व बाद में राकेश पठानिया ने खेल मंत्री रहते हुए नई खेल नीति दी जिसमें काफी आकर्षक व नगद ईनाम रखे हैं। अब सुक्खू सरकार ने कुछ ईनामों में और सम्मानजनक बढ़ोतरी कर दी है। अच्छा होता राज्य प्रशिक्षक भी भर्ती होते क्योंकि खिलाड़ी तो प्रशिक्षक ही बनाएगा, मगर सरकार तो ठेके पर मजदूर की दिहाड़ी पर अब प्रशिक्षक व अन्य कर्मचारी नियुक्त कर रही है। जब लाखों बच्चों के लिए फिटनेस कार्यक्रम बनेगा तो उसमें से ही फिट नागरिक प्रदेश को मिलेंगे। हिमाचल प्रदेश इस समय शिक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में गिना जाता है। पिछले कुछ दशकों से हिमाचल प्रदेश के नागरिकों की फिटनेस में बहुत कमी आई है। इसका प्रमुख कारण है विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम का न होना। रट्टे वाली पढ़ाई की होड़ में हम विद्यार्थियों की फिटनेस को ही भूल गए हैं। हिमाचल प्रदेश की अधिकांश आबादी गांव में रहती थी। वहां पर सवेरे-




शाम वर्षों पहले विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ कृषि व अन्य घरेलू कार्यों में सहायता करता था। विद्यालय आने-जाने के लिए कई किलोमीटर दिन में पैदल चलता था। इसलिए उस समय के विद्यार्थी को किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम की कोई जरूरत नहीं थी। आज का विद्यार्थी घर के आंगन में बस पर सवार होकर विद्यालय के प्रांगण में उतरता है। पढ़ाई के नाम पर ज्यादा समय खर्च करने के कारण फिटनेस के लिए कोई समय नहीं बचता है। अधिकांश स्कूलों के पास फिटनेस के लिए न तो आधारभूत ढांचा है और न ही कोई कार्यक्रम है। आज का विद्यार्थी फिटनेस व मनोरंजन के नाम पर दूरसंचार माध्यमों का कमरे में बैठ कर खूब दुरुपयोग कर रहा है। ऐसे में विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास की बात मजाक लगती है। आज के विद्यार्थी के लिए विद्यालय या घर पर आधे घंटे के फिटनेस कार्यक्रम की सख्त जरूरत है। इसमें 15 से 20 मिनट धीरे-धीरे दौडऩा तथा विभिन्न कोणों पर शरीर के जोड़ों की विभिन्न क्रियाओं को पूरा करने के बाद शरीर को कूलडाऊन करना होगा। कई मिनटों तक शारीरिक क्रियाओं के करने से रक्त वाहिकाओं में रक्त संचार तेज हो जाता है। हर मसल व अंग को उपयुक्त मात्रा में प्राणवायु मिलने से उसका समुचित विकास होता है। आज के विद्यार्थी को अगर कल का अच्छा नागरिक बनाना है, तो हमें विद्यालय व घर पर उसके लिए सही फिटनेस कार्यक्रम देना होगा और उसके लिए जगह यानी प्ले फील्ड चाहिए। अगर हम अपनी आगामी नस्लों की नशे से भी दूरी बना पाते हैं, तभी हम सही अर्थों में अपनी आगामी पीढ़ी को बचा सकते हैं।

आप का नजरीया

# अब सिर्फ पुलिस नहीं

**चौकीदार** समाज बन जाए, तो प्रशासन के कान भी सुनते हैं। बेशक सुक्खू सरकार का जीरो टॉलरेंस 'चिट्टे' के खिलाफ ऐलान-ए-जंग बन के चारों तरफ गूंज रहा, लेकिन असली चाबुक लिए कहीं जनता भी निकल पड़ी है। पंचायतों ने खिड़कियां खोल के देखा, तो सामने जिम्मेदारी नजर आई। सूचनाएं अब हर पहर का पहरा हैं, तेरे गुंबद हिलने की खबर तक रखती हैं। पहली बार आंखें और कानों के सामने 'चिट्टे' के खिलाफ एक मुहिम सी उभरने लगी है। यह एक सामाजिक आंदोलन की तरह बढऩे लगा और अब हर सुराग का पता लगाने की चेष्टा होने लगी है। बेशक पुलिस वर्षों से नशे के खिलाफ कार्य कर रही है, लेकिन पहले केवल 'चिट्टा' पकड़ा जा रहा था, अब समाज ने उस नेटवर्क को खोजना शुरू किया है जो हमारे घर तक पहुंच गया। अगर एक कल्याण अधिकारी चिट्टे का व्यापारी बन रहा है और एक पटवारी नशे की जमाबंदी कर रहा है, तो यह उद्योग की तरह हमारी मानसिकता में घुसा है। अब चेहरे नजर आने लगे हैं, तो कानून की पढ़ाई के बाद एक मोहतरमा वकील की दलील से नशे के घाट नजर आने लगे हैं। हैं बहुत सारे लोग जिनकी पनाह में पलता रहा है चिट्टा। यहां चिट्टे की गोद है, जहां बचपन से जवानी को मौत के घूंट पिलाने का सिलसिला आबाद है। हर खेप के पीछे अगर कोई है, तो हुजूम में पुलिस वाला या कोई मेडिकल डिग्री वाला भी मिल रहा है। पिछले छह महीनों में 50 करोड़ का चिट्टा पकड़ा गया, तो इससे सौ गुना आया होगा और वर्षों से रगों में घुस रहा, उसकी गवाही में कई श्मशानघाट और उजड़ती बस्ती में किसी घर में मां-बाप की सिसकियां ताकीद करती हैं। नेरचौक की नशा विरोधी महापंचायत का आयोजन एक बहुत सार्थक कदम है, जहां 44 पंचायतों का प्रण एक दीवार की तरह है, एक ललकार की तरह है। दरअसल भटके हुए युवाओं पर नजर रखने के लिए समाज तैयार हो रहा है। जहां आज का युवा खो रहा है, वहां से ढूंढ कर उसे वापस लाने के विकल्प भी तैयार करने होंगे। सरकारी तौर पर कई प्रयत्न और प्रसंग मिल जाएंगे, लेकिन सवाल यह है कि क्या हमारा अपना भाईचारा, सुबह-शाम मिलता है। क्या हमारे आंगन से पड़ोसी का आंगन मिलता है। क्या हमारे स्कूल के खेल मैदान पर बचपन अब जवानी तक चलता है। क्या गांव की छिंज में गांव का पहलवान, अपनों के सामने कोशिश करता है। हमने गांव का गीत-संगीत बदल दिया, रहन-सहन, खान-पान बदल लिया। हम पूछते नहीं कि कौन किधर जा रहा है। एक संपर्क की तलाश में हम सभी सियासत का पक्ष और पक्षधर हो गए। स्कूल का भाषण, मुख्यातिथि का अभिभाषण और राजनेताओं का महिमामंडन अब हमारी दौलत है। हमारे मुद्दे अब मुर्दा गवाही की नस्ल हो गए, हम अपने लिए हक हकूक के मालिक हो गए। सफलताओं के इस दौर में हमारी अपनी नस्ल पर सामाजिक विकृतियों का असर इस कद्र है कि कहीं हमने उन्हें बिल्कुल अकेला या सपनों की खीज से भर दिया। चारों तरफ अकादमियों और सपनों की आजमाइश संघर्ष में जो अकेला रह गया, उसे जिंदगी में बसाने के लिए सामुदायिक हाथ चाहिए।



# अमेरिका धोखेबाज है पर रूस भारत का है पक्का दोस्त

मास्को

अमेरिका की भारत से यारी दिखावा है। वजह है टैरिफ। जी हां, एक ओर वह भारत को अच्छा दोस्त बताते हैं, दूसरी ओर वह भारत पर टैरिफ की धमकी देते हैं। ऐसे ही मौकों पर हमें समझ आता है कि हमारा पक्का यार तो रूस ही है। रूस ही हमारा ऐसा पकिया यार है जो हर वक्त भारत के साथ खड़ा रहता है। भारत भी उसके मुश्किल घड़ी में खड़ा रहा है। चाहे वह अमेरिका का प्रतिबंध का वक्त हो या यूक्रेन संग जंग।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारत का अगर कोई पक्का वाला दोस्त है तो वह है रूस। उधर यूक्रेन जंग पर पुतिन को ट्रंप झांसे में लेने की कोशिश में जुटे हैं। इधर होली से पहले भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर रूस से अपनी दोस्ती का रंग और गाढ़ा करने में जुटे हैं। जी हां, गुरुवार को साउथ अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में विदेश मंत्री एस जयशंकर और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के बीच मुलाकात हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-रूस द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति पर चर्चा की। रूस और यूक्रेन का युद्ध कैसे खत्म हो, इस पर भी दोनों देशों के विदेशमंत्री के बीच बातचीत हुई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के उपाय सुझाए। जयशंकर दो दिन के दौरे पर दक्षिण अफ्रीका गए हैं। उन्हें जी20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेना है। रूसी विदेश मंत्री लावरोव संग मुलाकात वाली तस्वीरें एस जयशंकर ने अपने एक्स हैंडल पर शेयर किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, जोहान्सबर्ग में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मिलकर खुशी हुई। दोनों के बीच क्या-क्या बातची हुई, इसका विवरण भी दिया। उन दोनों ने भारत-रूस द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति की समीक्षा की। यानी दोनों देश एक-दूसरे के सहयोग से कैसे और आगे बढ़ सकते हैं, इस पर बात हुई। इतना ही नहीं, जयशंकर और लावरोव ने यूक्रेनजंग से जुड़े हालिया घटनाक्रम पर चर्चा की, जिसमें रियाद बैठक भी शामिल है। रियाद में पुतिन और ट्रंप के प्रतिनिधि मिले थे और यूक्रेन जंग पर शांति की कवायद पर बातचीत हुई है। सोशल मीडिया पर कई वीडियो में जयशंकर और लावरोव हाथ मिलाते हुए देखे गए। एक वीडियो में दोनों नेता एक साथ पोज देते और बाद में अन्य नेताओं के साथ बातचीत के लिए बैठते दिख रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अमेरिकी कोर्ट ने हादी मतार को लेखक रुश्दी पर हमले का दोषी ठहराया



**न्यूयॉर्क**। पश्चिमी न्यूयॉर्क स्थित चौटाउक्वा काउंटी कोर्ट ने भारतीय-ब्रिटिश लेखक सलमान रुश्दी पर तीन साल पहले चाकू से हमला करने के आरोपित 27 वर्षीय हादी मतार को दोषी करार दिया। रुश्दी पिछले सप्ताह शुरू हुई गवाही प्रक्रिया के दौरान मुख्य गवाह रहे। रुश्दी ने जूरी के सदस्यों को अपनी दाहिनी आंख भी दिखाई जिसकी रोशनी हमले के कारण चली गई है। जूरी ने हादी मतार को उस व्यक्ति पर भी हमला करने का दोषी पाया जो उस समय रुश्दी के साथ मंच पर था। सलमान रुश्दी पर हमले का वाकया 12 अगस्त, 2022 का है। आरोपित ने मंच पर चढ़कर रुश्दी पर 15 बार चाकू से वार किया। इस हमले में 77 वर्षीय लेखक के एक आंख की रोशनी चली गई। जज ने सजा के लिए 23 अप्रैल की तारीख तय की है। मतार को 32 साल तक की जेल हो सकती है। जिला अटॉर्नी जेसन शिमट ने शुक्रवार को जिरह के दौरान जूरी को हमले का वीडियो दिखाया। इसमें हमलावर मंच पर चढ़कर रुश्दी की ओर दौड़ता दिख रहा है। बुकर पुरस्कार विजेता रुश्दी ने जूरी सदस्यों को बताया कि हमलावर उन पर तब तक चाकू से वार करता रहा जब तक कि आसपास खड़े लोगों ने उसे दबोच नहीं लिया। शिमट ने जूरी सदस्यों को एक ट्रॉमा सर्जन की गवाही की याद दिलाई, जिसने कहा था कि रुश्दी की चोटें त्वरित उपचार के बिना घातक हो सकती थीं।

### हमास ने गाजा में छह बंधक रिहा किए, समझौते के अगले चरण के लिए रखी शर्त

**गाजा पट्टी**। आतंकवादी समूह हमास और इजराइल के बीच कतर में पिछले माह हुए संघर्ष विराम और



बंधकों की रिहाई समझौते ने आज कई परिवारों के चेहरों में खुशी लौटा दी। हमास के नकाबपोश सशस्त्र लड़ाकों ने आज सुबह (स्थानीय समयानुसार) मध्य गाजा के नुसीरात में ओमर शेम टोव (22), एलिया कोहेन (27) और ओमर वेनकर्ट (23) को रेडक्रॉस के अधिकारियों को सौंप दिया। इसके अलावा हमास की कैद से आजाद हुए टाल शोहम (40) और एवेरा मेंगिस्टु 38) इजराइल पहुंच गए। गाजा सिटी में रिहा होने वाला छठा बंधक हिशाम अल-सईद (37) है। हमास ने समझौते के अगले चरण में बाकी बंधकों की रिहाई के लिए शर्त रखी है। एवेरा मेंगिस्टु और उनके परिवार के कुछ सदस्यों को हवाई मार्ग से गाजा सीमा के पास एक इजराइली सैन्य अड्डे पर पहुंचाया गया। वहां से सभी को इजराइली वायु सेना के हेलीकॉप्टर से मध्य इजराइल के एक अस्पताल ले जाया गया। मेंगिस्टु को जांच के बाद घर भेजा जाएगा। शोहम और मेंगिस्टु को सुबह दक्षिणी गाजा के शहर राफाह में रिहा किया गया। इन दोनों को सात अक्टूबर, 2023 को किबुत्ज बेरी से अगवा किया गया था।

### जेलेंस्की को राष्ट्रपति के पद से हटाने की योजना बना रहे ट्रंप



**कीव**। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का सबसे बड़ा चुनावी वादा था कि वह सत्ता में आने पर रूस और यूक्रेन युद्ध तुरंत प्रभाव से रुकवा दूंगा। लेकिन अब ऐसा लगाता हैं कि युद्ध रुकवाने से ज्यादा ट्रंप की मंशा यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को पद से हटाने की है। वह बीते कुछ दिनों से जेलेंस्की पर हमलावार दिख रहे हैं। ट्रंप ने जेलेंस्की को तानाशाह बताकर कहा था कि यूक्रेन में जेलेंस्की की अप्रूवल रेटिंग तेजी से कम हुई है। उन्हें अब पद पर रहने का कोई हक नहीं है। इसके बाद साफ हो गया हैं कि ट्रंप चाहते हैं कि जेलेंस्की को पद से हटाकर किसी नए चेहरे को सत्ता में बैठाया जाए। लेकिन सवाल उठता है कि जेलेंस्की की जगह वे कौन से चेहरे हैं, जिन्हें यूक्रेन की बागडोर सौंपी जा सकती है। इसमें सबसे बड़ा नाम यूक्रेन के पूर्व राष्ट्रपति पेट्रो पेरोशेंको का है। पेराशंको को सबसे बड़ा दावेदार बताया जा रहा है। वह यूक्रेन के राष्ट्रपति भी रह चुके हैं। तब अमेरिका में ट्रंप राष्ट्रपति थे। उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे जिसके बाद वे अगला चुनाव नहीं जीत सके। दूसरा नाम दिमित्रो कुलेबा का है। उन्हें जेलेंस्की का उत्तराधिकारी माना जा रहा है। यूक्रेन के अगले राष्ट्रपति को लेकर जो भी सर्वे हुए हैं, उनमें कुलेबा प्रमुखता से आगे रहे हैं। वे जेलेंस्की की सरकार में विदेश मंत्री रहे हैं। उनका 2023 में पाकिस्तान का दौरा बहुत चर्चा में रहा था जहां यूक्रेन और पाकिस्तान के बीच हथियारों को लेकर डील की बहुत चर्चा हुई थी। इसके अलावा तीसरे दावेदार विताली किम हैं। वे मायकोलेव ऑब्लास्ट गवर्नर रह चुके हैं। वह यूक्रेन के बड़े कारोबारी भी हैं।

# बड़बोले निकले डोनाल्ड ट्रंप–निर्वासन अभियान में बाइडेन से रह गए पीछे

वॉशिंगटन

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप काम कम बाते ज्यादा कर रहे हैं। उन्होंने चुनाव के दौरान कहा था कि अमेरिका से अवैध प्रवासियों को इतिहास के सबसे बड़े निर्वासन अभियान के तहत बाहर करेंगे। लेकिन सत्ता में लौटने के बाद उनका यह ऑपरेशन उम्मीद के मुताबिक रफ्तार नहीं पकड़ पाया है।**



एक रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी 2025 में ट्रंप प्रशासन ने 37,660 लोगों को देश से बाहर निकाला, जो कि जो बाइडेन के कार्यकाल के अंतिम पूर्ण वर्ष में औसत 57,000 प्रति माह से काफी कम है। हालांकि, ट्रंप प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि आने वाले महीनों में निर्वासन की संख्या में तेजी आएगी, क्योंकि अब गिरफ्तारियों और निष्कासन के नए रास्ते खोले जा रहे हैं।

ट्रंप प्रशासन ने वेनेजुएला के प्रवासियों को ग्वांतानामो बे स्थित अमेरिकी नौसैनिक अड्डे पर भेजना शुरू कर दिया है। जनवरी के अंत में ट्रंप ने घोषणा की थी कि वहां 30,000 प्रवासियों को रखने की योजना बनाई जा रही है, हालांकि मानवाधिकार संगठनों ने इस कदम पर नाराजगी जताई है।

ट्रंप प्रशासन अब उन प्रवासियों को भी निशाने पर ले रहा है जिनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है लेकिन जिनके खिलाफ अंतिम निर्वासन आदेश जारी हो चुका है। हाल ही में न्याय विभाग ने एक नया निर्देश जारी किया है, जिससे आव्रजन अदालतों के अंदर से ही आईसीई अधिकारियों को गिरफ्तारियां करने की अनुमति मिल गई है। इसके अलावा, अमेरिका ने वेनेजुएला के कुख्यात आपराधिक गिरोह सहित सात अन्य गैंग्स और ड्रग कार्टेल्स को आतंकी संगठन घोषित कर दिया है। इस कदम से इनसे जुड़े प्रवासियों को निर्वासित करना और भी आसान हो जाएगा।

ट्रंप प्रशासन ने अपने पहले तीन हफ्तों में 14,000 से अधिक प्रवासियों को गिरफ्तार किया, जो कि पिछली औसत दर से लगभग दोगुना है। लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि शुरूआती बढ़त के बावजूद इस अभियान को तेजी से आगे बढ़ाना आसान नहीं होगा। आईसीई के पास इस समय 41,100 प्रवासियों को हिरासत में रखने की क्षमता है, जबकि नए बजट में इसे बढ़ाने पर चर्चा जारी है।

## ट्रंप ने सेना के टॉप जनरल को किया बर्खास्त



**वॉशिंगटन**। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी कार्यशैली को लेकर पूरी दुनिया में चर्चित हैं। कब कौन सा आदेश निकाल दें कोई नहीं जानता। बीते रोज ट्रंप ने टॉप जनरल को बर्खास्त कर अपने ही अधीनस्थों में खौंफ पैदा कर दिया है। उन्होंने बड़ा फैसला लेते हुए शुक्रवार को अपने टॉप मिलिट्री जनरल को बर्खास्त कर दिया। ज्वाइंट चीफ्स चेयरमैन जनरल चार्ल्स क्यू. ब्राउन जूनियर को नौकरी से निकालकर बर्खास्त कर दिया। यही पहली बार हुआ है कि प्रशासन बदलने पर देश के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी को इस तरह बाहर किया गया है। ट्रंप ने सी.क्यू. ब्राउन को पद से हटाने का ऐलान करते हुए कहा कि उनकी जगह अब रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल डैन कैन लेंगे। इसके साथ ही उन्होंने संकेत दिया कि आने वाले दिनों में सेना में भी बड़े बदलाव हो सकते हैं। अमेरिका के सरकारी कर्मचारियों पर लगातार हो रहे एक्शन के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने ज्वाइंट चीफ्स चेयरमैन जनरल चार्ल्स क्यू. ब्राउन जूनियर को बर्खास्त कर दिया है। सोशल मीडिया अकाउंट टु पर लिखा पोस्ट में ट्रंप ने अमेरिका की सेवा के लिए ब्राउन को धन्यवाद दिया और उन्हें एक अच्छा सज्जन बताया।

# एआई मॉडल भी समय के साथ हो सकते हैं कमजोर: अध्ययन



लंदन

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की क्षमता को लेकर दिसंबर 2024 में किए गए एक शोध में दावा किया गया है कि एआई मॉडल भी समय के साथ कमजोर हो सकते हैं, ठीक वैसे ही जैसे इंसानों का दिमाग उम्र के साथ धीमा पड़ने लगता है। नई स्टडी में चौंकाने वाले नतीजे सामने आए हैं। इस रिसर्च में ओपन एआई के चैटजीपीटी-4 और चैटजीपीटी-4श, अंथ्रोपिक के क्लाउड 3.5 और अल्फाबेट के जेमिनी 1.0 व 1.5 जैसे टॉप एआई मॉडल्स का मानसिक क्षमता परीक्षण किया गया। वैज्ञानिकों ने 'मॉन्ट्रियल काग्नीटिव असेसमेंट' नामक टेस्ट का उपयोग किया, जो आमतौर पर इंसानों में डिमेंशिया और मानसिक गिरावट को परखने के लिए किया जाता है। इस परीक्षण में एआई मॉडल्स के ध्यान, याददाश्त, भाषा समझने की क्षमता और समस्या हल करने की योग्यता को मापा गया। परिणाम हैरान करने वाले थे। चैटजीपीटी-4श ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया और 30 में से 26 अंक हासिल किए, जबकि चैटजीपीटी-4 और क्लाउड 3.5 को 25 अंक मिले। दूसरी ओर, अल्फाबेट के जेमिनी मॉडल्स का प्रदर्शन निराशाजनक रहा, जिसमें जेमिनी 1.0 को केवल 16 अंक मिले। टेस्ट के दौरान एआई मॉडल्स से ध्यान केंद्रित करने, याददाश्त से संबंधित प्रश्नों के जवाब देने, घड़ी बनाने और संख्याओं को जोड़ने जैसे टास्क कराए गए। खास बात यह रही कि कुछ एआई मॉडल्स 'मेमोरी टेस्ट' में बुरी तरह फेल हो गए और दिए गए शब्दों को दोबारा याद नहीं कर पाए। जेमिनी मॉडल्स तो पूरे पांच शब्दों को भूल ही गए। रिसर्च के अनुसार, एआई मॉडल्स की ये मानसिक कमजोरियां 'पोस्टेरियर कार्टिकल अट्रोफी' नामक अल्जाइमर के एक प्रकार से मेल खाती हैं। यानी जैसे इंसानों का दिमाग उम्र के साथ कमजोर होता है, वैसे ही एआई भी समय के साथ आउटडेटेड हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि एआई को हमेशा अपग्रेड करने की जरूरत होती है, लेकिन समय के साथ इसमें मौजूद कुछ डेटा और क्षमताएं कमज़ोर हो सकती हैं। इस अध्ययन ने उन दावों को भी खारिज कर दिया, जिनमें कहा जाता है कि एआई भविष्य में पूरी तरह से डॉक्टरों की जगह ले सकता है। शोधकर्ताओं ने साफ कहा कि मेडिकल क्षेत्र में एआई पर पूरी तरह निर्भर होना खतरनाक हो सकता है, क्योंकि इसकी मानसिक सीमाएं इंसानों जितनी विकसित नहीं हो सकतीं।

## डब्ल्यूएचओ ने शराब को माना विषैला और लत पैदा करने वाला पदार्थ



हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने शराब को एक विषैला और लत पैदा करने वाला पदार्थ माना है, जिसे इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर (आईएआरसी) ने कैंसर उत्पन्न करने वाले सबसे खतरनाक पदार्थों में वर्गीकृत किया है। डब्ल्यूएचओ अल्कोहल युक्त पेय पदार्थों के अत्यधिक सेवन को लेकर चेतावनी जारी की है। अल्कोहल के अत्यधिक सेवन से कैंसर का खतरा बढ़ जाता है, और यह 20 से अधिक प्रकार के कैंसर का कारण बन सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, इसका सेवन मुंह, गला, भोजन नली, पेट, बृहदान्त्र, मलाशय और अग्न्याशय के कैंसर से जुड़ा हुआ है। महिलाओं में यह स्तन कैंसर और पुरुषों में प्रोस्टेट कैंसर का भी कारण बन सकता है। अल्कोहल का सेवन शरीर में एक जहरीले यौगिक, एसिटेल्डिहाइड को उत्पन्न करता है, जो डीएनए और प्रोटीन को नुकसान पहुंचा सकता है।

# एफबीआई के नौवें निदेशक काश पटेल ने भगवद्गीता पर हाथ रखकर ली शपथ

वाशिंगटन

संयुक्त राज्य अमेरिका की केंद्रीय खुफिया एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) की कमान काश पटेल ने संभाल ली। व्हाइट हाउस में अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी ने काश पटेल को एफबीआई के नौवें निदेशक के रूप में शपथ दिलाई। उन्होंने भगवद्गीता पर हाथ रखकर शपथ ग्रहण की। एफबीआई फेसबुक पेज के अनुसार, एफबीआई निदेशक के रूप में अपने पहले आधिकारिक दिन काश पटेल ने वॉल ऑफ ऑनर पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस वॉल पर एफबीआई के बहादुर सदस्यों का वर्णन है। उनका यहां जाना न्याय के प्रति उनके साहस और समर्पण की विरासत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। शपथ समारोह में काश पटेल ने कहा,



जो कोई सोचता है कि अमेरिकी सपना मर चुका है, वह यहीं देख ले। आप पहली पीढ़ी के भारतीय बच्चे से बात कर रहे हैं जो भगवान की धरती पर सबसे महान देश में कानून प्रवर्तन समुदाय का नेतृत्व करने वाला है। महत्वपूर्ण यह है कि काश पटेल की जड़ें भारत के गुजरात में वडोदरा से भी जुडी हैं। 25 फरवरी, 1980 को न्यूयॉर्क में पूर्वी अफ्रीका से आए भारतीय अप्रवासी माता-पिता के घर जन्मे काश ने रिचमंड यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएट करने के बाद यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन से अंतरराष्ट्रीय कानून में सर्टिफिकेट के साथ कानून की डिग्री हासिल की है।

# प्रधानमंत्री मोदी होंगे मॉरीशस के स्वतंत्रता दिवस समारोह के सम्मानित अतिथि

**मॉरीशस की नेशनल असेंबली में प्रधानमंत्री रामगुलाम ने की घोषणा,सदस्यों ने मेज थपथपाकर जताई खुशी**

पोर्ट लुइस

मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम ने नेशनल असेंबली में कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनका निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। वो मॉरीशस के 57वें राष्ट्रीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के सम्मानित अतिथि होंगे। यह हमारे दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों का प्रमाण है। रामगुलाम की इस घोषणा पर नेशनल असेंबली के सदस्यों ने मेज थपथपाकर खुशी जताई।



रामगुलाम ने शुक्रवार को कहा, ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व की मेजबानी करना हमारे और देश के लिए वास्तव में गर्व की बात है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने बेहद व्यस्त कार्यक्रम, पेरिस और संयुक्त राज्य अमेरिका की अपनी हालिया यात्राओं के बावजूद हमें यह सम्मान दिया है। वह हमारे विशेष अतिथि के रूप में मॉरीशस आने के लिए सहमत हो गए हैं।%% उल्लेखनीय है कि मॉरीशस को 12 मार्च, 1968 को यूनाइटेड किंगडम से स्वतंत्रता मिली थी। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 12 मार्च की यात्रा पर मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. रामगुलाम ने कहा, ऐसे मौके पर प्रतिष्ठित व्यक्तित्व की मेजबानी करना मॉरीशस के लिए एक सौभाग्य की बात है।

### राष्ट्रपति मुर्मू गई थीं पिछले साल

पिछले साल मॉरीशस के 56वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुई थीं। राष्ट्रपति मुर्मु का सर शिवसागर रामगुलाम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर तत्कालीन प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनौथ ने गर्मजोशी से स्वागत किया था। मॉरीशस में रामगुलाम के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 2024 के आम चुनाव में जीत हासिल की। उन्हें सत्ता में वापसी करने में पूरे एक दशक का समय लगा। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें जीत की बधाई देते हुए उनसे बातचीत भी की थी।

### मेरे दोस्त, जीत की बधाई

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, जीत के बाद मेरी मेरे दोस्त नवीन रामगुलाम से बात हुई। मैंने उन्हें ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी। मैंने उन्हें भारत आने का निमंत्रण भी दिया। हम अपनी विशेष साझेदारी को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं।

### भारत और मॉरीशस के संबंध

भारत और मॉरीशस के बीच इतिहास और संस्कृति आधारित गहरा रिश्ता है। मॉरीशस में बड़ी संख्या में भारतीय रहते हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय की 2024 की रिपोर्ट के मुताबिक, मॉरीशस में 8 लाख 94 हजार 848 भारतीय और भारतीय मूल के लोग रहते हैं। दोनों देशों के बीच लंबे समय से सांस्कृतिक, आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी है।

# अगले चार साल में एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा उत्तर प्रदेश : मुख्यमंत्री

**लखनऊ, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानमंडल के बजट सत्र के चौथे दिन शुक्रवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर हुई चर्चा के जवाब में कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जब उनकी सरकार आई थी, तब राज्य की अर्थव्यवस्था 12 लाख करोड़ रुपये की थी, जो इस वित्त वर्ष के अंत तक 27.5 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी। प्रदेश सरकार 2029 तक उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। समाजवादी पार्टी की सदस्य डॉ. रागिनी सोनकर के सवाल के जवाब में आदित्यनाथ ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग भारत को विकसित राष्ट्र नहीं मानते, वे उत्तर प्रदेश की आर्थिक वृद्धि पर भी सवाल उठाते हैं। भारत आज दुनिया की एक बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रहा है। हो सकता है कि कुछ लोगों को अच्छा नहीं लग रहा हो क्योंकि जिनका अपना पर्सनल एजेंडा होता है, वह देश के विकास को अच्छा नहीं मानेंगे। सच्चाई यह है कि देश की अर्थव्यवस्था आज विश्व में पांचवें स्थान पर पहुंच चुकी है। 2027 तक भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। वे आश्वस्त करना चाहते हैं कि वर्ष 2029 में उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी भी बनेगा और देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बनेगा। योगी ने कहा कि उनकी सरकार ने अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए 10 प्रमुख क्षेत्रों को चिह्नित किया है। इन क्षेत्रों में औद्योगिक विकास, कृषि, सामाजिक सुरक्षा, नगरीय विकास, राजस्व संग्रह, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और सेवा क्षेत्र शामिल हैं। प्रत्येक सेक्टर की मासिक समीक्षा की जाती है और मुख्यमंत्री स्वयं तिमाही समीक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले थे, जिनमें से 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश को जमीन पर उतारा जा चुका है। कई उद्योगों ने उत्पादन भी शुरू कर दिया है। इस निवेश से 60 लाख युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है। उन्होंने कहा कि यह वही प्रदेश है जहां सीडी रेशियो 44 प्रतिशत था। आज यह 60 प्रतिशत क्रॉस कर चुका है। यह दर्शाता है कि उत्तर प्रदेश का पैसा आज उत्तर प्रदेश में लग रहा है।

यह रिजर्व बैंक की ही रिपोर्ट है कि पिछली पंचवर्षीय योजना में उत्तर प्रदेश देश का वो पहला राज्य है जिसने बैंको से सबसे अधिक लेन देन किया। जनधन अकाउंट उसके उदाहरण हैं। जिनका कभी बैंक में अकाउंट नहीं था आज उनके अकाउंट में लाखों रुपये जमा हैं। आज उनके अकाउंट में लाखों करोड़ रुपये उन बैंकों में जमा हैं इस बात का उदाहरण है कि व्यक्ति की क्रय करने की सामर्थ भी और जमा करने की सामर्थ भी बड़ी है यह



प्रधानमंत्री मोदी के विजन के कारण संभव हो पाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश में सबसे अधिक एमएसएमई इकाइयां संचालित करने वाला राज्य बन चुका है। पिछली सरकारों की उपेक्षा के कारण यह सेक्टर बदहाल हो गया था, लेकिन वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना के माध्यम से इसे पुनर्जीवित किया गया। कोविड काल में वापस लौटे 40 लाख प्रवासी श्रमिकों की स्किल मैपिंग कर उन्हें एमएसएमई सेक्टर से जोड़ा गया, जिससे दो करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला। योगी ने बताया कि 24 जनवरी 2025 को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर ह्यसीएम युवा उद्यमी योजनाह्न शुरू की गई, जिसके तहत 5 लाख रुपये तक के बैंक ऋण पर कोई ब्याज नहीं लिया जाएगा। योजना के पहले चरण में 5 लाख रुपये और दूसरे चरण में 10 लाख रुपये तक का ऋण दिया जाएगा। अब तक 96 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के अनुपूरक प्रश्न पर नेता सदन योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के किसानों की हालत 2017 से पहले बेहद खराब थी। आज किसान आत्महत्या नहीं कर रहा, बल्कि अपनी उपज का डेढ़ गुना मूल्य पा रहा है। धान की खेती में किसानों को प्रति क्विंटल 2300 रुपये मिल रहे हैं, जबकि लागत 1100 रुपये आती है। इसी तरह गेहूं पर भी सरकार किसानों को दोगुना मूल्य दे रही है। गन्ना किसानों के भुगतान को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज किसानों को एक सप्ताह के भीतर भुगतान मिल रहा है। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा गन्ना उत्पादक राज्य बन चुका है और एथेनॉल उत्पादन में भी शीर्ष स्थान पर है। सरकार ने दलहन और तिलहन के लिए भी विशेष योजनाएं शुरू की हैं, जिससे किसानों की आमदनी में वृद्धि हो रही है।

**हर सेक्टर में महिलाओं को मिले रोजगार** – योगी ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं को स्वावलंबन के दिशा में जो कार्य हुए हैं उसमें अकेले उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती में 20% भार्ती अनिवार्य रूप से की गई है। हर एक सेक्टर में उन्हें रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। सीएम योगी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि आप लोगों लगता है कि यूपी 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य नहीं हासिल कर पाएगा तो यह आपकी दुर्भावना हो सकती है, लेकिन सरकार की सद्भावना है कि उत्तर प्रदेश 5 वर्ष में इस टारगेट को अचीव करेगा। संसाधनों से भरपूर उत्तर प्रदेश को प्रकृति और परमात्मा की कृपा से ओतप्रोत इस उत्तर प्रदेश को जिसको आप लोगों ने समाजवादी पार्टी की सरकार ने और विपक्षी दलों की सरकार ने देश के बीमारू राज्यों की श्रेणी में लाकर के खड़ा कर दिया था, यह देश की छठी-सातवीं अर्थव्यवस्था के रूप में खड़ा किया था, इन संसाधनों का हम भरपूर उपयोग कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि पिछले 8 वर्षों में डबल इंजन सरकार के प्रयासों से उत्तर प्रदेश छठी-सातवीं अर्थव्यवस्था से उभरकर देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 2029 तक उत्तर प्रदेश 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनकर देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा।

**महाकुम्भ से मिलेगा प्रदेश की अर्थव्यवस्था में 3 लाख करोड़ का योगदान** – मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। 2023 में 65 करोड़ पर्यटक राज्य में आए और महाकुंभ में अकेले 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। उत्तर प्रदेश के इस पोटेंशियल को जिसको देश और दुनिया आज देख रही है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ का आयोजन उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का योगदान देगा।

## बोर्ड परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने की जिम्मेदारी को समझें अधिकारी : डीएम

**कानपुर, (हि.स.)।** 24 फरवरी से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षाओं को लेकर संबंधित अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से लें। परीक्षा केंद्रों पर आने वाले परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कंट्रोल रूम में होने वाली हर गतिविधियों चौबीस घंटे सातों दिन संबंधित अधिकारी पर ध्यान दें। रात्रि दस बजे के बाद लाउड स्पीकर न बजने दिया जाए। यह बातें शुक्रवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कही। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने शुक्रवार को चुन्नीगंज स्थित राजकीय बालिका इण्टर कालेज में बनाए गए जनपद के 123 परीक्षा केंद्रों के सीसीटीवी कंट्रोल रूम तथा राजकीय इण्टर कालेज में बनाए गए स्ट्रांग का जायजा लिया। 24 फरवरी 2025 से हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा प्रारंभ होगी। जो 12 मार्च को समाप्त होती कुल 12 दिनों में बोर्ड परीक्षा सम्पन्न होगी। बोर्ड परीक्षा की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।




परिषदीय परीक्षा वर्ष 2025 हेतु जनपद कानपुर नगर में निर्धारित 123 परीक्षा केन्द्रों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग हेतु राजकीय बालिका इण्टर कालेज, चुन्नीगंज कानपुर नगर में ऑनलाइन मॉनिटरिंग कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिससे शिफ्टवार चौबीस घंटे सातों दिन परीक्षा केंद्रों की निगरानी की जाएगी। परिषदीय परीक्षा वर्ष 2025 हेतु जनपद कानपुर नगर में निर्धारित 123 परीक्षा केन्द्रों के प्रश्नपत्रों को राजकीय इण्टर कालेज, चुन्नीगंज कानपुर नगर में स्ट्रांग रूम बनाया गया है। जनपद में निर्धारित 123 परीक्षा केन्द्रों में पुलिस अभिरक्षा में प्रश्नपत्र प्रेषित किए जाएंगे। परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसकी जिम्मेदारी केंद्र पर मौजूद संबंधित अधिकारियों की होगी।

## मुरादाबाद नगर निगम राजस्व वसूली में उत्तर प्रदेश में अव्वल

**मुरादाबाद, (हि.स.)।** नगर निगम मुरादाबाद ने राजस्व वसूली के मामले में प्रदेश के अन्य नगर निगमों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। नगर निगम ने जनवरी-2025 में गतवर्ष के सापेक्ष 179 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष 2023-24 में 3.82 करोड़ रुपये की तुलना में इस वर्ष 10.66 करोड़ रुपये की वसूली कर यह सफलता अर्जित की है। मुरादाबाद नगर निगम ने 8200 संपत्तियों को सीवरेज नेटवर्क सुविधा प्रदान की है। जिसमें से 69 प्रतिशत संपत्तियों से सीवर कर वसूली की गई जो प्रदेश में सर्वाधिक है। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने शुक्रवार को बताया कि गृहकर वसूली में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 63 प्रतिशत के प्रभावशाली लक्ष्य को हासिल किया है, जो अन्य नगर निगमों की तुलना में सर्वोच्च है। नगर आयुक्त ने कहा कि गत वर्ष यूजर चार्ज वसूली शून्य थी, जबकि इस वर्ष 69.91 लाख



रुपये की प्रभावशाली वसूली कर निगम ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इसी तरह जलकर वसूली में 62 प्रतिशत की उपलब्धि दर्ज की है। नगर आयुक्त ने दावा किया कि वित्तीय अनुशासन और कुशल रणनीति के चलते नगर निगम ने जनवरी माह तक निर्धारित 94 करोड़ रुपये के लक्ष्य का 70 प्रतिशत 63.27 करोड़ रुपये वसूल कर प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। पिछले साल इस अवधि में 37.19 करोड़ रुपये की वसूली हुई थी। निगम की इस उपलब्धि पर नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में नगर निगम मुरादाबाद की सराहना की गई।

## केन्द्र सरकार की आठ प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन में उप्र का देश में पहला स्थान : सुरेश खन्ना

**लखनऊ, (हि.स.)।** केंद्र सरकार की योजनाओं को लागू करने में पूरे देश के लिए उत्तर प्रदेश आज एक उदाहरण बन गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट भाषण में बताया कि उत्तर प्रदेश ने केंद्र सरकार की आठ प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरे देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इन योजनाओं में प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत उत्तर प्रदेश में नौ करोड़ 57 लाख से बैंक खाते खोले गए हैं, जो देश में सबसे अधिक हैं। इस योजना ने गरीबों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा और उनके वित्तीय समावेशन को सुनिश्चित किया। इस योजना का ही असर है कि आज गरीबों के क्रय-विक्रय और जमा करने की क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। यूपी ने प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना के तहत एक करोड़ 12 लाख से अधिक लोगों को जोड़ा है। यह योजना वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई थी, जिससे असंगठित क्षेत्र के कामगारों को बड़ा लाभ पहुंचा है।

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 8 करोड़ 80 लाख लोग लाभान्वित हुए हैं। सुरक्षा बीमा योजना मात्र 12 रुपये प्रति वर्ष और जीवन ज्योति बीमा योजना मात्र 330 रुपये प्रति वर्ष में बीमा सुरक्षा प्रदान करती है, जिससे गरीब और निम्न-मध्यम वर्गीय परिवारों को राहत मिली है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 1.85 करोड़ से अधिक छोटे उद्यमियों को ऋण वितरित किए गए हैं, जिससे प्रदेश में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़े हैं। खासतौर पर महिलाओं, युवाओं और छोटे व्यापारियों को इस योजना का बड़ा लाभ मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 56.50 लाख से अधिक परिवारों को योजना का लाभ दिया गया है, जिससे गरीब परिवारों को सिर पर छत का सपना साकार हुआ। योगी सरकार ने इस योजना के कार्यान्वयन में तेजी लाकर गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का काम किया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत उत्तर प्रदेश में एक करोड़ 85 लाख महिलाओं को मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन दिए गए हैं। इस योजना से ग्रामीण इलाकों में महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में कमी आई। इसी तरह आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत सबसे अधिक डिजिटल हेल्थ आईडी बनाकर 12.45 करोड़ से अधिक लोगों को इस योजना का लाभ दिलाया है। इससे स्वास्थ्य सेवाएं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आसानी से उपलब्ध हो रही हैं।

## हत्याकांड का खुलासा, पत्नी सहित छह गिरफ्तार

**खूंटी, (हि.स.)।** जिले के चर्चित संदीप टोप्पो हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने मृतक की पत्नी खुशबू कुमारी सहित छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में मृतक की पत्नी खुशबू कुमारी , उसका प्रेमी प्रदीप कुजूर, पवन लकड़ा, रोनित कुजूर, सुमन सागर कुजूर और प्रिया कुमारी शामिल है। सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने शुक्रवार को कर्रा थाना परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि 18 फरवरी को अज्ञात अपराधियो ने कर्रा-लोधमा रोड पर मलगो के पास एक युवक की हत्या कर शव को सड़क किनारे फेंक दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश पर तोरपा एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुरुवार को संदीप टोप्पो की पत्नी खुशबू कुमारी और अन्य पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस



ने घटना में प्रयुक्त हथियार, मोबाइल फोन, जूता, इनोवा और कार, 25,500 नकद रुपये सहित अन्य सामान बरामद किये हैं। एसडीपीओ ने बताया कि प्रेम प्रसंग में संदीप टोप्पो की हत्या उसकी पत्नी खुशबू कुमारी ने ही अपने प्रेमी और अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर की थी।

बताया गया कि हत्या के बाद खुशबू कुमारी और उसका प्रेमी बाहर भागने की फिराक में थे। जानकारी के अनुसार खुशबू कुमारी कस्तूरबा आवासीय विद्यालय बिशुनपुर में योगा की शिक्षिका है, जबकि उसका प्रेमी भी उसी विद्यालय में कार्यरत है। संदीप टोप्पो मूल रूप से रातू थाना क्षेत्र के सुडिल गांव का रहने वाला था। उसकी पत्नी खुशबू कुमारी की नौकरी के दौरान ही प्रदीप कुजूर से प्यार हो गया और दोनों ने मिलकर संदीप टोप्पो को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। योजना के अनुसार खुशबू अपने पति को लेकर 18 फरवरी को बसिया से रातू के लिए निकली। संध्या लगभग सात से आठ बजे के बीच कर्रा थाना के मलगो के पास खुशबू के प्रेमी और उसके दोस्तों ने गाड़ी को रुकने का इशारा किया। जैसे ही संदीप टोप्पो गाड़ी से बाहर निकला, अपराधियों ने गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। कर्रा थाना की पुलिस के गश्ती दल ने सड़क किनारे से शव बरामद किया था। पुलिस को गुमराह करने के लिए खुशबू ने बताया था कि अपराधियों ने उसे दवा सुंघाकर बेहोश कर दिया था। मोबाइल फोन के लोकेशन के आधार पर पुलिस ने उसे ओरमांझी से बरामद किया था। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे घर भेज दिया था।

## आईएएस पूजा सिंघल को बड़ी राहत, विभाग नहीं देने की मांग वाली ईडी की याचिका खारिज

**रांची, (हि.स.)।** रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने ईडी की ओर से दाखिल उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें ईडी ने कोर्ट से यह आग्रह किया था कि पूजा सिंघल को कोई विभाग ना दिया जाये। इस आदेश से पूजा सिंघल को बड़ी राहत मिली है। ईडी और पूजा सिंघल की ओर से बहस पूरी करने के बाद कोर्ट ने शुक्रवार को अपना फैसला सुनाया है। ईडी ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर यह कहा कि अगर पूजा सिंघल को राज्य सरकार किसी विभाग की जिम्मेदारी देती है तो वह अपने पद का दुरुपयोग कर केस को प्रभावित कर सकती हैं, लेकिन कोर्ट ने यह माना है कि पूजा सिंघल को पोस्टिंग देने का अधिकार राज्य सरकार को है और कोर्ट इसमें हस्तक्षेप नहीं करेगा। कोर्ट ने जो शर्तें लगाई थीं, वे पहले ही काफी हैं और कोर्ट को और शर्तें जोड़ने की जरूरत महसूस नहीं होती। उल्लेखनीय है कि मनरेगा घोटाला की आरोपित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। इससे पहले



पांच मई 2022 को ईडी ने पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी में ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी। ईडी की छापेमारी के दौरान पूजा सिंघल के सीए सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये नकद बरामद हुई थी। पूजा सिंघल को दिसंबर महीने की 7 तारीख को बीएनएस कानून के तहत जेल से रिहा किया गया है। हालांकि वह अब भी मनी लॉन्ड्रिंग केस में अभियुक्त हैं, लेकिन कानूनी प्रावधानों के अनुसार, जेल से बाहर रहने के दौरान उनका सस्पेंशन खत्म किया जा चुका है। फिलहाल सरकार ने पूजा सिंघल को सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग की सचिव बनाया है।

## अमन श्रीवास्तव की जमानत याचिका हाईकोर्ट ने खारिज की

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाईकोर्ट में हजारीबाग के गिद्दी थाने में दर्ज आर्म्स एक्ट मामले में आरोपित अमन श्रीवास्तव की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट के आदेश के तहत हजारीबाग एसपी सशरीर उपस्थित हुए। अदालत को बताया गया कि मामले में अनुसंधानकर्ता (इन्वेस्टिगेटिंग ऑफिसर) की गवाही पूरी कर ली गई है। गवाही के दौरान कई तारीखों पर उनकी अनुपस्थिति को लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया था। याचिकाकर्ता की ओर से जमानत याचिका वापस लेने का अनुरोध किया गया, जिसे हाईकोर्ट ने स्वीकार करते हुए याचिका खारिज कर दी।इस मामले में कोर्ट के निर्देश पर हजारीबाग के सब डिविजनल पुलिस ऑफिसर (एसडीपीओ) ने जवाब दाखिल किया था, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज करते हुए नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि कि हजारीबाग एसपी को मामले मे शपथ पत्र दाखिल कर बताना था कि गवाही में अनुपस्थित रहने वाले अनुसंधानकर्ता के खिलाफ




क्या एक्शन लिया गया है। गौरतलब है कि मामले में सिर्फ अनुसंधानकर्ता की ही गवाही बची थी। नवंबर 2024 से उनकी गवाही नहीं हो पा रही है, जिससे ट्रायल पूरा नहीं हो सका है। पूर्व की सुनवाई में हाईकोर्ट ने हजारीबाग एसपी से स्पष्टीकरण मांगा था कि दो माह से अधिक समय बीतने के बाद भी अनुसंधानकर्ता गवाही के लिए उपस्थित क्यों नहीं हो रहे हैं। ऐसे में अनुसंधानकर्ता पर क्या कार्रवाई की गई है। इस पर हजारीबाग एसपी ने जवाब दिया कि अनुसन्धानकर्ता की तबीयत खराब थी, जिसके कारण अनुसंधानकर्ता गवाही देने नहीं जा सके थे। हालांकि, अगली तिथि में वे गवाही देने जाएंगे। इस मामले में अमन श्रीवास्तव सहित आठ आरोपितों के खिलाफ आर्म्स एक्ट में गिद्दी थाना में कांड संख्या 9/2021 दर्ज की गई थी। मामले में अमन श्रीवास्तव को छोड़कर अन्य आरोपित को जमानत मिल चुकी है। मामले में संजय नामक व्यक्ति के पास से पुलिस ने ऑटोमेटिक पिस्टल बरामद किया। उसने अमन श्रीवास्तव गैंग के लिए इस ऑटोमेटिक पिस्टल को रखने की बात कही थी।

## पंचायत समिति की बैठक में 85 लाख की योजना पारित

**नवादा, (हि.स.)** नवादा जिले के कौआकोल नवनिर्मित प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के सभागार कक्ष में शुक्रवार को प्रखण्ड प्रमुख रीना राय की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक हुई। 85 लाख रुपए की योजनाएं पारित की गई ।बैठक का संचालन बीडीओ सह पंचायत समिति के कार्यपालक पदाधिकारी डॉ० अखिलेश कुमार ने किया। बैठक में वर्ष 2025-26 हेतु विभिन्न योजनाओं को अनुमोदन के लिए प्रस्ताव लाया गया।

जिस पर सभी सदस्यों ने एक स्वर से योजनाओं के अंतिम चयन के लिए प्रखण्ड प्रमुख को अधिकृत कर दिया। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न मदों से लगभग 85 लाख की योजनाओं का चयन किया जाना है। वहीं 2024-25 में लगभग 80 लाख रुपये की योजना को पारित किया गया। योजनाओं के चयन व अनुमोदन के बाद प्रखण्ड प्रमुख रीना राय के




आदेश पर विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई। बैठक में सबसे पहले बैठक से अनुपस्थित अधिकारियों से कारणपृच्छा करते हुए वरीय अधिकारियों को सूचित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में सदस्यों ने मनरेगा, राजस्व, आपूर्ति, कल्याण, स्वास्थ्य, कृषि आदि विभागों का मामला उठाया। जिस पर सम्बंधित अधिकारियों ने समस्याओं को सुनकर निदान की बात कही। वहीं बैठक में उपप्रमुख अनन्त कुमार उर्फ नवीन यादव ने ई-किसान भवन में अनाधिकृत रूप से चल रहे बाल विकास परियोजना कार्यालय को नवनिर्मित प्रखण्ड कार्यालय भवन के तीसरे तल्ले में शिफ्ट करने का प्रस्ताव पारित किया। उन्होंने कौआकोल सीओ पर भी कई गंभीर आरोप लगाते हुए सदन से कार्रवाई की मांग की। सोखोदेवरा एवं कौआकोल मुखिया ने भी सीओ पर एनओसी देने में बेवजह देरी करने का आरोप लगाया। कई मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्यों ने आवास योजना के नए लाभुकों के चयन में सम्बंधित कर्मियों के ऊपर 2 से तीन हजार की राशि लेकर नाम जोड़ने का आरोप लगाया। बैठक में जनवितरण दुकानों में एफसीआई के द्वारा बगैर वजन किए कम अनाज देने का भी मुद्दा उठाया गया।

## डीआईजी ने मुफ्फसिल थानेदार को किया निलंबित




**पूर्वी चंपारण, (हि.स.)।** चंपारण प्रक्षेत्र के डीआईजी हरिकिशोर राय ने मोतिहारी के मुफ़्फसिल थानेदार को निलंबित कर दिया है। उक्त कारवाई हत्यां, लूट व डकैती के विभिन्न मामलों में लापरवाही व पाकेट डिस्पोजल करने पर की गयी है ।डीआईजी के इस कार्रवाई के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप व्याप्त है। पिछले दिनो सदर डीएसपी 2 के कार्यालय निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने मुफ़्फसिल थानेदार की बड़ी लापरवाही पकड़ी थी। डीआईजी ने जब्त सामानों को नष्ट करने की झूठी रिपोर्ट को भी पकड़ा था। पुलिस विभाग में इसे पैकेट डिस्पोजल कहा जाता है, जिसे डीआईजी ने गंभीर मानते हुए थानेदार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

बता दे कि इसके पूर्व डीआईजी ने एक कांड में बिना स्थलीय जांच किए 2 लोगो का साक्ष्य रहने के बाद भी नाम निकाल देने का मामला पकड़ते हुए मुफ़्फसिल सर्किल इंस्पेक्टर को निलंबित किया था। फिलहाल डीआईजी के सख्त कार्रवाई से पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप व्याप्त है।

## बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया गया सम्मानित

**भागलपुर, (हि.स.)।** जिले के मध्य विद्यालय जगदीशपुर में शुक्रवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अरविंद कुमार की अध्यक्षता में यूथ एवं ईको क्लब के सदस्यों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान शैक्षणिक सत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक आशुतोष चन्द्र मिश्र ने बताया कि इस शैक्षणिक सत्र में विद्यालय में आयोजित गतिविधि में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया है। इस तरह के कार्यक्रम से छात्रों का उत्साहवर्धन होता है तथा अन्य छात्र भी इससे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होते हैं। इस अवसर पर शिक्षक




बिन्दु कुमारी, अंजुम रागीब अहसन, मुरली कुमार मंडल, कौशिल्या कुमारी सहित विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## सिकटी पुलिस ने 117 लीटर नेपाली और विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार

**अररिया, (हि.स.)।** जिले की सिकटी थाना पुलिस ने शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर दो तस्करों नेपाली और विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। मोटरसाइकिल पर सवार दोनों तस्कर नेपाल से शराब की तस्करी कर मोटरसाइकिल से जा रहे थे। गुप्त सूचना पर सिकटी थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी कर यह शराब बरामद किया। तस्करों के पास से पुलिस ने 117 लीटर नेपाली शराब और करीबन दो लीटर विदेशी शराब बरामद किया।



पुलिस ने तस्करों के पास से सुपर स्पलेंडर संख्या बीआर 38ए 2781 मोटरसाइकिल भी जब्त किया। गिरफ्तार तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।

TATA
TATA CAPITAL

# टाटा कैपिटल की राइट्स इश्यू के जरिए पूंजी जुटाने की योजना, बोर्ड मीटिंग में होगा बड़ा फैसला

मुंबई

टाटा संस की वित्तीय सेवा इकाई टाटा कैपिटल निदेशक मंडल की मंगलवार को होने वाली बैठक में राइट्स इश्यू के जरिये पूंजी जुटाने की योजना पर विचार करेगी। आरबीआई के निर्देशों के मुताबिक कंपनी को इस साल सितंबर तक अपने शेयर सूचीबद्ध कराने हैं।

केंद्रीय बैंक के निर्देशों के तहत सभी अपर लेयर एनबीएफसी को सितंबर तक सूचीबद्ध होना है। बोर्ड की बैठक में राइट्स इश्यू के आकार और समय पर चर्चा होगी। जनवरी में आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन को संशोधित करने के लिए मांगी गई शेयरधारकों की मंजूरी के बाद यह बैठक हो रही है।

एक एनबीएफसी के रूप में टाटा कैपिटल के लिए पूंजी पर्याप्तता नियमनों को पूरा करना आवश्यक है। न्यूनतम पूंजी वह होती है जिसे कंपनी को अपनी जोखिम-भारित परिसंपत्तियों और जोखिम-समायोजित ऑफ-बैलेंस शीट की मदों में प्रतिशत के रूप में रखनी होती है। अपने शेयरधारकों को भेजे गए संदेश में कंपनी ने इस बात पर जोर दिया है चूंकि उसका ऋण पोर्टफोलियो और परिसंपत्ति आधार लगातार बढ़ रहा है, इसलिए उसे आवश्यक पूंजी पर्याप्तता अनुपात बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पूंजी की आवश्यकता होगी।

कंपनी ने शेयरधारकों को भेजे संदेश में कहा कि इस जरूरत को पूरा करने के लिए कंपनी की समय-समय पर पूंजी जुटाने की योजना है, जिसमें राइट्स इश्यू के जरिए पूंजी जुटाना भी शामिल है। कंपनी ने इस बारे में जानकारी के लिए शुक्रवार को भेजे गए ईमेल का जवाब नहीं दिया है।

अभी टाटा कैपिटल के पास लगभग 29,000 शेयरधारक हैं। कंपनी ने कहा कि अपने शेयरधारक आधार में कमी रोकने के लिए वह अपने एओए में एक उपबंध शामिल करने की योजना बना रही है जो शेयरधारकों को किसी भी आगामी राइट्स इश्यू में अपने अधिकारों को छोड़ने से रोकेगा, जब तक कि कंपनी के इक्विटी शेयर स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध नहीं हो जाते।

## न्यूज ब्रीफ

### पेट्रोल और डीजल के भाव में जनता को कटौती की उम्मीद!




**नई दिल्ली।** महंगाई के बोझ तले दब रही जनता को सरकार से राहत की उम्मीद है। दैनिक उपभोग से लेकर जरूरी सामानों के दाम में आए दिन बदलाव देखने को मिल रहा है। वहीं बात करें पेट्रोल-डीजल के दाम की तो जनता ईंधन के दाम में भी कटौती की उम्मीद लगाए बैठी है। इस बीच सरकारी तेल कंपनियों ने 22 फरवरी का नया भाव जारी कर दिया है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार शनिवार को पेट्रोल और डीजल के भाव में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपए है और डीजल प्रति लीटर 87.62 रुपए है। इसके अलावा मुंबई में प्रति लीटर की कीमत 103.94 रुपए और डीजल प्रति लीटर के दाम 89.97 रुपए है। वहीं कोलकाता में प्रति लीटर पेट्रोल का भाव 103.94 रुपए और डीजल का भाव 90.76 रुपए है। आखिर में चेन्नई में प्रति लीटर पेट्रोल का दाम 100.85 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.44 रुपए प्रति लीटर है

### भारत सरकार दूसरी बार तेल इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाने पर कर रही विचार



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार खाने के तेल पर छह महीने में दूसरी बार इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाने पर विचार कर रही है। सरकारी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सरकार के इस फैसले से घरेलू तिलहन किसानों को लाभ हो सकता है क्योंकि वे तिलहन की गिरती कीमतों का सामना कर रहे हैं। इस फैसले से स्थानीय तेल और तिलहन की कीमतें बढ़ सकती हैं, जबकि विदेशी खरीद पर असर पड़ सकता है। इसका सीधा असर पाम तेल, सोया तेल और सूरजमुखी तेल की मांग पर पड़ सकता है। एक सरकारी सूत्र ने बताया कि शुल्क वृद्धि के संबंध में अंतर-मंत्रालयी परामर्श समाप्त हो गया है। सरकार द्वारा जल्द ही शुल्क बढ़ाने की उम्मीद है। एक अन्य सरकारी सूत्र ने भी कहा कि सरकार खाद्य महंगाई पर फैसले के प्रभाव को ध्यान में रखेगी। सितंबर 2024 में, भारत ने कच्चे और रिफाइंड वनस्पति तेलों पर 20 फीसदी बेसिक कस्टम ड्यूटी लगाई थी जिसके बाद कच्चे पाम तेल, कच्चे सोया तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर 27.5 फीसदी आयात शुल्क लगाया गया, जो पहले 5.5 फीसदी था, जबकि तीन तेलों के रिफाइंड ग्रेड पर अब 35.75 फीसदी इंपोर्ट टैक्स है। शुल्क वृद्धि के बाद भी, सोयाबीन की कीमतें राज्य द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य से 10 फीसदी से अधिक नीचे कारोबार कर रही हैं। व्यापारियों को यह भी उम्मीद है कि अगले महीने नए सीजन की सप्लाई शुरू होने के बाद सर्दियों में बोई जाने वाली रेपसीड की कीमतों में और गिरावट आएगी।

### एचडीएफसी बैंक अब सामान्य ग्रोथ और मुनाफे की ओर




**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक अब सामान्य ग्रोथ और मुनाफे की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है। हाल ही में स्टॉक में आई गिरावट के बाद विश्लेषकों का कहना है कि इसमें 23 फीसदी तक की तेजी आने की संभावना है। कुछ ब्रोकरेज फर्म्स ने स्टॉक का आउटलुक बेहतर करते हुए इसे अपग्रेड भी किया है। शुक्रवार को एचडीएफसी बैंक का शेयर 1,690 पर बंद हुआ। बैंक का कुल बाजार पूंजीकरण 12.85 लाख करोड़ रुपए के करीब था। गुरुवार को स्टॉक 1,686.40 पर बंद हुआ था. पिछले साल दिसंबर में इसने 1,880 का 52-सप्ताह का उच्चतम स्तर छुआ था, लेकिन अब तक इसमें करीब 10 फीसदी की गिरावट आ चुकी है। हालांकि, एक साल पहले के 52-सप्ताह के निचले स्तर 1,398 रुपए से यह लगभग 35 फीसदी ऊपर आ चुका है। एक ब्रोकरेज ने भी एचडीएफसी बैंक पर 'बाय' रेटिंग बनाए रखी है और इसका टारगेट प्राइस 1,920 रुपए रखा है। ब्रोकरेज के अनुसार, बैंक विपरीत आर्थिक परिस्थितियों में भी डिपॉजिट्स को आकर्षित करने में सफल रहा है। हालांकि, निकट भविष्य में लोन ग्रोथ थोड़ी सुस्त रह सकती है, लेकिन आगे चलकर इसमें तेजी आने की उम्मीद है। साथ ही बैंक की एसेट क्वालिटी बेहतर स्थिति में है, जिससे इसके प्रदर्शन पर सकारात्मक असर पड़ सकता है।

# 2047 तक उच्च आय वाले देश में तब्दील हो जाएगा भारत

मुंबई

भारत 2047 तक 23-35 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ उच्च आय वाले देश में तब्दील हो जाएगा। 8-10 प्रतिशत की निरंतर वार्षिक वृद्धि की वजह से यह काम संभव होगा। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, यह भारत के डेमोग्राफिक डिविडेंट, तकनीकी इनोवेशन और सेक्टोरल ट्रांसफोर्मेशन द्वारा संचालित होगा। आने वाले दशकों में करीब 200 मिलियन व्यक्तियों के वर्कफोर्स में प्रवेश करने की उम्मीद के साथ, भारत के पास हाई-वैल्यू जॉब क्रिएशन को बढ़ावा देने और महत्वपूर्ण आर्थिक क्षमता को अनलॉक करने का एक बेहतरीन मौके है। पांच प्रमुख क्षेत्र इलेक्ट्रॉनिक्स, एनर्जी, केमिकल्स, ऑटोमोटिव और सर्विस ग्लोबल ट्रेंड के साथ जुड़े होने के कारण रणनीतिक विकास लीवर के रूप में काम करेगा।

रिपोर्ट में बताया गया कि बढ़ती आय, कुशल श्रमिकों की बढ़ती संख्या और इंफ्रास्ट्रक्चर में निरंतर सुधार कुछ इसतरह के प्रमुख कारक हैं जो इस वृद्धि को बढ़ावा दे सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया हैं कि डिजिटल और ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश, घरेलू विनिर्माण और सहयोगात्मक रिसर्च और डेवलपमेंट को आगे बढ़ाकर, हम भारत को भविष्य की टेक्नोलॉजी और वैश्विक व्यापार में लीडर बना सकते हैं। इससे 2047 तक क्षेत्र का निर्यात हिस्सा 24 प्रतिशत से बढ़कर 45 प्रतिशत-50 प्रतिशत हो जाएगा और इसका जीडीपी योगदान 3 प्रतिशत से बढ़कर 8 प्रतिशत-10 प्रतिशत हो जाएगा। कुल ऊर्जा उत्पादन में भारत की रिन्यूएबल की हिस्सेदारी 2023 में 24 प्रतिशत से बढ़कर 2047 में 70 प्रतिशत हो जाने की संभावना है।



## छोटी, मझोली कंपनियों के शेयरों में गिरावट पर टिप्पणी की जरूरत नहीं : सेबी प्रमुख




**मुंबई।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने कहा कि पूंजी बाजार नियामक को हाल ही में छोटी और मझोली कंपनियों के शेयरों में आई भारी गिरावट पर टिप्पणी करने की कोई जरूरत नहीं है। बुच ने पिछले साल मार्च में उन्हीं शेयरों के ऊंचे मूल्यांकन पर दिए गए अपने बयान का हवाला देते हुए कहा कि सेबी ने ऊंचे मूल्यांकन पर अपनी चिंता तब जाहिर की थी, जब उसे इसकी जरूरत महसूस हुई थी। सेबी के चेयरपर्सन ने बताया कि वर्तमान में छोटी और मझोली कंपनियों के शेयरों में दिखाई गई गिरावट को एक बड़ी चुनौती मानकर किसी अतिरिक्त कार्रवाई की जरूरत महसूस नहीं होती है, जिससे बाजार में विशेष दावेदारी उत्पन्न हो। उन्होंने एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के एक कार्यक्रम में बयान देते हुए कहा कि इस समय नियामक को ऐसे मुद्दों पर बयान नहीं देने की कोई आवश्यकता महसूस नहीं होती है। बुच ने मिड कैप और स्मॉल कैप सेगमेंट के बारे में भी अपनी राय दी और कहा कि उन्हें वर्तमान स्थिति पर अतिरिक्त चिंता नहीं है। इस समय छोटी कंपनियों के शेयरों में देखी गई गिरावट जब सभी के ध्यान को अपनी ओर खींच रही है, तो इस बयान से मार्केट में कुछ सहारा मिल सकता है। बुच ने स्पष्ट किया कि नियामक का कोई इरादा अनिवार्य इतना छोटा निवेश योजना (एसआईपी) को बनाने का नहीं है और उन्होंने सुनिश्चित रिटर्न पर ध्यान देने की ऐहिक योजनाएं करने की सीमा खोली।

# क्वालिटी पावर का आईपीओ 24 फरवरी को आएगा




नई दिल्ली

क्वालिटी पावर इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट्स का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ)सोमवार, 24 फरवरी को शेयर बाजार में लिस्ट होने वाला है। कंपनी के आईपीओ का कुल मूल्यांकन लगभग 858.70 करोड़ बताया जा रहा है। हालांकि, आईपीओ में निवेशकों की प्रतिक्रिया उम्मीद से कम रही, और इसे 1.29 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। इसी बीच लिस्टिंग से पहले कंपनी के अनलिस्टेड शेयर ग्रे मार्केट में डिस्काउंट पर कारोबार करते दिखे। ग्रे मार्केट की जानकारी के अनुसार क्वालिटी पावर के शेयर लगभग 423 रुपए पर ट्रेड होते दिख रहे हैं, जो कि इश्यू प्राइस से 2 रुपए या 0.47 फीसदी से कम है। हाल के ग्रे मार्केट रुझानों से संकेत मिलता है कि कंपनी के शेयरों के लिए नकारात्मक लिस्टिंग की संभावना बनी हुई है।

**आईपीओ का कुल मूल्यांकन लगभग 858.70 करोड़**

हालांकि, ग्रे मार्केट अनियंत्रित होते हैं, निवेशकों को सलाह दी जाती है कि वे केवल इस जानकारी पर निर्भर न रहें और इसे केवल एक संकेतक के रूप में देखें। क्वालिटी पावर ने अपना आईपीओ जारी करते हुए 5.2 मिलियन इक्विटी शेयरों का नया इश्यू और 14.90 मिलियन इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल रखा है। इस सार्वजनिक पेशकश में प्रति शेयर 401 से 425 रुपए के प्राइस बैंड पर शेयर उपलब्ध कराए गए, तथा लॉट साइज 26 शेयर निर्धारित किया गया। आईपीओ की सब्सक्रिप्शन विंडो 14 फरवरी से लेकर 18 फरवरी तक खुली रही थी। शेयरों का फाइनल अलॉटमेंट 19 फरवरी को हुआ था।

### होंडा कंपनी की नई बाइक होंडा हॉर्नेट 2.0 लॉन्च

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने अपनी नई बाइक होंडा हॉर्नेट 2.0 लॉन्च कर दी है। कंपनी ने इसे सिंगल फुली-लोडेड वेरिएंट में बाजार में उतारा है, जिसे रेड विंग और बिग विंग डीलरशिप्स से खरीदा जा सकता है।यह बाइक ओबीडी2बी-कंप्लायंट इंजन के साथ आती है और इसकी एक्स-शोरूम कीमत रुपए 1,56,953 रखी गई है। नई हॉर्नेट 2.0 में स्टाइलिंग को और बेहतर बनाया गया है।

### पायलटों के विश्राम करने का समय बढ़ेगा, न्यायालय का समर्थन



दिल्ली उच्च न्यायालय में पेश किए गए एक हलफनामे में कहा गया है कि पायलटों के साप्ताहिक विश्राम करने के समय को मौजूदा 36 घंटों से बढ़ाकर 48 घंटे करने पर विचार किया गया है। डीजीसीए ने दिल्ली उच्च न्यायालय को सूचित किया है कि एयरलाइंस 1 जुलाई से चरणबद्ध तरीके से पायलटों के लिए ड्यूटी और विश्राम घंटों पर संशोधित मानदंडों को लागू करेंगी। नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने न्यायमूर्ति को यह भी सूचित किया कि शेष संशोधित नियम 1 नवंबर से लागू किए जाएंगे। वहीं अन्य पहलुओं के अलावा, एयरलाइंस यह सुनिश्चित करेंगी कि संशोधित मानदंडों के तहत एक साप्ताहिक आराम अवधि के अंत और अगले की शुरुआत के बीच 168 घंटे से अधिक का समय न हो। बता दें कि, डीजीसीए का संशोधन नागरिक विमानन आवश्यकता (सीएआर) उड़ान ड्यूटी समय सीमा से जुड़ा है और पायलटों की थकान पर चिंताओं के बीच पायलटों के लिए अधिक आराम का समय प्रदान करना चाहती है। शुरुआत में इसे 1 जून, 2024 से लागू किया जाना था।

# टेस्ला भारत में आने की कर रही तैयारी, तलाश रही जगह

मुंबई

भले ही भारत में कारखाना स्थापित करने संबंधी टेस्ला की योजना के बारे में अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप तैयार नहीं हैं लेकिन सूत्रों की मानें तो ईलॉन मस्क की कंपनी भारतीय बाजार में आने के लिए कमर कस चुकी है। सूत्रों ने कहा कि टेस्ला भारत में अपने एक कारखाने के लिए सक्रियता से जगह की तलाश कर रही है। कंपनी यहां सीकेडी इकाई लगाना चाहती है जहां कलपुर्जे आयात कर वाहनों को असेंबल किया जाएगा। इससे कंपनी को पूरी तरह से तैयार वाहन को आयात करने की जरूरत नहीं होगी और उसे कर में भी राहत मिल सकती है। कंपनी इसी संदर्भ में आंध्र प्रदेश सरकार के साथ पिछले कुछ दिनों से बातचीत कर रही है। इस मामले से अवगत एक सूत्र ने बताया कि राज्य सरकार ने कंपनी के प्रतिनिधियों के समक्ष नेल्लूर, तिरुपति जिले में श्री सिटी और अनंतपुर जिले में किया क्लस्टर के समीप पहले से अधिग्रहीत भूमि का विकल्प रखा है। इससे पहले कंपनी की नजर महाराष्ट्र और गुजरात पर भी थी। सूत्रों ने बताया कि भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास में कंपनी ने दिलचस्पी नहीं दिखाई है। टेस्ला के साथ तमिलनाडु सरकार भी बातचीत कर रही थी क्योंकि वहां पहले से ही वाहन विनिर्माण का परिवेश मौजूद है। तमिलनाडु में ह्युंडै मोटर, बीएमडब्ल्यू, फोर्ड और टाटा मोटर्स-जेएलआर जैसी प्रमुख वाहन कंपनियों के कारखाने हैं। अगर एन चंद्रबाबू नायडू की सरकार टेस्ला को आंध्र प्रदेश लाने में सफल होती है तो यह तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख के लिए एक अन्य बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने 1990 के दशक में माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स के साथ अपनी चर्चित बैठक के बाद आंध्र प्रदेश में इंडिया डेवलपमेंट सेंटर स्थापित करने संबंधी माइक्रोसॉफ्ट के निर्णय में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।




# गौतम अडानी की नेटवर्थ में 12 अरब डॉलर की गिरावट

**मुकेश अंबानी दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 17वें स्थान पर**

नई दिल्ली

भारत के और एशिया के दूसरे रईस गौतम अडानी की नेटवर्थ में इस साल भारी गिरावट दर्ज की गई है। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के अनुसार उनकी कुल संपत्ति अब 66.8 अरब डॉलर रह गई है जो उन्हें दुनिया के 23वें सबसे अमीर व्यक्ति बनाता है। वहीं एलन मस्क को अडानी से भी ज्यादा हानि हुई है। मस्क ने इस साल 35.2 अरब डॉलर गंवाए, जिससे उनकी कुल नेटवर्थ घटकर 397 अरब डॉलर रह गई। शुक्रवार को ही उनकी संपत्ति में 4.4 अरब डॉलर की गिरावट आई। इसके बावजूद, वे अभी भी दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं। सबसे ज्यादा कमाई करने वाले अरबपतियों की बात करें तो इसमें फेसबुक के मार्क जुकरबर्ग सबसे आगे हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 37.6 अरब डॉलर की तेजी आई है। वहीं फ्रांसीसी कारोबारी बर्नार्ड अरनॉल्ट की नेटवर्थ 18.5 अरब डॉलर बढ़ी है। बिल गेट्स और एमेनशियो ओर्टेगा की नेटवर्थ में 10-10 अरब डॉलर की तेजी आई है। दुनिया के टॉप 20 अमीरों में से 15 की नेटवर्थ में इस साल गिरावट आई है। मस्क के अलावा लैरी पेज, सर्गेई ब्रिन, स्टीव बालमर और मुकेश अंबानी ने नेटवर्थ गंवाई है। जकरबर्ग 245 अरब डॉलर के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में दूसरे, जेफ बेजोस, तीसरे लैरी एलिसन चौथे, अरनॉल्ट पांचवें, गेट्स छठे, पेज सातवें, ब्रिन आठवें, वॉरेन बफे नौवें और बालमर दसवें नंबर पर हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 17वें स्थान पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 2.9 अरब डॉलर की गिरावट आई है और यह 87.7 बिलियन डॉलर रह गई है।




### आईफोन 16 सीरीज का किफायती एडिशन आईफोन 16ई लांच

**क्यूपर्टिनो।** आईफोन निर्माता कंपनी एप्पल ने आईफोन 16ई लॉन्च कर दिया, जो आईफोन 16 सीरीज का किफायती एडिशन है। एप्पल ने इसमें अपनी लेटेस्ट ए18 चिप के साथ नया एप्पल सी1 मॉडेम जोड़ा है, जो पहली बार कंपनी ने खुद डिजाइन किया है। यह स्मार्टफोन तेज परफॉर्मेंस, लंबी बैटरी लाइफ और एप्पल के नए सेल्युलर मॉडेम के साथ आता है। आईफोन 16ई को एप्पल इंटेलिजेंस के लिए भी ऑप्टिमाइज़ किया गया है, जो एक निजी और सुरक्षित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम प्रदान करता है। यह यूजर्स को उनकी जरूरत के अनुसार सहायक जानकारी उपलब्ध कराता है। कंपनी ने बताया कि यह स्मार्टफोन 128जीबी, 256जीबी और 512जीबी स्टोरेज ऑप्शन में ब्लैक और व्हाइट कलर में उपलब्ध होगा। इसकी शुरुआती कीमत रुपए 59,900 रखी गई है। कैमरा फीचर्स की बात करें तो आईफोन 16ई में 48 एमपी फ्यूजन कैमरा दिया गया है, जो शानदार फोटो और वीडियो लेने में सक्षम है। इसके साथ 2एक्स टेलीफोटो कैमरा दिया गया है, जो ऑप्टिकल क्वालिटी के साथ जूम इन करने की सुविधा देता है। एप्पल का दावा है कि यह एक ही कैमरा सिस्टम में दो कैमरों का अनुभव प्रदान करेगा। डिजाइन के मामले में, आईफोन 16ई मैट फिनिश ब्लैक और व्हाइट कलर में उपलब्ध होगा और इसके लिए कई रंगीन एक्सेसरीज भी पेश की जाएंगी।

# शेखर कपूर ने बेटी की उपलब्धि पर शेयर किया इमोशनल पोस्ट

**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड के निमार्ता-निर्देशक शेखर कपूर की बेटी कावेरी कपूर ने फिल्म बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी से डेब्यू किया है। शेखर कपूर ने अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया। निमार्ता ने अपने इंस्टाग्राम पर कावेरी की फिल्म का एक क्लिप साझा करते हुए लिखा, वह अभी कुछ समय पहले तक बच्ची ही थी। वो कब बड़ी हो गई, पता ही नहीं चला। या फिर बतौर पिता मैं इसे स्वीकार नहीं कर पाया। उनका यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और फैंस इस पर जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी का निर्देशन कुणाल कोहली ने किया है और इसमें कावेरी के साथ अमरीश पुरी के पोते वर्धन पुरी मुख्य भूमिका में हैं। कावेरी कपूर ने अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर कहा, बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी में एक नए अभिनेता के रूप में काम करना सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने आगे बताया कि कुणाल कोहली ने उन्हें सेट पर काफी सपोर्ट किया और मार्गदर्शन भी दिया, जिससे उनका सफर आसान हो गया। अपने सह-कलाकार वर्धन पुरी की तारीफ करते हुए कावेरी ने कहा, शूटिंग के शुरूआती दिनों में ही हम अच्छे दोस्त बन गए थे। उन्होंने डेब्यू करने के दौरान आने वाली चुनौतियों में मेरी काफी मदद की। उन्होंने फिल्म के अनुभव को लेकर कहा, दिन लंबे थे और मेहनत बहुत थी, लेकिन यह कभी काम जैसा महसूस नहीं हुआ। हमने सेट पर खूब मस्ती की। जब शूटिंग पूरी हुई तो मैं बहुत दुखी थी। यह अनुभव मेरे जीवन की दिशा बदलने वाला रहा। यूके की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म बॉबी (कावेरी कपूर) और ऋषि (वर्धन पुरी) के सफर को दिखाती है, जो प्यार में पड़ने के बाद मुश्किल परिस्थितियों से गुजरते हैं।



# नया गाना सांवंरिया जी हो रहा तेजी से वायरल

**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी का नया गाना सांवंरिया जी रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फिल्म के पहले रिलीज हुए गाने गोरी है कलाइयाँ और इक वारी को दर्शकों ने खूब पसंद किया था, और अब सांवंरिया जी भी उसी जादू को बरकरार रखने के लिए तैयार है। इस गाने में रकुल प्रीत सिंह और भूमि पेडनेकर के बीच दिलचस्प टकराव देखने को मिल रहा है, जहाँ दोनों अर्जुन कपूर को जीतने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रही हैं। गाने को सोहेल सेन और वर्षा सिंह धनोआ ने गाया है, जबकि इसके बोल मुदस्सर अजीज ने लिखे हैं। संगीत भी सोहेल सेन ने ही दिया है, जिन्होंने प्रतीक लालजी के साथ इस ट्रैक का प्रोडक्शन और अरेंजमेंट किया है। सांवंरिया जी पूरी तरह से एनर्जेटिक और पेप्पी नंबर है, जो दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर रहा है। इस गाने में रकुल और भूमि का कैटफाइट अंदाज फिल्म की लव ट्राएंगल थीम को और भी दिलचस्प बना देता है। फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी में अर्जुन कपूर के अलावा रकुल प्रीत सिंह और भूमि पेडनेकर मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा शक्ति कपूर, डिनो मोरिया और हर्ष गुर्जराल भी अहम किरदार निभा रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन मुदस्सर अजीज ने किया है, जो इससे पहले हैप्पी भाग जाएगी और पति पत्नी और वो जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। फिल्म की कहानी एक मजेदार लव ट्राएंगल पर आधारित है, जिसमें हंसी, प्यार और मनोरंजन का भरपूर तड़का लगाया गया है। मेरे हसबैंड की बीवी 21 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है। वाशु भगनानी और पूजा फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म का निर्माण वाशु भगनानी, जैकी भगनानी और दीपशिखा देशमुख ने किया है। फिल्म के गाने और ट्रेलर को लेकर पहले ही काफी चर्चा हो चुकी है, और अब दर्शक इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।





# परम सुंदरी की शूटिंग में व्यस्त है सिद्धार्थ मल्होत्रा

**मुंबई (ईएमएस)।** अपनी अपकमिंग फिल्म परम सुंदरी की शूटिंग में अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा व्यस्त हैं। फिल्म के सेट से एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में सिद्धार्थ कुर्सी पर बैठे दिखे, जबकि उनके आसपास बच्चे हंसी-खुशी खेलते नजर आए। इस दौरान कुछ बच्चे उनसे हाथ मिलाते भी दिखाई दिए, जिससे सेट का माहौल खुशनुमा बन गया। इसी बीच, एक और वीडियो में सिद्धार्थ अपने प्रशंसकों के साथ सेल्फी के लिए पोज देते नजर आए। परम सुंदरी एक क्रॉस-कल्चरल लव स्टोरी है, जिसमें दो अलग-अलग संस्कृतियों और भाषाओं से जुड़े किरदारों की प्रेम कहानी दिखाई जाएगी। फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा परम का किरदार निभा रहे हैं, जबकि जान्हवी कपूर सुंदरी के रोल में नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग केरल में हुई है और इसे दसवीं फेम निर्देशक तुषार जलोटा ने निर्देशित किया है। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म को दिनेश विजान ने प्रोड्यूस किया है। हाल ही में फिल्म का पोस्टर भी रिलीज किया गया, जिसे मैडॉक फिल्म्स ने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा, नॉर्थ का स्वैग, साउथ की ग्रेस, जब दो दुनिया टकराती हैं, तो चिंगारी उड़ती है। दिनेश विजान प्रस्तुत करते हैं परम सुंदरी, तुषार जलोटा द्वारा निर्देशित एक प्रेम कहानी। सिनेमाघरों में 25 जुलाई को मिलिए सिद्धार्थ मल्होत्रा से परम के रूप में और जान्हवी कपूर से सुंदरी के रूप में। फिल्म के बारे में बात करते हुए दिनेश विजान ने बताया कि यह कहानी दिल्ली के एक मस्तमौला लड़के और दक्षिण भारतीय लड़की के अनोखे प्रेम पर आधारित है। जान्हवी कपूर इसमें एक साउथ इंडियन लड़की की भूमिका निभा रही हैं, जो फिल्म में दिलचस्प ट्विस्ट लेकर आएगी। वर्कफ्रंट की बात करें तो सिद्धार्थ मल्होत्रा को आखिरी बार एक्शन-थ्रिलर योद्धा में देखा गया था, जो प्लेन हाइजैक पर आधारित थी। इस फिल्म का निर्देशन सागर अम्ब्रे और पुष्कर ओझा ने किया था।




# विक्की कौशल की छावा गोवा में हुई टैक्स-फ्री




विक्की कौशल की ऐतिहासिक फिल्म छावा बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है और दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हो रही है। इसी बीच, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती के अवसर पर इस फिल्म को गोवा में टैक्स-फ्री करने की घोषणा की। इससे पहले, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश सरकार भी इसे कर-मुक्त कर चुकी हैं। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि यह फिल्म छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन और बलिदान पर आधारित है, जिन्होंने देश और धर्म की रक्षा के लिए मुगलों और पुर्तगालियों के खिलाफ वीरतापूर्वक संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि यह फिल्म इतिहास की एक महत्वपूर्ण गाथा को दशार्ती है और इसे ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए सरकार ने इसे टैक्स-फ्री करने का फैसला लिया है।

इससे पहले महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी फिल्म को कर-मुक्त करने की घोषणा करते हुए कहा था कि यह इतिहास को सही ढंग से प्रस्तुत करती है। छावा को दर्शकों और समीक्षकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है, जिससे फिल्म की लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है।

# खुशनुमा पलों का आनंद लेते नजर आए दिलजीत दोसांझ

**मुंबई (ईएमएस)।** हाल ही में इंस्टाग्राम पर अभिनेता और गायक दिलजीत दोसांझ ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह जिंदगी के खुशनुमा पलों का आनंद लेते नजर आए। शेयर किए गए वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, हम सभी यहां पर एक यात्री हैं। हेलो, यात्रियों। इस वीडियो में दिलजीत कभी दोस्तों के साथ मस्ती करते दिखे तो कभी नाश्ते का मजा लेते नजर आए। वीडियो में उन्होंने विजिटर्स ऑडियो भी जोड़ा, जिससे उनके फैंस काफी प्रभावित हुए। इससे पहले भी दोसांझ ने सोशल मीडिया पर स्वस्थ जीवनशैली को लेकर जागरूकता फैलाई थी। एक अन्य वीडियो में वह होटल के किचन में कुछ हेल्दी खाना बनाते नजर आए थे और बताया था कि तनावमुक्त रहने का सबसे अच्छा तरीका संतुलित आहार है। उन्होंने इस वीडियो के साथ अपने हालिया गाने टेंशन मित्रा नु है नी को भी जोड़ा था, जिसे दर्शकों से खूब प्यार मिला। वर्कफ्रंट की बात करें तो दिलजीत जल्द ही बहुप्रतीक्षित फिल्म पंजाब 95 में नजर आएंगे। यह फिल्म मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालरा के जीवन पर आधारित है, जिन्होंने पंजाब में उग्रवाद के दौरान कई सिख युवाओं की गुमशुदगी और उनकी संदिग्ध मौतों का खुलासा किया था।

जसवंत सिंह खालरा एक बैंक के निदेशक थे और उन्होंने पंजाब पुलिस द्वारा कथित रूप से हजारों युवाओं को मारकर गुप्त रूप से जलाने के मामलों की गहन पड़ताल की थी। उनकी रिपोर्ट के बाद उनका अपहरण कर लिया गया था और उनकी मौत आज भी रहस्य बनी हुई है। दिलजीत ने हाल ही में फिल्म का फर्स्ट लुक शेयर किया, जिसमें उनकी चार तस्वीरें सामने आईं। पहली तस्वीर में वह जेल में घायल अवस्था में नजर आ रहे हैं, दूसरी में वह अखबार हाथ में लिए कुछ सोचते दिख रहे हैं, तीसरी में जलती चिता के पास खड़े हैं, जबकि चौथी तस्वीर में वह कुछ कागजात पढ़ रहे हैं। इन तस्वीरों के साथ उन्होंने लिखा, मैं अंधेरे को चुनौती देता हूं पंजाब 95। पहले यह फिल्म 7 फरवरी को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसकी तारीख आगे बढ़ गई है। फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से 120 कट्स का निर्देश मिला था, जिसके कारण इसकी रिलीज में देरी हुई।



# रजनी के बेटे की सड़क हादसे में मौत

**मुंबईः** मशहूर फूड व्लॉगर चटोरी रजनी जैन के 17 वर्षीय बेटे तरण जैन की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह दुखद खबर सुनकर उनके चाहने वाले और सोशल मीडिया फॉलोअर्स सदमे में हैं। तरण के असामयिक निधन से पूरा परिवार गहरे शोक में डूबा हुआ है। रजनी जैन अपने इंस्टाग्राम पेज आज मेरे पति के लंच बॉक्स में क्या है से फेमस हुई थीं और लाखों लोग उनके कंटेंट को पसंद करते थे। लेकिन इस समय वह अपने जीवन के सबसे कठिन दौर से गुजर रही हैं। उन्होंने और उनके पति संगीत जैन ने एक पोस्ट के जरिए इस खबर की पुष्टि की और लिखा, बहुत दुखी मन से हम यह असहनीय समाचार साझा कर रहे हैं कि हमारे प्यारे बेटे तरण जैन की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। इस दुखद घटना के बाद सोशल मीडिया पर रजनी और उनके बेटे की पुरानी तस्वीरें वायरल हो रही हैं। तरण के जन्मदिन पर उन्होंने एक भावुक पोस्ट लिखी थी, जिसमें उन्होंने अपने बेटे को जीने की वजह बताया था। फैंस और फॉलोअर्स इस मुश्किल घड़ी में रजनी को हिम्मत देने की कोशिश कर रहे हैं और उनकी पीड़ा को साझा कर रहे हैं।




# सचेत-परंपरा ने अपने बेटे का नाम रखा कृत टंडन



बॉलीवुड की मशहूर कंपोजर-सिंगर जोड़ी सचेत टंडन और परंपरा ठाकुर ने अपने बेटे के नाम का खुलासा कर दिया है। साल 2024 में माता-पिता बने इस कपल ने अपने बेटे का नाम कृत टंडन रखा है। सचेत-परंपरा के घर 12 दिसंबर को बेटे का जन्म हुआ था, जिसकी खबर उन्होंने 23 दिसंबर को सोशल मीडिया पर साझा की थी। अब जब उनका बेटा दो महीने का हो गया है, तो कपल ने उसके नामकरण की खुशी फैंस के साथ साझा की। सचेत-परंपरा ने बताया कि कृत भगवान विष्णु का एक नाम है, जो संस्कृत शब्द कृता से लिया गया है। इसका अर्थ बनाया गया या क्रिएटेड होता है और यह आविष्कारशीलता, मौलिकता और लोकप्रियता का प्रतीक है। उन्होंने अपने बेटे के नामकरण की घोषणा एक खास पोस्ट के जरिए की, जिसमें वे मंदिर में बेटे संग भगवान का आशीर्वाद लेते नजर आए। उन्होंने लिखा, दुनिया में आपका स्वागत है हमारे चमत्कारी लड़के, कृत टंडन। कृपया हमारे नन्हे-मुन्ने को अच्छे स्वास्थ्य, खुशी और दयालुता का आशीर्वाद दें। फैंस और सेलेब्स कपल को ढेरों बधाइयाँ दे रहे हैं और छोटे कृत के उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

# अमीषा और ऋतिक की मुलाकात ने फिल्म के सीक्वल की उम्मीद जगाई

**मुंबई (ईएमएस)।** इंस्टाग्राम पर बालीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल ने ऋतिक के साथ एक तस्वीर साझा की। कहो ना प्यार है में सोनिया और रोहित के किरदार निभाने वाले इन दोनों सितारों की मुलाकात ने दर्शकों को फिल्म के सीक्वल की उम्मीद जगा दी है। हालांकि, कहो ना प्यार है 2 को लेकर किसी तरह की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन दर्शक बेसब्री से इसकी उम्मीद कर रहे हैं लेकिन तस्वीर पर कमेंट्स की बाढ़ आ गई और फैंस ने कहो ना प्यार है 2 बनाने की मांग उठाई। अमीषा ने इस तस्वीर के साथ फिल्म कहो ना प्यार है के टाइटल ट्रैक को जोड़ा और कैप्शन में लिखा, सोनिया के रोहित के साथ प्यारी शाम- मेरे लिए आप हमेशा पहले मेरे डुग्गू ब्रोसनन रहेंगे और फिर बाद में सुपरस्टार हैं। यह पोस्ट देखते ही देखते वायरल हो गई और प्रशंसक उनकी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री को फिर से देखने के लिए बेताब हो गए। साल 2000 में रिलीज हुई फिल्म कहो ना प्यार है से ऋतिक और अमीषा ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म के निमार्ता-निर्देशक राकेश रोशन थे और यह बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। रोमांटिक ड्रामा में अनुपम खेर, दलीप ताहिल, मोहनीश बहल, आशीष विद्यार्थी, सतीश शाह, फरीदा जलाल और कई अन्य कलाकार अहम भूमिकाओं में थे। ऋतिक की शानदार एक्टिंग और डांस ने उन्हें रातोंरात सुपरस्टार बना दिया था, जबकि अमीषा भी दर्शकों के दिलों पर छा गई थीं। यह तस्वीर नेटफ्लिक्स की डॉक्यूमेंट्री द रोशन्स की सक्सेस बैश के दौरान ली गई थी, जिसमें कई मशहूर हस्तियां शामिल हुईं। इस इवेंट में रेखा, नीतू कपूर, अनु मलिक, सबा आजाद, शबाना आजमी, जावेद अख्तर, भूषण कुमार, मल्लिका शेरावत, पश्मीना रोशन, जीतेंद्र, अलका याग्निक, जैकी श्रॉफ, टाइगर श्रॉफ, अनुपम खेर, वाणी कपूर, सिद्धार्थ आनंद, उदित नारायण और डेविड धवन जैसी बॉलीवुड की बड़ी हस्तियां मौजूद थीं।



# अनिल-जैकी राघव जुयाल के गुरु

अपनी एनर्जी, सहज हास्य और शानदार अभिनय के लिए मशहूर राघव जुयाल इन दिनों सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्हें फिल्म किल में दमदार प्रदर्शन के लिए बेस्ट एक्टर इन ए नेगेटिव रोल की श्रेणी में आईफा नॉमिनेशन मिला है। इस उपलब्धि के बीच, उन्होंने अनिल कपूर और जैकी श्रॉफ के साथ एक दिल को छू लेने वाली तस्वीर साझा की और उन्हें अपना गुरु बताया। राघव ने इंस्टाग्राम पर अनिल कपूर, जैकी श्रॉफ और डॉ. संदेश मायेकर के साथ फोटो शेयर करते हुए लिखा, मेरे गुरु। मैं हमेशा एक छात्र ही रहूंगा, बचपन से लेकर अब तक और हमेशा उनसे सीखता रहूंगा। उनकी यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और फैंस इसे खूब पसंद कर रहे हैं। डांसिंग से अपने करियर की शुरूआत करने वाले राघव अब एक बहुमुखी अभिनेता के रूप में पहचान बना चुके हैं। उनकी एक्शन-थ्रिलर किल से लेकर हल्की-फुल्की फिल्मों तक की यात्रा प्रेरणादायक रही है। अलग-अलग किरदारों में ढलने की उनकी काबिलियत ने उन्हें इंडस्ट्री में एक प्रतिभाशाली कलाकार के रूप में स्थापित कर दिया है।



## सूडोकु नवताल- 7072

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7071 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7819

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | रा | अ | ति | थि | ग | दा | मा | य | क | चि |
| मा | च | र | ह | रिं | लै | ता | दि | शा | को | भू |
| द | आ | ह | झि | दा | चि | सिं | बे | ला | ल | ख |
| प | जा | खि | च | ल | क | ड़ | हा | दा | र | ह |
| ट | द | र | री | हा | मि | री | अ | न | प | ढ़ |
| ह | ह | प | व | झ | ह | ला | प | ड़ | न | ती |
| ट | ट | बु | अं | र | कू | ट | ना | ला | ह | क |
| दो | मु | सा | फि | र | छ | सौ | खू | ट | जू | ट |
| स | थो | तें | व | ह | ज | दा | न | दा | र | द |
| अं | खि | यों | के | झ | रो | खे | से | न | रु | थो |
| त | ड़ | पा | ब | द | ल | ते | रि | श्ते | ह | ट |

*शब्द जाल में 1978 में प्रदर्शित 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.*

आखिरी डाकू, अनपढ़, अपना खून, भूख, अतिथि,आजाद,बदलते रिश्ते, दामाद, दो मुसाफिर, अंखियों के झरोखे से

### शब्दजाल - 7818 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | धा | र | शि | ला | का | धि | का | र | प | गो |
| धा | म | क | म | इं | डो | बा | ग | ति | मा | ला |
| र | दा | ने | ला | मा | ग | जा | द | अ | शां | ति |
| सि | ग | ल | सा | जा | न | र | ध | प | लि | अ |
| त | अ | अ | र | म | न | मे | ह | मा | न | ग्नि |
| अ | ना | का | र | व | ने | का | त | न | र | प |
| ग | मा | ल | मा | व | अ | ला | र | मा | न | री |
| र | बे | मि | सा | ल | प | स | अं | ल | वि | क्षा |
| क | जु | बा | अ | लं | का | र | गू | न | जू | दे |
| र | बा | ति | मा | न | सिं | ब्रा | र | का | प | श |
| बां | न | ल | प | ब | गा | व | त | प | र | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6772

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 5 | | | 1 |
| | 38 | 6 | 32 | 1 | 30 | |
| 7 | 5 | | 3 | | 4 | 2 |
| 1 | 25 | 2 | 32 | | 34 | |
| | 1 | | 6 | 7 | | 4 |
| 3 | 26 | 4 | 38 | 5 | 36 | |
| 4 | | | | | | 3 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6771 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 2 | 27 | 1 | 29 | 6 | 38 | 5 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 4 | 36 | 2 | 30 | 1 | 26 | 6 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 6 | 42 | 6 | 39 | 4 | 23 | 3 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# पूर्व क्रिकेटर गांगुली बोले–चैंपियंस ट्रॉफी जीतने भारत–न्यूजीलैंड हैं प्रबल दावेदार

कोलकाता

चैंपियंस ट्रॉफी कौन सी टीम जीतेगी, नॉकआउट में किन–किन टीमों के पहुंचने की उम्मीद है भारत और पाकिस्तान के मैच में किसका पलड़ा भारी है इन सभी को लेकर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और धुलंधर बल्लेबाज रहे सौरव गांगुली ने इन सभी मुद्दों पर कहा कि भारत ने दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ पहले मुकाबले में छह विकेट से जीत दर्ज की। हालांकि यह मुकाबला आसान नहीं रहा और बल्लेबाजों को रन बनाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा, लेकिन टीम इंडिया की बल्लेबाजी गहराई ने अंत में लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। इससे पहले भारत के गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें मोहम्मद शमी ने वापसी के बाद शानदार गेंदबाजी करते हुए मैच में पांच विकेट झटके थे और कम गेंदों में ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड भी बनाया था।

भारत का अब रविवार को दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला है। पाकिस्तान अपना पहला मैच न्यूजीलैंड से हार चुका है। इस मैच में टीम इंडिया की गेंदबाजी पर गांगुली ने कहा कि टीम इंडिया के लिए गेंदबाजी संयोजन ने बढ़िया काम किया है। इसलिए टीम कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल जैसे तीन स्पिनर और तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरेगी जिस तरह से हर्षित राणा ने गेंदबाजी की है, वह काफी अच्छा है। मोहम्मद शमी तो टीम के टॉप बॉलर हैं और हार्दिक पांड्या भी बढ़िया है। पाकिस्तान की टीम स्पिनरों को अच्छा नहीं खेलती है और मुझे लगता है कि दुबई की पिच पर टर्न मौजूद रहेगा। इसलिए भारत के लिए यह संयोजन फायदे का सौदा साबित हो सकता है।

**पाकिस्तान टीम स्पिनरों को खेलने में होती है परेशानी, दुबई पिच में लेती है टर्न**

भारत–पाकिस्तान मुकाबले क्रिकेट में सर्वोच्च प्रतिद्वंदिता माने जाते हैं। उनका दबाव और रोमांच अगले ही स्तर का होता है। भारत–पाकिस्तान क्रिकेट मुकाबलों पर सौरभ ने कहा कि उन्होंने अपने करियर में पाकिस्तान के खिलाफ बहुत मैच खेले हैं जिनकी बहुत अच्छी यादें हैं। मेरा सर्वोच्च टेस्ट स्कोर भी पाकिस्तान के खिलाफ था। उन्होंने जावेद मियांदाद का वह छक्का भी देखा है जब पाकिस्तान को भारत के खिलाफ आखिरी गेंद पर जीत हासिल हुई थी और उसके बाद भारतीय टीम में आए ट्रांसफॉर्मेशन को भी देखा है, जहां टीम इंडिया ने पाकिस्तान को खेल के हर फॉर्मेट में हराया है। आप पिछले 10–15 साल में देखें तो भारत की टीम पाकिस्तान की तुलना में काफी बेहतर है। सौरव गांगुली ने भारत–पाक मैच के संभावित जीत के बारे में कहा कि दोनों टीमों के बीच हाल के सालों में हुए मैच पूरी तरह भारत के पक्ष में रहे हैं। मुझे लगता है कि भारत इस टूर्नामेंट को जीतने वाली टीम में मजबूत दावेदार है। गांगुली ने आगे कहा कि भारत की बैटिंग में काफी गहराई है। यहां काफी प्रतिभा है। इस नजरिए से भारत काफी मजबूत है। अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ी किसी भी टीम में फिट हो सकते हैं। ये भारत की बैटिंग की ताकत को दिखाता है। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ जब जीत दर्ज की, तब रवींद्र जडेजा और हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ी बैटिंग के लिए आने बाकी थे। जब सफेद गेंद की बात आती है तो भारत में प्रतिभा का पूरा पूल मौजूद है। हालांकि भारत के लिए विराट कोहली की फॉर्म चिंता का विषय है, गांगुली का मानना है कि कोहली ने भारत के लिए इतने रन और शतक बनाए हैं कि वह रन बनाने का रास्ता ढूंढ लेंगे। ऋषभ पंत एक शानदार खिलाड़ी हैं। केएल राहुल का वनडे रिकॉर्ड जबरदस्त है, शायद इस कारण गौतम गंभीर ने उनको खिलाने का फैसला किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### गुलवीर सिंह ने 5000 मीटर इनडोर दौड़ में रचा इतिहास, बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** हांग्जो एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता गुलवीर सिंह ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है। उन्होंने बोस्टन में आयोजित बीयू टेरियर डीएमआर चैलेंज में पुरुषों की 5000 मीटर इनडोर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया। 6 वर्षीय भारतीय सेना के धावक गुलवीर ने 12:59.77 मिनट का समय निकाला और इस प्रतिस्पर्धा में चौथे स्थान पर रहे। स्पर्धा में अमेरिका के कोल हॉकर (12:57.82), कूपर टीयर (12:57.97) और ऑस्ट्रेलिया के जैक रेनर (12:59.43) ने क्रमशः शीर्ष तीन स्थान हासिल किए। गुलवीर के इस शानदार प्रदर्शन ने न सिर्फ राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा, बल्कि यह 5000 मीटर इनडोर शॉर्ट ट्रैक में नया एशियाई रिकॉर्ड भी बन गया। पिछले हफ्ते भी तोड़ा था रिकॉर्ड इससे पहले गुलवीर सिंह ने पिछले हफ्ते ही पुरुषों की 3000 मीटर इनडोर दौड़ में 16 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया था। उन्होंने 7:38.26 मिनट का समय निकालकर दूसरे स्थान पर रहते हुए 2008 में सुरेंद्र सिंह द्वारा बनाए गए 7:49.47 मिनट के पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। गुलवीर सिंह की इन उपलब्धियों ने भारतीय एथलेटिक्स में नई ऊर्जा भर दी है और वह भविष्य में और भी नए कीर्तिमान स्थापित करने की ओर बढ़ रहे हैं।

### डब्ल्यूपीएलः मुंबई इंडियंस की जीत में पंजाब की लड़कियों का कमाल



**नई दिल्ली।** डब्ल्यूपीएल में टारगेट 168 हो और 82 रन पर टॉप–4 बैटर आउट हो जाएं। रनरेट का दबाव बढ़ता जा रहा हो। ऐसे में किसी भी टीम के लिए जीतना आसान नहीं होता है लेकिन मुंबई इंडियंस महिला टीम ने यह कारनामा कर दिखाया। टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर (50) और अमनजीत कौर (34 रन, 3 विकेट) की बदौलत हारी बाजी पलट दी और मुंबई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू वुमन के खिलाफ एक गेंद बाकी रहते हुए जीत मिली। मुंबई इंडियंस वुमन डब्ल्यूपीएल के पॉइंट टेबल में दूसरे नंबर पर आ गई है। आरसीबी वुमन, मुंबई से हारकर भी पहले नंबर पर बनी हुई है। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में शुक्रवार को मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मुकाबला हुआ। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 167 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस ने 19.5 ओवर में 6 विकेट पर 170 रन बनाकर इस सीजन की दूसरी जीत हासिल की। पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। एक समय उसका स्कोर चार विकेट पर 57 रन था। इसके बाद एलिस पेरी ने 43 गेंदों में 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 81 रन बनाए। ऋचा घोष (28) और कप्तान स्मृति मंधाना (26) ने भी शानदार पारियां खेलीं। मीडियम पेसर अमनजोत मुंबई इंडियंस की सबसे सफल गेंदबाज रहीं। उन्होंने 22 रन देकर तीन विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस ने भी यास्तिका भाटिया (8) का विकेट जल्दी गंवा दिया। उनकी जगह उतरी नेट सिवर ब्रंट (21 गेंद पर 42 रन) ने काउंटर अटैककर टीम को संभाला। उन्होंने ओपनर हेली मैथ्यूज (15) के साथ दूसरे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी करके पावरप्ले में मुंबई का स्कोर 66 रन पर पहुंचाया।

### खुद पर जरूरत से ज्यादा दबाव बना रहे हैं विराटः अनिल कुंबले



**दुबई।** विराट कोहली खुद पर जरूरत से ज्यादा दबाव बना रहे हैं, जिससे उन्हें फॉर्म में लौटने में दिक्कत हो रही है। यह कहना है भारत के पूर्व कप्तान और कोच अनिल कुंबले का। कोहली के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कुंबले ने कहा कि कोहली ने सफेद गेंद क्रिकेट में पहले कभी इतनी लंबी खराब फॉर्म का सामना नहीं किया था। कुंबले ने कहा, मुझे लगता है कि वह खुद पर अनावश्यक दबाव डाल रहे हैं। हर कोई उनसे उम्मीद करता है कि वह टीम के लिए मैच जिताने वाली पारी खेलेंगे, लेकिन जब आप लगातार इस तरह के दबाव में होते हैं, तो कई बार आप बहुत ज्यादा सोचने लगते हैं और अतिरिक्त प्रयास करने लगते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि आप तनावमुक्त होकर नहीं खेल पाते। उन्होंने आगे कहा कि कोहली को अपने खेल पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए और मानसिक रूप से सहज होकर मैदान पर उतरना चाहिए। कुंबले के मुताबिक, आप देख सकते हैं कि वह किस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं।

# हाईवोल्टेज मुकाबले में भारत पाक होगें आमने–सामने



दुबई

दुबई के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आज रविवार 23 फरवरी को भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का बहुप्रतीक्षित मुकाबला खेला जाएगा। दोनों देशों के बीच क्रिकेट मैच हमेशा से ही हाईवोल्टेज ड्रामा और रोमांच से भरे होते हैं, क्योंकि ये दोनों टीमें आमतौर पर केवल आईसीसी टूर्नामेंट और एशिया कप जैसी प्रतियोगिताओं में ही आमने–सामने होती हैं। इस बार मुकाबला एक तटस्थ स्थान, यानी दुबई में होगा, क्योंकि भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान में खेलने से इनकार कर दिया था।

चैंपियंस ट्रॉफी का यह संस्करण पाकिस्तान द्वारा आयोजित किया जा रहा है, लेकिन भारत के सभी मैच दुबई में खेले जा रहे हैं। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत शानदार अंदाज से किया था, जब उन्होंने बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया। दूसरी ओर, पाकिस्तान को अपने घरेलू मैदान कराची में खेले गए पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में न्यूजीलै़ड ने पाकिस्तान को 60 रनों से शिकस्त दी थी। अब दोनों चिर–प्रतिद्वंद्वी टीमें अपने सबसे बड़े मुकाबले के लिए तैयार हैं।

एक दिवसीय क्रिकेट में ऐतिहासिक रूप से पाकिस्तान का पलड़ा भारत से भारी रहा है। अब तक दोनों देशों के बीच 135 वनडे मुकाबले खेले गए हैं, जिनमें पाकिस्तान ने 73 और भारत ने 57 मैच जीते हैं, जबकि पांच मुकाबले बेनतीजा रहे। हालांकि, पिछले डेढ़ दशक में भारत ने क्रिकेट के हर क्षेत्र में जबरदस्त सुधार किया है और अब वह पाकिस्तान की तुलना में कहीं अधिक संतुलित और मजबूत टीम बन चुकी है। विशेष रूप से आईसीसी टूर्नामेंटों में भारत का रिकॉर्ड पाकिस्तान से काफी बेहतर रहा है। हालांकि, 2017 की चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पाकिस्तान ने भारत को हराकर ट्रॉफी जीती थी, लेकिन इसके बाद से भारत ने अपने पड़ोसी देश के खिलाफ बड़ी प्रतियोगिताओं में दबदबा बनाए रखा है।

इस मुकाबले में भारतीय टीम के लिए कप्तान रोहित शर्मा, उपकप्तान शुभमन गिल और विराट कोहली महत्वपूर्ण खिलाड़ी साबित हो सकते हैं, जबकि गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह की गैरहाजरी में मोहम्मद शमी पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। वहीं, पाकिस्तान की बल्लेबाजी रिजवान और बाबर आज़म के प्रदर्शन पर निर्भर करेगी, फखर जमान के घायल होने से इमाम–उल–हक को टीम में लाया गया हैं। जबकि गेंदबाजी की बात करें तो शाहीन अफरीदी और नसीम शाह भारतीय बल्लेबाजों के लिए चुनौती बन सकते हैं। यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए बेहद अहम होगा, क्योंकि चैंपियंस ट्रॉफी जैसे टूर्नामेंट में हर मैच महत्वपूर्ण होता है। क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें इस हाईवोल्टेज भिड़ंत पर टिकी हैं, जहां हर गेंद और हर रन मायने रखेगा।

### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीमें

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रवींद्र जडेजा, वरुण चक्रवर्ती।

**पाकिस्तान :** मोहम्मद रिजवान (कप्तान), बाबर आजम, इमाम–उल–हक, कामरान गुलाम, सऊद शकील, तैयब ताहिर, फहीम अशरफ, खुशदिल शाह, सलमान अली आगा, उस्मान खान, अबरार अहमद, हारिस रऊफ, मोहम्मद हसनैन, नसीम शाह, शाहीन शाह अफरीदी।

# न्यूजीलैंड से होने वाले अहम मुकाबले से पहले बांग्लादेश को महमुदुल्लाह के फिट होने की उम्मीद



नई दिल्ली


चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में भारत के खिलाफ मैच में मिली हार के बाद बांग्लादेश को न्यूजीलैंड के खिलाफ करो या मरो मैच से पहले सीनियर बल्लेबाज महमुदुल्लाह की उपलब्धता की उम्मीद है। बांग्लादेश को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए 24 फरवरी को रावलपिंडी में होने वाले मैच को जीतना जरूरी है।

अपने पिछले चार एकदिवसीय मैचों में चार अर्द्धशतक बनाने वाले महमुदुल्लाह को भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले प्रशिक्षण के दौरान पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव का सामना करना पड़ा, जिससे मैच के लिए बांग्लादेश की टीम का कॉम्बिनेशन बिगड़ गया और मैच में उनकी कमी महसूस की गई। भारत के खिलाफ मैच के पहले घंटे में बांग्लादेश की टीम ने केवल 35 रनों पर 5 विकेट खो दिए थे, इसके बाद तौहीद हृदोय के शतक और जेकर अली के अर्धशतक की बदौलत बांग्लादेश की टीम 228 रनों के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच सकी।

इस बीच, 19 फरवरी को कराची में टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में पाकिस्तान को 60 रन से हराने के बाद न्यूजीलैंड आत्मविश्वास से भरपूर है। ब्लैक कैप्स पाकिस्तान में त्रिकोणीय श्रृंखला में अपनी जीत से भी उत्साहित हैं, जहां उन्होंने मेजबान टीम के खिलाफ सभी मैच जीते थे। ऐसे परिदृश्य में, बांग्लादेश को पता है कि हाथ में काम बहुत बड़ा है और उनके लिए महमुदुल्लाह के अनुभव वाले खिलाड़ी को इस मुकाबले के लिए तैयार करना अच्छा होगा।

टीम मैनेजर रबीद इमाम ने शनिवार को क्रिकबज से बातचीत में कहा, हम उनकी (महमुदुल्लाह) उपलब्धता (टूर्नामेंट के शेष भाग के लिए) को लेकर आशान्वित हैं। वह अच्छी तरह से ठीक हो रहे हैं लेकिन इस संबंध में अंतिम निर्णय रावलपिंडी में न्यूजीलैंड के खिलाफ हमारे खेल से पहले आखिरी अभ्यास सत्र के बाद ही लिया जा सकता है। उन्होंने कहा, चोट लगने के बाद हमने स्कैन कराया और उसमें कोई बड़ी चोट नहीं मिली।

### शेनझेन में 34वें आईटीटीएफ-एटीटीयू एशियाई कप टेबल टेनिस टूर्नामेंट



दक्षिण चीन के ग्वांगडोंग प्रांत के शेनझेन में 34वें आईटीटीएफ–एटीटीयू एशियाई कप टेबल टेनिस टूर्नामेंट में कतर के अहमद कोरानी के खिलाफ़ पुरुष एकल ग्रुप 2 मैच के दौरान रिटर्न मारते हुए चीन के वांग चुकिन।

# अर्जेंटीना और पेरू में होने वाले विश्व कप में हिस्सा लेंगी मनु भाकर

नई दिल्ली

दोहरी ओलंपिक पदक विजेता भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने अर्जेंटीना और पेरू में आयोजित होने वाले आईएसएसएफ शूटिंग विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर ली है।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) द्वारा घोषित सूची में 23 वर्षीय मनु को एयर पिस्टल और स्पोर्ट्स पिस्टल दोनों ही टीमों में शामिल किया गया है।

हालांकि, पेरिस में शूटिंग ओलंपिक पदक जीतने वाले अन्य दो खिलाड़ी सरबजोत सिंह और स्वप्निल कुसाले राष्ट्रीय टीम में स्थान पाने में असफल रहे हैं।

वहीं, एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता, ओलंपिक फाइनलिस्ट और कई विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता सौरभ चौधरी को एयर पिस्टल के लिए चयनित किया गया है।

1 से 11 अप्रैल तक ब्यूनस आयर्स में पहला विश्व कपराइफल, पिस्टल और शॉटगन के लिए पहला विश्व कप 1 से 11 अप्रैल तक अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद, तीनों विषयों में दूसरा विश्व कप 13 से 22 अप्रैल तक पेरू के लीमा में होगा।

### भारतीय टीम इस प्रकार हैः

**एयर राइफलः** रुद्राक्ष पाटिल, अर्जुन बाबूता, हृदय हजारिका; आर्य बोरसे, नर्मदा नितिन, सोनम मस्कर।





**50 मीटर राइफल 3–पोजिशनः** ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर, चैन सिंह, नीरज कुमार; आशी चौकसे, श्रीयंका सदांगी, सिफ्ट कौर समरा।

**एयर पिस्टलः** सौरभ चौधरी, रविंदर सिंह, वरुण तोमर; सुरुचि फोगट, मनु भाकर, संयम।

**25 मीटर रैपिड फायर पिस्टलः** अनीश भानवाला, विजयवीर सिद्धू, गुरप्रीत सिंह।

**25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टलः** मनु भाकर, सिमरनप्रीत कौर बराड़, ईशा सिंह।

**ट्रैपः** लक्ष्य श्योराण, पृथ्वीराज टोंडिमान, ज़ोरावर सिंह संधू; नीरू, प्रगति दुबे, भव्या त्रिपाठी।

**स्कीटः** भवतेग सिंह गिल, अनंतजीत सिंह नरूका, गुरजोत खंगुरा; रायजा ढिल्लों, गनेमत सेखों, दर्शना राठौड़।

# यूईएफए महिला नेशंस लीगः स्पेन ने रोमांचक मुकाबले में बेल्जियम को 3-2 से हराया

मैड्रिड

यूईएफए महिला नेशंस लीग में स्पेन ने शुक्रवार को रोमांचक मुकाबले में बेल्जियम को 3–2 से हरा दिया। मैच के अंतिम क्षणों में दो गोल दागकर स्पेन ने शानदार वापसी की।

घरेलू मैदान पर खेल रही स्पेनिश टीम 2–0 से पिछड़ रही थी, लेकिन लूसिया गार्सिया और क्रिस्टीना मार्टिन–प्रीटो ने 92वें और 96वें मिनट में गोल कर टीम को जीत दिलाई।

### पहले हाफ में बेल्जियम की बढ़त

बेल्जियम ने 18वें मिनट में टेसा वुलार्ट के क्रॉस पर स्पेन की आइरीन पेरेडेस के कमजोर क्लीयरेंस का फायदा उठाते हुए मरियम टोलोबा के गोल से बढ़त बना ली। पहले हाफ में स्पेन ने कई मौके बनाए, लेकिन बेल्जियम की गोलकीपर एवरार्ड ने शानदार बचाव करते हुए ऐलेक्सांद्री और अल्बा रेडोंडो के प्रयासों को नाकाम कर दिया।



### दूसरे हाफ में बेल्जियम का दूसरा गोल

स्पेन ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन बेल्जियम की रक्षापंक्ति ने मजबूती से डटे रहकर उन्हें गोल से वंचित रखा। 72वें मिनट में वुलार्ट ने ऑफसाइड ट्रैप को भेदते हुए पिच के आधे हिस्से को पार कर गोल कर बेल्जियम को 2–0 की बढ़त दिला दी।

### स्पेन की धमाकेदार वापसी

स्पेन के लिए 77वें मिनट में क्लाउडिया पिना ने पहला गोल किया, जिससे टीम को वापसी का आत्मविश्वास मिला। इसके बाद 92वें मिनट में सलमा पैरालुएलो और लूसिया गार्सिया की साझेदारी से स्पेन ने बराबरी का गोल किया। निर्णायक क्षण 96वें मिनट में आया, जब एक फ्री किक के दौरान बेल्जियम के बॉक्स में उछलती गेंद मार्टिन–प्रीटो के पास पहुंची और उन्होंने नजदीक से गोल कर स्पेन को 3–2 से जीत दिला दी। इस जीत के साथ स्पेन ने यूईएफए महिला नेशंस लीग में शानदार शुरुआत की, जबकि बेल्जियम के लिए यह मुकाबला निराशाजनक साबित हुआ।

### अपने सर्वश्रेष्ठ संस्करण में लौट आया है मोहम्मद शमीः रिकी पोंटिंग

**दुबई।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की दृढ़ता और शानदार वापसी की ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने प्रशंसा की। पोटिंग ने चैंपियंस ट्रॉफी में शमी के पांच विकेट लेने को इस बात का सबूत बताया कि यह अनुभवी गेंदबाज चोट से उबरने के बाद अब अपने सर्वश्रेष्ठ संस्करण में लौट आया है। शमी ने आईसीसी टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन करते हुए 53 रन देकर पांच विकेट झटके, जिससे भारत ने बांग्लादेश को 228 रनों पर समेट दिया। उनकी घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने यह मुकाबला छह विकेट से अपने नाम किया। इसके साथ ही वह 200 वनडे विकेट पूरे करने वाले सबसे तेज भारतीय और कुल मिलाकर दूसरे सबसे तेज गेंदबाज बन गए। रिकी पोंटिंग ने शमी की तारीफ करते हुए कहा, चैंपियंस ट्रॉफी के पहले ही मैच में पांच विकेट लेना शानदार है। वे वही खिलाड़ी हैं, जिन्हें कोई भी कप्तान अपनी टीम में चाहता है। जब आप ऐसे किसी खिलाड़ी की आंखों में देखते हैं और उससे उम्मीद रखते हैं कि वह मुश्किल समय में टीम के लिए प्रदर्शन करेगा, तो शमी बिल्कुल वैसे ही हैं। शमी 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलते हुए टखने की चोट के कारण 14 महीने तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर रहे थे। उस टूर्नामेंट में उन्होंने 24 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया था। हालांकि, चोट के कारण उन्हें सर्जरी करानी पड़ी और बाएं घुटने में सूजन के चलते उनकी रिकवरी लंबी खिंच गई। पोंटिंग ने आगे कहा, शमी के लिए यह सफर आसान नहीं रहा। उनका अंतरराष्ट्रीय करियर भले ही शानदार रहा हो, लेकिन अगर पीछे मुड़कर देखें, तो करियर की शुरुआत में उन्हें कई रुकावटों का सामना करना पड़ा। हालांकि, उन्होंने खुद को लगातार बेहतर किया और शायद, इस समय वह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं।

# दिल के इलाज में लाजवाब एंजियोप्लास्टी



**हृदय** धमनियों में अवरोध का होना दिल का दौरा पडने् का एक प्रमुख कारण है। धमनियों में अवरोध को दूर करने के लिए बाईपास सर्जरी की जाती है, लेकिन एंजियोप्लास्टी के प्रचलन में आने से अब हर मामले में बाईपास सर्जरी कराने की जरूरत नहीं है...


दिल का दौरा (हार्ट अटैक) भारत समेत अनेक देशों में अधिक उम्र के लोगों की असामयिक मौत का एक प्रमुख कारण बन चुका है। हृदय धमनियों में कोलेस्टेरॉल, वसा (फैट) और रक्त के थक्के (ब्लड क्लॉट) के जमाव की घातक परिणति दिल के दौरे के रूप में सामने आती है।

अन्य तकनीकें दिल के दौरे को टालने या दिल के दौरे के पड़ने पर मरीज की जान बचाने के लिए एक समय ऑपरेशन का सहारा लेना पड़ता था, लेकिन बैलून एंजियोप्लास्टी और विभिन्न तरह केस्टेंट्स (स्प्रिंगनुमा यंत्र) के विकास की बदौलत आज हृदय धमनियों में अवरोध (ब्लॉकेज) को हटाने के लिए हर मामले में बाईपास सर्जरी कराने की जरूरत समाप्त हो गई है। उपर्युक्त दोनों नवीनतम तकनीकों को ओपन हार्ट सर्जरी का कारगर विकल्प माना जाने लगा है। मौजूदा समय में एंजियोप्लास्टी के साथ-धमनियों में स्टेंट इंप्लांट का प्रयोग तेजी से बढ़ रहा है। इस तकनीक को कोरोनरी स्टेंटिंग कहा जाता है। यह तकनीक एंजियोप्लास्टी की तरह ही है। इसमें अंतर इतना है कि अवरुद्ध धमनी में एंजियोप्लास्टी तकनीक की मदद से स्टेंट नामक स्प्रिंगनुमा यंत्र पहुंचाया जाता है और फिर इसे ऑटोमेटिक छतरी की तरह खोल दिया जाता है।

जब अवरोध तीन धमनियों में हो... आम तौर पर स्टेंटिंग एंजियोप्लास्टी का प्रयोग एक या दो धमनियों में होने वाले अवरोध (ब्लॉकेज) को दूर करने के लिए किया जाता है। अगर तीनों धमनियों में अवरोध हो, तो आम तौर पर बाईपास सर्जरी की जाती है। बाईपास में चीरफाड़ करनी पड़ती है और अगर बाईपास के बाद फिर से अवरोध उत्पन्न हो जाए, तो उसे या तो स्टेंटिंग एंजियोप्लास्टी से ठीक किया जाता है या फिर दोबारा बाईपास करना पड़ सकता है, जो बहुत जोखिमभरा होता है। कुछ लोग बहुत ज्यादा डर के कारण बाईपास कराना नहीं चाहते ।

## डायमंड ड्रिलिंग

कई बार जो धमनी 100 प्रतिशत तक बंद होती है, उसे खास तकनीक से खोला जाता है। जिन धमनियों में कैल्शियम जमा होता है, उन्हें डायमंड ड्रिलिंग के जरिये खोला जाता है। इस तरह उन मरीजों को जो चीरफाड़ से डरे होते हैं, उन्हें बाईपास से बचाया जाता है। मैंने ऐसी ब्लॉक्ड धमनियों को खोलने के लिए अनेक तकनीकें देश में पहली बार ईजाद कीं हैं। बहरहाल में पाठकों को यही सलाह दूंगा कि जिन लोगों की तीनों धमनियों में ब्लॉकेज हैं, तो उन्हें बाईपास को अहमियत देनी चाहिए लेकिन जो लोग बाईपास नहीं करना चाहते, उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि 90 प्रतिशत से ज्यादा लोगों में धमनियों को स्टेंटिंग एंजियोप्लास्टी द्वारा खोला जा सकता है। ज्यादातर लोगों को हृदय की धमनियों में अवरोध या रुकावट का पता बहुत देर से लगता है। इस स्थिति से बचने के लिए हर व्यक्ति को 25 साल के बाद जनरल कार्डियक चेकअप कराना चाहिए।



### इन तकनीकों और कारगर उपचार

विधियों की उपलब्धता के बावजूद हृदय रोगों से बचे रहने के लिए परहेज बरतना ही उचित है। नियमित व्यायाम करके और वजन पर नियंत्रण रखकर, शराब व धूम्रपान न करके ब्लडप्रेशर को नियंत्रित किया सकता है। इसके अलावा खाने में नमक का कम सेवन करके और सकरात्मक सोच से तनाव से दूर रहकर हृदय रोगों से बचना संभव है।



## समुद्र की गहराई में साइकिल चलाएंगे युवा

**एक** ओर जहां वैश्विक स्तर पर ग्लोबल वार्मिंग की समस्या पर चिंतन किया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ भारत में स्वस्थ भारत अभियान के बैनर तले युवाओं की एक टोली दुनिया को स्टॉप ग्लोबल वार्मिंग, मिसयूज ऑफ एंटीबायोटिक्स तथा नो योर मेडिसिन का संदेश लेकर समुद्र तल में साइकिल चलाने उतरने जा रही है। एवरेस्ट विजेता नरिंदर सिंह की अगुवाई में पांच सदस्यों की टीम आगामी छह जनवरी को साइकिल चलाने उतरेगी। इस टीम में एवेरेस्ट पर झंडा लहरा चुके रामलाल शर्मा, पंजाब पुलिस में क्राइम ब्रांच में एएसआई दलजिंदर सिंह, बॉडी बिल्डर परमजीत सिंह एवं जसीमुद्दीन का नाम उल्लेखनीय है। इस बावत नरिंदर सिंह का कहना है, हमलोग दुनिया को ग्लोबल वार्मिग के खतरों के प्रति जागरूक करना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि देश-दुनिया के लोग अपने स्वास्थ्य व पर्यावरण के प्रति जागरूक हों। पर्वतारोही व टीवी रियलिटी शो मिशन सपने में सलमान खान, सिद्धार्थ मल्होत्रा, करन जौहर आदि के साथ काम कर चुके रामलाल शर्मा का कहना है, मैं देश-दुनिया में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश देने के लिए समुद्र में साइकिल चलाने उतर रहा हूं।



## ऐप बताएगा क्यों रो रहा है आपका बच्चा

**रिसर्चर्स** टीम ने एक नए ऐप डिवेलप किया है जो बच्चे की रोने की आवाज सुनकर उनकी इस समस्या का समाधान निकालेगा। ये स्मार्टफोन ऐप डीकोड कर सकता है कि बच्चे के रोने की आवाज का मतलब क्या है। नैशनल ताइवान यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल यूनलिन द्वारा बनाए गए दावा किया गया है कि यह ऐप बच्चे के रोने के अलग-अलग तरीकों को पहचान सकता है। बच्चे के रोने की आवाज को एक बडे डेटाबेस के साथ मैच किया जाता है, जिसके नतीजों के आधार पर बताया जाता है कि वह क्यों रो रहा है। जब बच्चा रोता है, तब इस ऐप का रेकॉर्डिंग बटन 10 सेकंड तक पुश करना होता है। इसके बाद साउंड क्लाउड ड्राइव पर अपलोड हो जाएगा। कई तरह की प्रक्रियाओं से गुजरने के बाद यह ऐप 15 सेकंड्स में चेक करता है कि इसका रिजल्ट क्या है और उसे यूजर के मोबाइल फोन पर भेज देता है। इस ऐप को बनाने के लिए रीसर्चर्स ने 100 नवजात शिशुओं के रोने की 2 लाख रेकॉर्डिंग्स इकट्ठी की हैं। अंग्रेजी अखबार डेली मेल के मुताबिक एक रीसर्चर ने बताया, यह ट्रांसलेटर बच्चों के रोने के 4 तरह के अलग साउंड्स पहचान सकता है।

### इस मॉल में महिलाओं को पूरी छूट

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में महिलाएं अब एक ऐसे जगह शराब बैठकर पी सकती हैं, जहां पर पुरूषों का आना मना है। ये खास स्टोर सिर्फ महिलाओं के लिए ही है। पूर्व दिल्ली के मयूर विहार इलाके में स्थित विशेष रूप से महिलाओं के लिए पूरी तरह सुरक्षित है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यहां महिलाओं के लिए विशेष हाल है, जो कांच की दीवारों, सजावटी चीजों, आरामदायक सोफो से सजाया गया है। स्टोर के उपर एक गुलाबी रंग की पट्टी लगी है, जिसपर लिखा है ये हिस्सा केवल महिलाओं के लिए है। पहले ग्राउंड फ्लोर पर सिटी मॉल है, दूसरे पर पिज्जा हट्ट।

### चीकू खाने के हैं कई जबरदस्त फायदे



चीकू स्वादिष्ट होने के साथ स्वास्थ्य के लिए भी कई तरह से फायदेमंद है। इसमें प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन-ए व सी, फॉस्फोरस, आयरन आदि पोषक तत्व पाए जाते हैं। यदि दूध के साथ इसे खाया जाए तो इसके स्वास्थ्य लाभ अधिक बढ़ जाते हैं। ये खासतौर पर गर्भवती और फीड कराने वाली महिलाओं के लिए अच्छा होता है। इससे उन्हें कई सारे पोषक तत्व मिल जाते हैं।

# मुंह में होती है पूरी सेहत की जानकारी

**हमारा मुंह** हमारे स्वास्थ्य के बारे में पूरी जानकारी देता है। दांतो और मसूड़ों में दिक्कत का हमेशा ये मतलब ये नहीं है कि दांत खराब हो रहे हैं। डॉक्टरों का मानना है कि इनमें होने वाली दिक्कतें अकसर आपको इस बारे में जानकारी देती है कि आपको कौन सी बीमारी है या फिर आपके शरीर में कौन सी समस्या है। हालांकि सामान्य स्वास्थ्य के शेष शरीर से संबंध के बारे में कई सालों से वैज्ञानिक शोध कर रहे हैं और इस बात को माना भी जाने लगा है कि मुंह से जुड़े इंफेक्शन आपके सामान्य स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देते हैं। यानी मोटे तौर पर कहा जाए मुंह के इंफेक्शन आपको इस बात का संकेत दे देते हैं कि आपको कौन सी शारीरिक समस्या है।

## ऑस्टियोपोरोसिस

दांत के एक्सरे में काले धब्बे इस बात की तरफ इशारा करते हैं कि हड्डियों से जुड़ी समस्या है। वहीं कई शोधों में ये सामने आया है कि ऑस्टियोपोरोसिस की वजह से दांत गिरने की समस्या होती है।

## मुंह का कैंसर

मसूढ़े के ऊतकों में सफेद धब्बे कई रोगों के होने के बारे में संकेत देते हैं। डॉक्टर मानते हैं कि मसूढ़े के ऊतकों में सफेद स्पॉट होना समस्या की बात है पर मसूढ़ों के ऊतकों में सफेद धब्बे हमेशा इस बात का संकेत नहीं है कि आपको मुंह का कैंसर या और कोई बीमारी है संभव है ये दांतों से संबंधित कोई बीमारी हो। ऐसे में इस स्थिति में डॉक्टर से संपर्क कर सलाह लेना ही बेहतर है।

## हृदय की बीमारी

अगर मसूढ़ों का रंग गुलाबी हो जाए या हल्का लाल मांसल रंग का है तो ऐसे में ब्लड प्रेशर और हृदय संबंधी रोगों के होने की संभावना बढ़ जाती है। अपने दांत रोज साफ करें। यह आपका केविटी और अन्य बीमारियों से बचाव करेगा। साथ ही दिल से जुड़ी बीमारियों से यह आपकी सुरक्षा करेगा। डेंटल प्लेक की वजह से कार्डियोवस्कुलर बीमारियां होने की आशंका रहती है। डॉक्टर कहते हैं कि अगर आपके मसूढ़ों से खून निकल रहा है और आपके मसूढ़ों की रक्त वाहिकाएं खुली हुई हैं तो इससे बैक्टीरिया के खून में प्रवेश करने लगते हैं जिससे रक्त-वाहिकाओं के अंदर खून का थक्का बन जाता है जिसकी वजह से हृदय रोग होने की संभावना बढ़ जाती है।



## तनाव

जब मसूढ़ों और दांत के बीच में फासला आ जाता है या दांतों में फ्रेक्चर हो जाता है। डॉक्टरों का मानना है कि दांतों में दरार होने या किसी भी तरह की टूट-फूट की वजह से शरीर में सभी तरह के फंगल, वायरल और बैक्टीरियल संक्रमण होने की आशंका रहती है। तनाव की वजह से मुंह की टेंपरोमेंडीबुलर ज्वांइट सिंड्रोम (टीएमजे) और मायोफेशियल पेन डिस्फंक्शन (एमपीडी) जैसी समस्याएं होती हैं। टीएमजे की वजह से जबड़ों के ज्वाइंट और लिगामेंट्स में काफी दर्द होता है। इस तरह का इन्फेक्शन होने की स्थिति में रोगी मुंह को सही तरीके से नहीं खोल पाता है और जम्हाई लेते समय रोगी को मुंह खोलने में अकड़न सी और दर्द महसूस होता है। जरा सी भी समस्या होने पर लेट-लतीफी न करें और किसी बेहतर चिकित्सक से परामर्श लें।



## किडनी की बीमारी

जिन लोगों की किडनी में किसी तरह की समस्या होती है उनका तंत्रिका तंत्र कमजोर होता है ऐसे में उनको इन्फेक्शन होने की संभावना जल्दी होती है। वहीं किडनी के रोगियों के जबड़े की हड्डियां जल्दी कमजोर होती है। कैल्शियम की अपर्याप्तता की वजह से किडनी के रोगियों के दांत तक गिरने लगते हैं। अगर सांस लेने के दौरान अमोनिया जैसी बास आती है तो किडनी की बीमारी हो सकती है। किडनी की बीमारी होने की स्थिति में सबसे ज्यादा प्रभाव मसूड़ों में दिखता है।

## टाइप टू डायबिटीज

डायबिटीज के रोगियों को केविटी (दांत गिरना), मसूड़ों की बीमारी, फंगल इंफेक्शन, दांतों के घावों का देर से भरना, लार ग्रंथि में समस्या जैसी परेशानियां होती है। अगर आपको डायबिटीज है तो ऐसा महसूस होगा कि आपका मुंह सूखा है। साथ ही यदि डायबिटीज नियंत्रित नहीं है तो आपकी लार में ग्लूकोज का स्तर ज्यादा होगा जिसकी वजह से दांतों का इनेमल उतरने की भी समस्या होती है। इसके अलावा, दांतों में पीले रंग की परत चढ़ जाती है। और वहीं, डायबिटीज में सबसे बड़ी समस्या होती है कि आपके दांतों के घाव देर से भरते हैं



# ब्लड शुगर बढ़ने से होते हैं कई नुकसान



**त्वचा** डायबिटीज और हाई ब्लड शुगर का त्वचा पर बुरा असर पड़ता है। हाई ब्लड शुगर से शरीर में तरल पदार्थो का ह्रास होता है जिससे त्वचा खुश्क हो जाती है। इससे हमेशा खुजली का अहसास होता है और कभी-कभी त्वचा लाल होकर फटने भी लगती है। इससे कीटाणुओं के संक्रमण की आशंका बन जाती है। ऐसे में ज्यादा से यादा पेय पदार्थो के सेवन और लोशन और मॉइश्चराइजर के इस्तेमाल से थोड़ी राहत मिल सकती है।

## रक्त प्रवाह

हाई ब्लड शुगर से टांगें और पैर भी खराब हो सकते हैं। ऐसा रक्त प्रवाह में कमी आने के कारण होता है, क्योंकि पैरों पर ही पूरे शरीर का भार होता है। स्नायुतंत्र गड़बड़ा जाने के कारण पैरों में दर्द, सूजन और सर्द-गर्म का अहसास होने लगता है और पैर सुन्न हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में कांटा चुभने के समय पता ही नहीं चलता, लेकिन बाद में संक्रमण का गंभीर परिणाम भुगतना पड़ता है। इससे अल्सर, गैंग्रीन और आखिरकार टांग काटने की नौबत आ जाती है।


टांगों में रक्त प्रवाह की कमी से घाव भरने में परेशानी और अगर ऐसे में सिगरेट पीने की आदत हो, तो ब्लड प्रैशर और खून में ग्लूकोज बढ़ने की शिकायत भी हो सकती है। ऐसे में ब्लड शुगर नियंत्रित रखने के साथ-साथ, बार-बार गुनगुने पानी से पैर धोने और पांवों को किसी भी रगड़, घाव या चोट से बचाने की कवायद करनी जरूरी हो जाती है।

## नेत्र ज्योति

हाई ब्लड शुगर से आंखों की रोशनी धुंधली और कमजोर होने लगती है, और कई बार रोगी पूरी तरह से अंधा भी हो जाता है। हाई ब्लड शुगर से आंख का रेटिना प्रभावित होता है, जो देखी जाने वाली वस्तु की इमेज को आकार देता है। इसे डायबैटिक रेटिनोपैथी कहा जाता है। इस बीमारी में रेटिना को खून की आपूर्ति करने वाली नसें अवरुद्ध हो जाती हैं, जिससे नेत्र ज्योति कमजोर हो जाती है। इसके अलावा हाई ब्लड शुगर से रेटिनल सेल्स को रक्त वाहिनियों के जरिए होने वाली ऑक्सीजन की आपूर्ति में भी रुकावट आ जाती है। इससे ग्लुकोमा, मोतियाबिंद और अंधेपन का खतरा उत्पन्न हो जाता है। इसलिए समय-समय पर आंखों की जांच कराते रहना चाहिए।

## स्नायु तंत्र

हाई ब्लड शुगर से पूरे शरीर में रक्त वाहिनियों पर विपरीत असर पड़ता है। दिल और पाचन तंत्र भी इससे अछूते नहीं रहते। स्नायु तंत्र कमजोर होने पर शरीर के किसी भी अंग तक पोषक तत्व और ऑक्सीजन की सप्लाई ठीक से नहीं हो पाती, और कई बार तो ऐसा होता है कि रोगी में इस समस्या के लक्षण दिखाई नहीं देते, जो खतरनाक है। हाथ पैर सुन्न हो जाना, अकड़ जाना और तेज दर्द उठना इसके मुख्य लक्षण हैं। यही नहीं, हड्डियों और जोड़ों की ओस्टियोपोरोसिस और ओस्टियो अर्थराइटिस जैसी बीमारियां भी हो जाती हैं। कुल मिलाकर हाई ब्लड शुगर से स्नायु



# बीमारियों का घर है मैदे की ब्रैड

**कुछ** लोगों के घर में तो ब्रैड के बिना नाश्ता ही नहीं होता। आज हम आपको बता दें कि ब्रैड में बहुत से ऐसे तत्व शामिल होते हैं जो सेहत के लिए काफी हानिकारक होते है। मैदे से बनी वाईट ब्रैड के सैंडविच, ब्रैड-जैम हो या फिर ब्रैड-मक्खन यह सब आपकी सेहत को बहुत नुकसान पहुंचा सकती है। आइए, हम आपको ब्रैड खाने से होने वाले नुकसानों के बारे में बताते है

**पोषक तत्व:** मैदे से बनी ब्रैड हमारी सेहत के लिए अच्छी नहीं होती क्योंकि इसमें पोषक तत्व बहुत ही कम होते हैं। इसमें न तो किसी तपह का प्रोटीन होता है न तो विटामिन। इसकी बजाए अगर आप ब्राउन यानि आटे से बनी ब्रैड खाएंगे तो आपकी सेहत को फायगा होगा।

**कम नमक वाली ब्रैड खाएं:** हमे हमेशा कम नमक वाली ब्रैड ही खानी ताहिए क्योंकि इसमें नमक की मात्रा ज्यादा होने की वजय से शरीर में सोडियम की मात्रा के संतुलन पर असर पड़ता है।





वाइट ब्रैड हमारे शरीर के लिए बहुत हानिकारक होती है इसलिए डाइटिशिन और डाक्टर ब्राउन ब्रैड खाने की सलाह देते हैं।

**मोटापा** : वाइट ब्रैड में नमक और चीनी की मात्रा ज्यादा होने की वजह से शरीर में मोटापा आता है। इसे ब्लड शुगर लेवल तेजी से कम होने के कारण हमें फिर से भूख लगती है और हम ब्रैड फिर खाते हैं। ज्यादा एनर्जी लेने के कारण हम मोटे होते जाते हैं।

**कैंसर का खतरा**: वाइट ब्रैड पूरी तरह से मैदा से बनती है। इसे रिफाइंड फूड से बनाया जाता है जिससे कैंसर का खतरा बढ़ता है।

**ब्रैड का ग्लूटिन खतरनाक है**: वाइट ब्रैड में ग्लूटिन नामक प्रोटीन बहुत ज्यादा मात्रा में पाई जाती है। इस प्रोटीन में ग्लू की तरह की प्रापर्टीज पाई जाती है इसीलिए इसे ग्लूटीन कहते हैं। ग्लूटिन हमारी डाइजेस्टिव ट्रैक्ट की वाल को डैमेज करता है जिससे पेन और कांस्टीपेशन होता है। ग्लूटिन की सेंसिटीविटी ब्रेन से जुड़ी बीमारियों स्क्रीजोफ्रेनिया और सेरेबेलर अटैक्सिया का कारण होता है।

# पित्त की पथरी के लिए असरकारी घरेलू उपचार




पित्त में कोलेस्ट्रॉल और बिलरुबिन की मात्रा ज्यादा हो जाने पर पथरी का निर्माण होता है। पित्त की पथरी को घरेलू उपचार के माध्यम से ठीक किया जा सकता है। पित्त में पथरी का बनना एक भयंकर पीड़ादायक रोग है। पित्त में कोलेस्टॉल और पिग्मेन्ट नामक दो तरह की बनती है। लेकिन लगभग अस्सी प्रतिशत पथरी कोलेस्ट्रॉल से ही बनती हैं। पित्त लिवर में बनता है और इसका भंडारण गॉल ब्लैडर में होता है। यह पित्त फैट युक्त भोजन को पचाने में मदद करता है। लेकिन जब पित्त में कोलेस्ट्रॉल और बिलरुबिन की मात्रा ज्यादा हो जाती है, तो पथरी का निर्माण होता है। पित्त की पथरी को घरेलू उपचार के माध्यम से ठीक किया जा सकता है।

## सेब और सेब साइडर सिरका

बेशक, सेब डॉक्टर को दूर रखने में मदद करता है। इसलिए एक गिलास सेब के रस में सेब साइडर सिरका का एक बड़ा चम्मच मिलाकर नियमित रूप दिन में एक बार सेवन करना चाहिए। सेब में मेलिक एसिड होता है जो पित्त पथरी नरमी में सहायता करता है और सिरका पत्थर के कारण कोलेस्ट्रॉल बनाने से लीवर को रोकता है। यह एक पित्त की पथरी के हमले के दौरान दर्द को कम करने एक त्वरित उपाय है।

## नाशपती

**नाशपती** पित्त की पथरी के लिए बहुत फायदेमंद होती है। अमेरिका मेडिकल एसोसिएशन के अनसार, लगभग 80 प्रतिशत पित्त में पथरी कोलेस्ट्रॉल के बनने से होती है। नाशपाती में पेक्टिन होता है इन पत्थरों को आसानी से फ्लश आउट के लिए कोलेस्ट्रॉल से भरे पित्त पथरी को बांधता है।



## वाइन

शोधकर्ताओं ने पाया कि 1/2 गिलास वाइन पित्त की पथरी के हमलों को लगभग चालीस प्रतिशत तक कम कर सकता है। इसलिए वाइन के एक गिलास को अपनी दिनचर्या में शमिल करें इससे ज्यादा नहीं।

## साबुत अनाज

पानी में घुलनशील फाइबर युक्त खाद्य पदार्थो जैसे साबुत अनाज और अन्य अनाज को अपने आहार में भरपूर मात्रा में शामिल करें। फाइबर कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड के स्तर को कम कर स्वाभाविक रूप से पथरी को बनने से रोकने में मदद करते हैं।

**चुकंदर, खीरा और गाजर का रस**: पित्ताशय की थैली को साफ और मजबूत करने और लीवर की सफाई के लिए चुकंदर का रस, ककड़ी का रस और गाजर के रस को बराबर मात्रा में मिलाये। यह संयोजन आपको पेट और खून की सफाई में भी मदद करता है। खीरे में मौजूद उच्च पानी सामग्री और गाजर में विटामिन सी की उच्च मात्रा मूत्राशय से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालती है।

**सिंहपर्णी**: सिंहपर्णी के पत्ते लीवर का समर्थन, मूत्राशय के कामकाज में सहायता, पित्त उत्सर्जन को बढ़ावा, और विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करते हैं। एक कप पानी में एक बड़ा चम्मच सिंहपर्णी के पत्तों को मिलाये। फिर इसे अवशोषित करने के लिये पांच मिनट के लिए रख दें। अब इसमें एक चम्मच शहद मिलाये। मधुमेह रोगियों को इस उपचार से बचना चाहिए।

**पुदीना**: पुदीने में टेरपेन नामक प्राकृतिक तत्व होता है, जो पित्त से पथरी को घुलाने के लिए जाना जाता है। यह पित्त प्रवाह और अन्य पाचक रस को उत्तेजित करता है, इसलिए यह पाचन में भी सहायक होता है। पित्त की पथरी के लिए घरेलू उपाय के रूप में पुदीने की चाय का इस्तेमाल करें।

## रेसिपी

### किट-कैट सन्डे



**सामग्री**

- चॉकलेट फज सॉस के लिए (मात्रा 8 टेबल-स्पून)
- 1/2 कप कटी हुई डार्क चॉकलेट
- 1 1/2 टेबल-स्पून मक्खन
- 1/2 टी-स्पून शक्कर
- 1/2 टेबल-स्पून शहद
- 1/2 टी-स्पून वैनिला ऐसेन्स
- 8 टेबल-स्पून दरदरे क्रश किए हुए किट कैट फिंगरस
- 2 स्कूप वैनिला आइस क्रीम

**विधि**

मक्खन, शक्कर और 1/4 कप पानी को एक चौड़े नॉन-स्टिक पॅन में मिलाकर, मध्यम आंच पर 2-3 मिनट या शक्कर के पुरी तरह से पिघलने तक, लगातार हिलाते हुए पका लें। चॉकलेट और शहद डालकर अच्छी तरह मिला लें और मध्यम आंच पर और 1-2 मिनट या चॉकलेट के पुरी तरह से पिघलने तक, लगातार हिलाते हुए पका लें। ढंडा करने के लिए 5-7 मिनट के लिए एक तरफ रख दें। वैनिला ऐसेन्स् डालकर अच्छी तरह मिला लें। एक तरफ रख दें। परोसने के ग्लास में 2 टेबल-स्पून क्रश किए हुए किट कैट फिंगरस् डालें। टेबल-स्पून चॉकलेट फज सॉस डालकर, इसके उपर 1 स्कूप वैनिला आईस क्रीम रखें। दुबारा 2 टेबल-स्पून चॉकलेट फज सॉस डालकर, 2 टेबल-स्पून क्रश किए हुए किट कैट फिंगरस् छिड़के। प्रत्येक ग्लास को कुछ जेम्स् और किट कैट फंगर से सजाकर तुरंत परोसें।

### गोलपापड़ी



**सामग्री**

- 1 कप गेहूं का आटा
- 1 टी-स्पून खस-खस
- 5 टेबल-स्पून घी
- 3/4 कप कसा हुआ गुड़
- 1/4 टी-स्पून इलायची पाउडर
- 1 टी-स्पून कसा हुआ सूखा नारियल , ऐच्छिक
- थोड़ी बादाम की कतरन
- थोड़ी पिस्ता की कतनर (ऐच्छिक)

**विधि**

एक 150 मिमी व्यास की चुपड़ी हुई थाली में खस-खस छिड़कर एक तरफ रख दें। एक नॉन-स्टिक कढ़ाई में घी गरम करें, गेहूं का आटा डालकर धिमी आंच पर, लगातार हिलाते हुए, 15 से 17 मिनट के लिए या आटे के सुनहरे होने तक भुन लें। आंच से हढाकर, गुड़, इलायची पाउडर और नारियल डालें। अच्छी तरह मिला लें। जब गुड़ पिघल जाए और मिश्रण हल्का गरम हो, इसे चुपड़ी हुई थाली में (खस-खस के साथ) डालकर एक छोटी कटोरी का प्रयोग कर अच्छी तरह फैला लें। गुनगुना होने पर ही ईंट आकार के टुकड़ो में काटकर बादाम की कतरन से सजाकर ठंडा करने के लिए एक तरफ रख दें। टुकड़ो को निकालकर हवा बन्द डब्बे में रखें। सुलभ सुझाव: अगर मिश्रण सख्त हो जाए, तो आप इसमें गुड़ के साथ 1 टेबल-स्पून दूध भी मिला सकते हैं।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 • कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम • फोन : 0361-2960054 (संपादकीय) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, (सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)